www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
2 फरवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण



ऋषभ पंत बोले, कार दुर्घटना के बाद मुझे पैर गंवाने का डर था

SEASON SPECIAL
SALE

A precious selection of shawls, stoles and scarves at wholesale prices

#shawls #stoles #scarves #saris

ahujasons

SHAWLS | STOLES | SCARVES | SARIS

Karol Bagh | Khan Market | South Extn. Part II
DLF Mall of India, Noida | DLF Promenade, Vasant Kunj

www.ahujasons.com

HH-2

NEW LAUNCH

MOTHER DAIRY®

maa jaisi

पेश है Pure *Buffalo Milk*

ताकत खूब, खुशियाँ भरपूर

प्रोटीन से भरपूर

एक्स्ट्रा गाढ़ा

स्वाद मज़ेदार

#Images for visual depiction only.
For Distributor and MDP enquiry please call at 18001801018

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
2 फरवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 28, 18 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

"गरीब, महिलाओं, युवा, किसानों की आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए काम कर रहे हैं।
–निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री

अंतरिम बजट 2024-25: वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकलुभावन घोषणाएं नहीं कीं, दस वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं

खुद पर भरोसे का बजट

■ सौरभ शुक्ल

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश किया। उनके बजट भाषण में केंद्र सरकार की योजनाओं पर भरोसे की झलक साफ दिखी। वित्तमंत्री ने कोई लोकलुभावन घोषणाएं तो नहीं की, लेकिन बीते 10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख जरूर किया। साथ ही उन्होंने आगामी वर्षों में सुधारों को आगे बढ़ाने का रोडमैप पेश किया।

सीतारमण ने अपने भाषण में कहा, सरकार जुलाई में अपने बजट में भारत को विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। उन्होंने बताया कि 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव' के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों के साथ आम सहमति बनाएगी।

लंबी अवधि के विकास पर जोर : वित्त मंत्री सीतारमण ने अंतरिम बजट में चुनिंदा क्षेत्रों को राहत देने का काम किया। इन ऐलानों से उनका जोर लंबी अवधि के विकास पर ही रहा है।

स्टार्टअप को कर छूट के संकेत: सरकार ने अनुसंधान को बढ़ावा देने का ऐलान किया। सोलर पैनल लगाने पर इंसेंटिव का प्रावधान होगा। मध्यम वर्ग को घर देने के अलावा स्टार्टअप पर भी टैक्स छूट मिलेगी, इस बात के भी संकेत बजट से मिलते हैं।

कर विवादों पर राहत का प्रस्ताव: वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर भले राहत नहीं दी, लेकिन 2009-10 तक के 25 हजार और वित्तवर्ष 2010-11 से 2014-15 तक के 10 हजार की छोटी राशि की पुरानी कर मांग से जुड़े विवादों से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया।

हर चुनौती दूर की : एक घंटे से कम समय के भाषण में सीतारमण ने 10 वर्षों में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से निकलकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। उन्होंने कहा, 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज से दूर किया जा चुका है।

अंतरिक्ष क्षेत्र का बजट दो हजार करोड़ रुपये बढ़ा

अंतरिक्ष क्षेत्र के बजट में दो हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अंतरिक्ष विभाग को 13,042.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वर्ष 2023-24 में कुल 11,070.07 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था। स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए 10,087 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर परमाणु ऊर्जा विभाग के बजट में कटौती की गई है।

बिहार और झारखंड के विकास पर खास ध्यान

बजट पेश करने के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सरकार का फोकस हमेशा से गरीब, किसान, नारी और युवा पर रहा है। बजट भी उसी मुहिम को आगे बढ़ाने वाला है। उनके मुताबिक देश में अगले दौर के आर्थिक सुधार पूर्वी हिस्से से होकर गुजरेंगे। इनमें आर्थिक योजनाओं को लागू करने का काम किया जाएगा। उन्होंने खास तौर पर बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल का नाम लेते हुए इन राज्यों की तरफ खास ध्यान दिए जाने की बात कही।

पूंजीगत व्यय 11% बढ़ाने का प्रस्ताव: सीतारमण ने 2024-25 का लेखानुदान पेश करते हुए बताया कि सरकार आर्थिक वृद्धि को और गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11% बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव कर रही है। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8% कर दिया है। अगले वित्त वर्ष में यह 5.1% रहने का अनुमान है।

47.66 लाख करोड़ व्यय का बजट पेश किया गया

30.03 लाख करोड़ रुपये की प्राप्तियों का अनुमान

- सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को 5.1 फीसदी पर लाने का लक्ष्य रखा
- जुलाई के बजट में विकसित देश के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करने का इरादा जताया

सरकार श्वेत पत्र लाएगी

वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा, सरकार वर्ष 2014 से पहले की आर्थिक स्थिति के बारे में श्वेत पत्र लाएगी। इससे ये पता चल सकेगा कि वर्ष 2014 तक हम कहां थे और अब कहां हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इसे अगले सप्ताह संसद में रखा जा सकता है।

रक्षा बजट में बढ़ोतरी

अंतरिम बजट 2024-25 में रक्षा क्षेत्र के लिए 6.21 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जबकि पिछले साल यह आवंटन 5.94 लाख करोड़ रुपये था। इसके साथ ही सरकार ने सैन्य क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की।

शेयर बाजार में मामूली गिरावट

शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू बाजार अंतरिम बजट पेश किए जाते समय अस्थिर हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 106.81 अंक यानी 0.15 प्रतिशत गिरकर 71,645.30 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 28.25 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 21,697.45 अंक पर आ गया।

"अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल था। बड़े-बड़े और खोखले दावे करना सरकार की आदत है। बजट में पिछले वर्ष का ब्योरा और आने वाले साल का खाका होता है, पर इस बजट में दोनों में से कुछ भी नहीं है।
मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

अंदर

दिल्ली-एनसीआर को रफ्तार पर जोर P03

युवा दमखम दिखा सकेंगे P06

गरीब
पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए अंतरिम बजट में 20.5 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि 10 साल के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

युवा
तकनीकी क्षेत्र में शोध के लिए एक लाख करोड़ का फंड दिया जाएगा, इससे शोधकर्ताओं को 50 साल तक ब्याज मुक्त कर्ज मिलेगा।

अन्नदाता
फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश बढ़ेगा। तिलहन का उत्पादन बढ़ाकर खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति बनेगी।

नारी
आयुष्मान भारत योजना के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी आएंगी। वहीं, केंद्र सरकार ने बजट में 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है।

'ज्ञान' का मंत्र : पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम में विकसित भारत के लिए 'ज्ञान' का मंत्र दिया था। इसमें जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी सशक्तीकरण पर ध्यान देने को कहा था। बजट में इसका ध्यान रखा गया।

प्रमुख पांच

1 आयकर दरों में बदलाव नहीं
वित्त मंत्री ने आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं, घरेलू कंपनियों के लिए कॉरपोरेट आयकर दर 30 फीसदी से घटाकर 22 फीसदी की गई है।

2 सेहत पर जोर
मौजूदा अस्पताल अवसंरचना का इस्तेमाल कर सरकार अधिक मेडिकल कॉलेज खोलेगी। इस विषय पर अध्ययन के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा।

3 मुफ्त बिजली
प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत सोलर पैनल के जरिये एक करोड़ परिवारों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। इससे सालाना हर परिवार के 18 हजार रुपये तक बचेंगे।

4 दो करोड़ घर
प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में पांच वर्षों में दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। झुग्गी, अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालों को घर खरीदने में मदद के लिए योजना लाई जाएगी।

5 नए रेल गलियारे
तीन आर्थिक रेल गलियारे बनेंगे। इनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट, बंदरगाह संपर्क और यातायात गलियारा शामिल हैं। 40 हजार बोगियां वंदे भारत के तहत अपग्रेड की जाएंगी।

झारखंड में चंपई सोरेन आज सीएम पद की शपथ लेंगे

रांची, विशेष संवाददाता। झारखंड में चंपई सोरेन शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ दो और विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार देर रात उन्हें सरकार बनाने का निमंत्रण दिया। उन्हें दस दिनों के भीतर बहुमत साबित करने को कहा गया है।

इससे पहले महागठबंधन विधायक दल के नेता चंपई सोरेन के साथ पांच विधायकों ने गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। राजभवन के बाहर चंपई सोरेन ने पत्रकारों से कहा, उन्होंने राज्यपाल को 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। हेमंत सोरेन भी फ्लोर टेस्ट में गिने जाएंगे।

'केंद्र सरकार तानाशाह' : वहीं, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार को तानाशाह सरकार बताया और झारखंड की सरकार को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन के साथ मजबूती से होने की बात कही।

विधायक लौटे P11

सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

धनशोधन रोकथाम अधिनियम अदालत ने ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन मामले में ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की एक विशेष पीठ का गठन किया।

केजरीवाल ईडी की पूछताछ में शामिल नहीं होंगे

नई दिल्ली। दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाले में ईडी के नोटिस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को पूछताछ में शामिल नहीं होंगे।

आप ने अभी तक आधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं दी है, लेकिन सूत्रों की माने तो ईडी ने अभी तक पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया है। पार्टी इस नोटिस को गैरकानूनी मानती है, इसलिए केजरीवाल पूछताछ में नहीं जाने का मन बना चुके हैं। उधर, शुक्रवार को आप का चंडीगढ़ मेयर चुनाव में गड़बड़ी के विरोध में प्रदर्शन है। केजरीवाल प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। यह भी बड़ी वजह है कि उनका शुक्रवार को पूछताछ में नहीं जाना लगभग तय है।

ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली/प्रयागराज, हिटी। ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा कराने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने को लेकर मस्जिद कमेटी ने गुरुवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। दूसरी ओर, मंदिर पक्ष के शैलेंद्र पाठक ने कैविएट दाखिल कर उनका पक्ष भी सुनने की मांग की है।

इससे पूर्व ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन संभाल रही अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने शीर्ष अदालत में बुधवार रात दो बजे अर्जी दाखिल कर व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ पर रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी को राहत देने से इनकार करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने अर्जी में कहा, निचली अदालत के आदेश की आड़ में प्रशासन जल्दबाजी में है, जबकि कोर्ट ने प्रशासन को जरूरी इंतजाम करने के लिए एक सप्ताह का वक्त दिया था। इससे पूर्व बुधवार रात साढ़े 10 बजे व्यास जी के तहखाने को खोला गया और पूजा की गई। व्यास परिवार के सदस्य जितेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि पूजा लगभग 40 मिनट चली। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

- मुस्लिम पक्ष ने पूजा पर रोक लगाने की मांग की
- शीर्ष कोर्ट ने राहत देने से कर दिया था इनकार

पूजा शुरू P12

विश्वास | प्रधानमंत्री ने अंतरिम बजट को समावेशी और नवोन्वेषी बताया, युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी कहा

यह बजट भारत के मजबूत भविष्य की गारंटी : मोदी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को समावेशी तथा नवोन्वेषी बताते हुए कहा कि यह 2047 के विकसित भारत की गारंटी है। उन्होंने कहा, इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ, युवा, गरीब, महिला और किसान, सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है।

अंतरिम बजट के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान एवं नवोन्वेषण पर एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने की घोषणा की गई है। बजट में स्टार्टअप्स को मिलने वाली टैक्स छूट के विस्तार का ऐलान भी किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में राजकोषीय घाटे को काबू में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।

2,449 करोड़ रुपये पर्यटन मंत्रालय को आवंटित

1,692 करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2023-24 में मिले थे

लक्षद्वीप में पर्यटन को रफ्तार देने की तैयारी

सरकार लक्षद्वीप को बड़े पैमाने पर पर्यटन के लिए विकसित करने की तैयारी में है। इसके लिए पोत संपर्क, पर्यटन के बुनियादी ढांचे, सुविधाओं के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा। वित्त मंत्री ने द्वीप समूह क्षेत्रों के विकास को कई प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की।

ब्योरा P06

किसानों, करदाताओं का जिक्र

बजट में जिस आयकर माफी योजना की घोषणा की गई है, उससे देशभर में मध्यम वर्ग के करीब एक करोड़ लोगों को राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछली सरकारों ने सामान्य लोगों के सिर पर दशकों से ये बहुत बड़ी तलवार लटका कर रखी थी। उन्होंने कहा, इस बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं।

अर्थशास्त्रियों की भाषा में कहें तो यह एक प्रकार से स्वीट स्पॉट है। इससे 21वीं सदी के आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके मिलेंगे।

आरामदायक होगा रेल सफर : मोदी ने कहा, बजट में वंदे भारत स्टैंडर्ड की 40 हजार आधुनिक बोगियां बनाकर, उन्हें सामान्य यात्री ट्रेनों में लगाने का ऐलान किया गया है। इससे अलग-अलग रेल मार्गों पर करोड़ों यात्रियों में आरामदायक यात्रा का अनुभव बढ़ेगा।

हर बार नया लक्ष्य तय करते हैं : प्रधानमंत्री ने कहा कि हम एक बड़ा लक्ष्य तय करते हैं, उसे प्राप्त करते हैं और फिर उससे भी बड़ा लक्ष्य अपने लिए तय करते हैं। गरीबों के लिए हमने चार करोड़ से अधिक घर बनाए। अब हमने दो करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा है।

समावेशी विकास सरकार का लक्ष्य : सीतारमण

वित्त मंत्री ने कांथा कशीदाकारी साड़ी पहनकर बजट पेश किया, कहा-चार जातियों की जरूरतों को पूरा करना प्राथमिकता

भरोसा

■ सुहेल हामिद

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की प्रमुख चार जातियां गरीब, महिला, युवा, और किसान की आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार विकास की सोच के साथ काम कर रही है जो सभी के लिए हो, सर्वव्यापी हो और सर्व-समावेशी हो। वित्तमंत्री ने कहा कि यह सभी स्तर पर सभी जातियों और लोगों के लिए है। हम 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें लोगों की क्षमता को उन्नत करने और उन्हें सशक्त बनाने की जरूरत है। इसके लिए देश की चार प्रमुख जातियों के उत्थान पर जोर दिया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने लोकसभा चुनाव से पहले अपने बजट भाषण में कहा, कि देश तभी तरक्की करता है, जब ये तरक्की करते हैं। इन चारों को उनकी जिंदगी बेहतर बनाने के प्रयासों में सरकार का समर्थन चाहिए और मिलता है। उनके सशक्तीकरण और भलाई से देश आगे बढ़ेगा। पहले सामाजिक न्याय ज्यादातर 'राजनीतिक नारा' होता था। इस सरकार के लिए सामाजिक न्याय शासन का प्रभावी और आवश्यक मॉडल है।

नए संसद भवन में पहला बजट पेश

सरकार जुलाई में पूर्ण बजट पेश कर विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप पेश करेगी। पश्चिम बंगाल की पारंपारिक फिरोजी रंग की कांथा कशीदाकारी साड़ी पहने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण खत्म करने से कुछ मिनट पहले, जब यह उम्मीद जताई तो पूरा सदन मेज की थपथपाहट से गूंज उठा। इसके साथ नई संसद में पहला बजट पेश कर सीतारमण इतिहास रचने में सफल रहीं।

सबसे छोटा भाषण

वित्त मंत्री लाल रंग के फोल्डर बही-खाते में टैबलेट लेकर आई थी। पूरा बजट भाषण टैब पर पढ़ा। 2021 में सीतारमण ने पहली बार संसद में पेपरलेस बजट पेश किया था। 2020 में उन्होंने इतिहास में सबसे लंबा दो घंटे 42 मिनट का बजट भाषण पढ़ा था। इस बार उन्होंने 56 मिनट में भाषण समाप्त किया, जो उनका अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण है।

अंतरिम बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कीं। इस दौरान राष्ट्रपति ने वित्त मंत्री को चम्मच से दही-शक्कर खिलाया और केंद्रीय बजट प्रस्तुत करने के लिए शुभकामनाएं दीं। ● प्रेट

56 मिनट का दिया अपना सबसे छोटा भाषण वित्त मंत्री सीतारमण ने

50 फीसदी तक बढ़ी लोगों की औसत वास्तविक आय

42 बार मोदी और टैक्स शब्द का उल्लेख

सीतारमण ने अंग्रेजी में दिए अपने भाषण में पांच बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों का जिक्र किया। वित्त मंत्री ने 42 बार मोदी और टैक्स शब्द का इस्तेमाल किया, पर आम करदाताओं को कोई राहत देने से परहेज किया। हालांकि, भाषण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री, नीति, विकास और सुधार का कई बार जिक्र किया।

जयश्री राम का उद्घोष

प्रधानमंत्री मोदी कार्यवाही शुरू होने से पांच मिनट पहले सदन में दाखिल हुए। उनके पहुंचने पर सत्तापक्ष के सदस्यों ने तालियां बजाते हुए भारत मां की जय और जय श्रीराम के नारे लगाए। पीएम ने पहली पंक्ति में अपनी सीट पर पहुंचकर सभी सदस्यों का अभिवादन स्वीकार किया।

निवेश मजबूत है। अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लोग बेहतर जीवन जी रहे हैं और कमाई कर रहे हैं, भविष्य के लिए उनकी आकांक्षाएं अधिक हैं। लोगों की औसत वास्तविक आय में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। –निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

उपलब्धियों का जिक्र

अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र किया। इससे पहले लगातार छठी बार बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री तय वक्त से दस मिनट पहले ही सदन में पहुंच गई थी। वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को लोकसभा चुनावों में जनता एक बार फिर शानदार जनादेश देगी।

सपने साकार होंगे

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करेगी और अगले पांच साल अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने अमृत काल की रणनीतिक रूपरेखा पेश करते हुए कहा 2047 तक भारत विकसित होगा और हर नागरिक के सपने साकार होंगे।

हर रुपये में 63 पैसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से मिलेंगे

सरकार के खजाने में आने वाले प्रत्येक एक रुपये में 63 पैसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से आएंगे। इसके अलावा 28 पैसे कर्ज और अन्य देयताओं, सात पैसे विनिवेश जैसे गैर-कर स्रोतों से और एक पैसा गैर कर्ज पूंजी प्राप्तियों से आएंगे।

रुपया कहां से आता है



रुपया जाता कहां है



प्रत्यक्ष कर में हिस्सा

कुल मिलाकर 36 पैसे प्रत्यक्ष कर से आएंगे। इसमें कॉरपोरेट-व्यक्तिगत आय कर शामिल है। आयकर से 19 पैसे, कॉरपोरेट से 17 पैसे आएंगे।

अप्रत्यक्ष कर में प्राप्ति

अप्रत्यक्ष करों में जीएसटी से 18 पैसे आएंगे। पांच पैसे उत्पाद शुल्क, चार पैसे सीमा शुल्क एवं उधार व अन्य देनदारियों से संग्रह 28 पैसे प्रति रुपया होगा।

समृद्धि के नए अवसर खुलेंगे : शाह

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंतरिम बजट की प्रशंसा करते हुए इसे प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए रोडमैप तैयार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए समर्पित मोदी सरकार का यह बजट देश के किसान भाइयों के लिए खुशहाली व समृद्धि के नए अवसर लेकर आया है।

विकसित भारत का निर्माण हो रहा : अमित शाह ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, अंतरिम बजट बीते 10 वर्षों में भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है। शाह ने कहा, अमृतकाल के दौरान इन्हीं उपलब्धियों की नींव पर विकसित भारत का निर्माण किया जा रहा है। मोदी के आत्मनिर्भर भारत से प्रेरित इस बजट में एक तरफ तिलहनों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया गया है, तो दूसरी तरफ नैनो-डीएपी के प्रयोग व डेयरी विकास पर भी ध्यान दिया गया है। बजट में मॉडर्न स्टोरेज और प्रभावकारी सप्लाई चेन स्थापित करने पर लिए गए अहम फैसलों से हमारे अन्नदाता आर्थिक तौर पर सशक्त एवं समृद्ध बन सकेंगे।

सराहना की : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखपति दीदी के लक्ष्य को बढ़ाकर तीन करोड़ करने के कदम की सराहना की। लक्षद्वीप सहित अन्य द्वीपों में एयर कनेक्टिविटी शुरू कर इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर किए गए प्रावधानों को सराहा। अमित शाह ने कहा कि अंतरिम बजट-2024 सहकारी संघवाद के मूल्यों को मजबूत करते हुए देश को महानता के रास्ते पर ले जाने वाला है।

पर्यटन क्षेत्र को नई ऊर्जा देने का काम करेगा बजट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट पर्यटन के क्षेत्र को नई ऊर्जा देने का काम करेगा। अंतरिम बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए राज्यों को प्रोत्साहन और लंबे समय तक ब्याजमुक्त लोन दिया जाएगा। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

दूरदर्शी बजट: नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अंतरिम बजट को रामराज्य के विजन और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का बजट बताया। उन्होंने कहा है कि यह बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ाएगा। बजट एक गरीब कल्याणकारी और देश के विकास के प्रति समर्पित दूरदर्शी बजट है। इस बजट में मातृशक्ति का दर्शन है, तो रामराज्य का विजन भी है। इस अंतरिम बजट में गरीब कल्याण, किसान का उत्थान, मातृशक्ति का सम्मान और नौजवानों की मुस्कान समाहित है।

गरीब-मध्यम वर्ग की अनदेखी: कांग्रेस

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कांग्रेस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वर्ष 2014 से पहले की अर्थव्यवस्था के बारे में श्वेतपत्र लाने के ऐलान का स्वागत किया है। पार्टी का कहना है कि इसका कोई भय नहीं है। सरकार जब संसद में श्वेतपत्र पेश करेगी, वह उसका जवाब देगी। इस बीच, पार्टी ने सरकार पर अमीरों की सरकार होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले दस वर्षों में आय में असमानता काफी बढ़ गई है।

देश के पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि यह अमीरों की, अमीरों के द्वारा और अमीरों के लिए सरकार है। उन्होंने कहा कि दस फीसदी लोगों के पास देश की 60 फीसदी संपत्ति है। सरकार का गरीब और मध्यम वर्ग की तरफ कोई ध्यान नहीं है। यही वजह है कि पिछले दस वर्षों में गरीब, और गरीब हुआ है। इसके साथ उन्होंने बजट में पेश किए गए आंकड़ों पर भी सवाल उठाए।

वित्त मंत्री ने जीडीपी का जिक्र किया, पर प्रति व्यक्ति आय के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। उन्हें बताना चाहिए कि जब हमारी अर्थव्यवस्था सात फीसदी की दर से बढ़ रही है, तो प्रति व्यक्ति आय में सिर्फ दो प्रतिशत की वृद्धि क्यों हुई। –पी चिदंबरम, पूर्व वित्त मंत्री

बजट भाषण बहुत छोटा और निराशाजनक था। बहुत अधिक बयानबाजी थी। कई मुद्दों को छुआ नहीं गया। बेरोजगारी जैसे मुद्दे का उल्लेख ही नहीं किया गया। –शशि थरूर, कांग्रेस नेता

वित्त मंत्री ने अपनी वाहवाही की है और 10 साल पहले की सरकार को कमतर दिखाने की कोशिश की है। सदन में चर्चा के दौरान इसका विस्तृत जवाब दिया जाएगा। –मनीष तिवारी, कांग्रेस नेता

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि वित्त मंत्री ने जीडीपी का जिक्र किया, पर उन्होंने प्रति व्यक्ति आय के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। वित्त मंत्री को बताना चाहिए कि जब हमारी अर्थव्यवस्था सात फीसदी की दर से बढ़ रही है, तो प्रति व्यक्ति आय में सिर्फ दो प्रतिशत की वृद्धि क्यों हुई। इसी तरह सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की बात करती है, पर ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की रैंक या बच्चों में बड़े पैमाने पर कुपोषण के कारण विकास में बाधा और कमजोरी के उच्च अनुपात के बारे में बात नहीं करती।

बुनियादी ढांचे और नवाचार पर जोर दिया गया: अनुराग

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बजट में लोगों के इर्द-गिर्द केंद्रित समावेशी विकास के लिए मोदी के अटूट प्रयास को सटीक रूप से दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि यह संतुलित है और बुनियादी ढांचे तथा नवाचार पर जोर देता है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया अंतरिम बजट एक संपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है और 'आत्मनिर्भर विकसित भारत' के लिए आधार स्थापित करता है, जिससे महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य सभी हाशिए के समूहों को सक्षम बनाया जा सके।

मेज थपथपा कर बजट भाषण का स्वागत

नई दिल्ली में गुरुवार को नए संसद भवन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया। इस दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपा कर बजट भाषण का स्वागत किया।

तेज आर्थिक परिवर्तन की झलक : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किया गया अंतरिम बजट आत्मविश्वास से लबरेज है। यह बजट भारत के तेज आर्थिक परिवर्तन की झलक पेश करता है। इसमें मजबूत और आत्मनिर्भर विकसित भारत की दृष्टि है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2027 तक बढ़कर 5,000 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा।

राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। सिंह ने कहा, यह अंतरिम बजट है लेकिन यह अंतरिम बजट जो उन्होंने प्रस्तुत किया है वह बहुत उत्साहवर्धक है और आगे के रास्ते के लिए भी उम्मीद जगाता है। उन्होंने कहा, इस बजट से हमें जो संकेत मिले हैं, उससे मुझे विश्वास है कि हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 2027 तक पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा। 2030 तक यह बढ़कर 7,000 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा। वर्ष 2047 के लिए सरकार के रोडमैप के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम उस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। हमें पूरा भरोसा है।



बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है

प्रतिक्रियाएं

बजट में 'एक विकसित भारत, एक आत्मनिर्भर भारत और एक वैश्विक नेता के निर्माण के तीन मुख्य लक्ष्यों को अत्यंत समर्पण और गति के साथ आगे बढ़ाया गया है। –ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

मेरा मानना है कि इस अंतरिम बजट में कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। आने वाले समय में हमें जिस चीज पर ध्यान देने की जरूरत है, उसे इस अंतरिम बजट में शामिल किया गया है।' –अर्जुन मेघवाल, केंद्रीय मंत्री

'वित्त मंत्री ने बजट भाषण में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का दावा तो किया है पर यह स्पष्ट नहीं किया कि इस आंकड़े में संप्रग सरकार के समय के 14 करोड़ गरीब भी शामिल हैं। –सचिन पायलट, कांग्रेस

असली बजट तो जुलाई में आएगा। इस अंतरिम बजट में कोई ऐसी बात नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध हों और देश हर क्षेत्र में तरक्की करे। –फारूख अब्दुल्ला, अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस

अगर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना पड़ रहा है तो करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर कैसे आए? सरकार की बातों में कई अपवाद हैं। यह बजट जमीनी वास्तविकताओं से दूर है। –हरसिमरत कौर बादल, शिरोमणि अकाली दल

अतिथियों के सत्कार और पीएमओ को 1249 करोड़

आवंटन

■ प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के लिए 76.20 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट में मंत्रिपरिषद, कैबिनेट सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय व राजकीय अतिथियों के सत्कार और मनोरंजन पर होने वाले खर्च के लिए 1,248.91 रुपये आवंटित किए गए। वित्त वर्ष 2023-24 में इस मद में 1,803.01 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आवंटन में 1,248.91 करोड़ में से 832.81 करोड़ रुपये मंत्रपरिषद के खर्च के लिए दिए गए हैं। यह प्रावधान कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के वेतन, सत्कार और अन्य भत्तों तथा यात्रा पर व्यय के लिए है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के लिए 76.20 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। कैबिनेट सचिवालय को 70 करोड़ और पीएमओ को 65.30 करोड़ का आवंटन प्रशासनिक व्यय के लिए किया गया है। बजट में सत्कार और मनोरंजन व्यय के लिए चार करोड़ रुपये दिए गए हैं।

आकलन | विशेषज्ञों के अनुसार, केंद्र सरकार का अपनी वर्तमान योजनाओं और नीतियों के भरोसे आगामी आम चुनाव में जीत को लेकर आश्वस्त होना इसकी बड़ी वजह

सरकार ने 2019 जैसी लुभावनी घोषणाओं से परहेज किया

विश्लेषण

■ मदन जैड़ा

नई दिल्ली। एनडीए सरकार में पांच साल पहले भी एक फरवरी 2019 को अंतरिम बजट पेश किया गया था। तब तत्कालीन वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पीएम किसान सम्मान निधि जैसी बड़ी योजना का ऐलान किया।

पांच लाख की आय को पूरी तरह से करमुक्त करने का ऐलान कर सीधे मध्यम वर्ग के तीन करोड़ करदाताओं को राहत दी लेकिन ठीक पांच साल बाद गुरुवार को जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनडीए सरकार का एक और अंतरिम बजट पेश किया तो ऐसी कोई लुभावनी घोषणा बजट में नहीं दिखी। जानकारों का मानना है कि अपनी वर्तमान योजनाओं और नीतियों के भरोसे आगामी आम चुनाव में जीत को लेकर आश्वस्त होना इसकी वजह है।

अंतरिम बजट से पहले अनेक घटनाएं हुई हैं, जो राजनीतिक रूप से एनडीए को फायदा पहुंचा सकती हैं। सबसे पहले तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में जीत मिली। फिर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से सत्ता पक्ष का भी आत्मविश्वास बढ़ा है। इस बीच, 'इंडिया' में पड़ी फूट ने भी एनडीए को और आश्वस्त कर दिया है। 'इंडिया' के प्रमुख कर्ता-धर्ता रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने दल सहित एनडीए के खेमे में आ गए हैं। 'इंडिया' का दूसरा प्रमुख घटक तृणमूल भी अलग होने को है। आम आदमी पार्टी भी अपनी राह चलती दिख रही है।

जानकारों की मानें तो 2019 में ऐसी स्थिति नहीं थी। ऐसे में तब केंद्र ने अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि का ऐलान किया था। इसके तहत छोटे और मझोले किसानों को छह हजार रुपये प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के तौर पर देने की भी घोषणा की थी। तब सरकार इतने दबाव में थी कि कुछ राज्यों में चल रही ऐसी योजनाओं से प्रेरणा लेकर यह योजना शुरू की गई जो कारगर साबित हुई।

आज भी हर साल 11.8 करोड़ किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। तब चुनावों में इस योजना का लाभ भी मिला। तब के अंतरिम बजट में दूसरी लोक लुभावन योजना तीन करोड़ मध्यम वर्ग के करदाताओं को राहत प्रदान करना था। उन्हें पांच लाख तक की कर योग्य आय पर पूरी तरह से कर से छूट दी गई। कर योग्य आय का मतलब सभी प्रकार की छूटें शामिल करने के बाद मानी जाती है।

इस प्रकार डेढ़ लाख के निवेश और हाउस लोन, शिक्षा लोन आदि भी जोड़ लिया जाए तो आयकरदाताओं के एक बड़े वर्ग को इसका लाभ पहुंचा। इतना ही नहीं, आयकर में मानक कटौती को भी 40 हजार से बढ़ाकर तब 50 हजार रुपये किया गया। कुछ अन्य छूटें भी दी गईं। तब कुल मिलाकर आयकरदाताओं को करीब 13,200 करोड़ की सीधी राहत दी गई।

बजट की प्रतियां गुरुवार को ट्रक से संसद भवन लाई गई।

चुनावी रणनीति पहले से ही तैयार

राजनीतिक विश्लेषक अभय कुमार दुबे के अनुसार, पिछले पांच सालों के दौरान एनडीए की मौजूदा राजनीति में 'आर्थिक-राजनीति' अब गौण हो गई है। चुनावी नैया पार लगाने के लिए पहले से ही रणनीति तैयार हो चुकी है तथा उसमें सफलता की पक्की उम्मीद है। ऐसे में सरकार को लगता है कि अब बजट में लोकलुभावन घोषणाएं कोई मायने नहीं रखती हैं। वैसे, भी कई लुभावनी योजनाएं पहले से चल रही हैं। किसान सम्मान के अलावा गरीब कल्याण योजना जिसमें 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन शामिल है।

1.37 लाख करोड़ दूर संचार मंत्रालय को आवंटित

1.68 लाख करोड़ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को दिए

9,652 करोड़ राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के लिए

भले यह बजट अंतरिम है लेकिन इसमें बुनियादी ढांचे, सामाजिक क्षेत्र, कृषि और देश की अर्थव्यवस्था सहित हर क्षेत्र पर ध्यान स्पष्ट है।
–किरेन रिजिजू, पृथ्वी विज्ञान मंत्री

केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में दिल्ली-एनसीआर की रफ्तार और सेहत सुधारने पर पूरा जोर दिया है। यही वजह है कि एनसीआर के शहरों के बीच विकास की योजना बनाने वाले एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के लिए बजट में 55 करोड़ रुपये दिए गए हैं। नमो भारत ट्रेन को दिल्ली-मेरठ के बाद अन्य रूटों पर भी जल्द रफ्तार मिल सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट भाषण में इसका जिक्र भी किया है। वहीं, एम्स समेत तीन बड़े अस्पतालों के बजट में सात सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है...

दिल्ली-एनसीआर की रफ्तार और सेहत सुधारने पर जोर

परिवहन

3596 करोड़ रुपये का बजट एनसीआरटीसी के लिए आवंटित किया जाएगा

- अच्छी कनेक्टिविटी के लिए नमो भारत का गुरुग्राम में रूट बदला जा रहा
- अब अलवर रूट पर काम शुरू होना है

नई दिल्ली, मुख्य संवाददाता। दिल्ली-मेरठ के बाद नमो भारत के दूसरे रूटों को भी रफ्तार मिलेगी। बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसका उल्लेख किया है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) को गत वर्ष की तरह इस बार भी 3596 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दिल्ली-मेरठ रूट के बाद दिल्ली अलवर रूट पर काम शुरू होना है।

बजट भाषण में केंद्र सरकार ने दर्शाया है कि शहरों के बीच आसान सफर के लिए नमो भारत ट्रेन उसकी प्राथमिकता में शामिल है। इससे नमो भारत के दूसरे ट्रैक पर जल्दी काम शुरू होने की उम्मीद है। दिल्ली-मेरठ रूट पर 17 किलोमीटर की दूरी में नमो भारत का संचालन हो रहा है। अगले वर्ष तक सरायकाले खां से मेरठ के बीच नमो भारत दौड़ने लगेगी। एनसीआरटीसी ने इसके साथ दिल्ली-अलवर रूट पर तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए गुरुग्राम में रूट बदला जा रहा है। एयरोसिटी के बाद नमो भारत का संचालन यहां एनएच पर ही होगा। इस ट्रैक को जल्द ही केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

लगातार मिल रहा है धन: नमो भारत ट्रेन सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसे वर्ष 22-23 में 4710 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। 2023-24 और 2024-25 में प्रतिवर्ष 3596 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार काम चल रहा है और भविष्य में दूसरे ट्रैक पर काम शुरू होने पर आवंटन बढ़ सकता है।

एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के लिए 55 करोड़ रुपये

एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के लिए बजट में 55 करोड़ रुपये दिए गए हैं। गत वर्ष एनसीआर प्लानिंग बोर्ड को 65 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे, लेकिन संशोधित बजट में इसे घटाकर 55 करोड़ कर दिया गया। दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन को 5.25 करोड़ रुपये का आवंटन बजट में किया गया है।

गाजियाबाद-जेवर परियोजना तेज होगी

ग्रेटर नोएडा। अंतरिम बजट से गौतमबुद्ध नगर की मेट्रो, नमो भारत ट्रेन और जेवर से चोला, खुर्जा और पलवल तक ट्रेन लाइन परियोजना को गति मिलेगी। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो, सेक्टर-142 मेट्रो रूट के लिए फंड का इंतजाम हो सकेगा। इसी तरह गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक प्रस्तावित नमो भारत ट्रेन में फंड की कमी आड़े नहीं आएगी। नमो भारत ट्रेन गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.2 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर चलेगी। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार करेगी।

साहिबाबाद मेट्रो रूट की उम्मीद जगी

गाजियाबाद। बजट में मेट्रो विस्तार को गति देने के ऐलान के बाद साहिबाबाद से नोएडा सेक्टर-62 तक मेट्रो रूट की उम्मीद भी जगी है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) इस योजना पर लंबे समय से काम कर रहा है। जीडीए मेट्रो की रेड और ब्लू लाइन को जोड़ने में जुटा है। इसे लेकर प्राधिकरण ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से संशोधित डीपीआर तैयार कराई है। जीडीए ने संशोधित डीपीआर शासन को भेज दी है। अब शासन स्तर से इस संशोधित डीपीआर को अप्रूवल दिया जाएगा।

दिल्ली-अलवर के बीच रेल ट्रैक बनेगा

नई दिल्ली। राजधानी में रेलवे से संबंधित विकास कार्यों और सुरक्षा के लिए केंद्र ने बजट में 2577 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का दावा है कि यूपीए-2 सरकार के समय में दिल्ली रेलवे को मिलने वाली राशि का यह 25 गुना से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली डिवीजन को मिले बजट से दिल्ली से अलवर के बीच 104 किलोमीटर का नया ट्रैक बनाया जाएगा। नई दिल्ली से तिलक ब्रिज के बीच 5वीं और छठी लाइन बनाई जाएगी, जिसकी लंबाई 2.65 किलोमीटर है।



केंद्र के तीन अस्पतालों को 737 करोड़ रुपये मिले

स्वास्थ्य

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी दिल्ली में एम्स समेत केंद्र के तीन अस्पतालों के बजट में कुल 737.62 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इनमें एम्स, आरएमएल और बच्चों के अस्पताल कलावती सरन का वित्तीय बजट बढ़ा है, जबकि सफदरजंग अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और इससे जुड़े सुचेता कृपलानी अस्पताल के बजट में मामूली कटौती की गई है।

एम्स को 388 करोड़ रुपये मिले: एम्स दिल्ली के बजट में कुल 388.33 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में एम्स का बजट 4134.68 करोड़ रुपये था, जिसे इस वित्त वर्ष के लिए बढ़ाकर 4523 करोड़ किया गया है। इसके अलावा राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) के बजट में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है।

आरएमएल का बजट 337.82 करोड़ रुपये बढ़ा है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के 1272.18 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर वित्त वर्ष 2024- 25 के लिए 1610 करोड़ रुपये हो गया है। बच्चों के कलावती सरन अस्पताल का बजट 11.47 करोड़ रुपये बढ़ा है। पहले यह 168.53 था, जो अब 180 करोड़ रुपये हो गया है।

इन्हें थोड़ा कम मिला

सफदरजंग अस्पताल के बजट में पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 19.34 करोड़ रुपये की कटौती हुई है। यह पहले के 1853.34 करोड़ के मुकाबले घटकर 1834 करोड़ रुपये रह गया है। लेडी हार्डिंग और सुचेता कृपलानी अस्पताल का बजट 18.15 करोड़ रुपये घटा है। पहले के 768.15 करोड़ रुपये के मुकाबले 750 करोड़ रुपये तय किया गया है।

विशेषज्ञ की राय

डॉ. अश्विनी डालमिया, अध्यक्ष, दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन

स्वास्थ्य समाधान पर और अधिक ध्यान की जरूरत

मोटे तौर पर यह बजट सकारात्मक है। गर्भाशय के कैंसर के टीके लगाना कदम स्वागत योग्य है, लेकिन इस तरह अन्य बीमारियों के वैक्सीन की आवश्यकता, बचाव से जुड़े स्वास्थ्य समाधान पर और जोर देने की जरूरत है।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर इलाज के लिए बजट में कुछ प्रावधान होना चाहिए था। बजट में मात्र 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी यह दिखाती है कि स्वास्थ्य क्षेत्र अभी भी किसी सरकार की प्राथमिकता नहीं है। अमेरिका का स्वास्थ्य बजट कुल घरेलू सकल उत्पाद का 19 प्रतिशत है, जबकि हमारे देश में यह आंकड़ा मात्र दो प्रतिशत से भी कम है।

कोरोना महामारी ने गांवों और शहरी इलाकों के साथ-साथ सरकारी और निजी हेल्थकेयर सिस्टम में क्वालिटी के बड़े फर्क को उजागर किया था। इसलिए सरकारी हेल्थकेयर सिस्टम में बड़े बदलाव करने चाहिए।

आरएमएल के मेडिकल कॉलेज को गति मिलेगी

नई दिल्ली (प्र.सं.)। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के बजट में बढ़ोतरी से अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शुक्ला ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस साल बजट में बढ़ोतरी से मेडिकल कॉलेज की नई इमारत और सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का निर्माण पूरा होगा।

विशेष सुविधाएं होंगी

अस्पताल के नए सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का निर्माण अप्रैल तक होना है। 1500 बिस्तरों के इस ब्लॉक में कैंसर रोगियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, यहां दिल, किडनी, यूरो और न्यूरो के इलाज की भी बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

रोजगार की बात नहीं : कांग्रेस

नई दिल्ली, प्र.सं.। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने बजट को बेहद निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भविष्य के लिए यह अंतिम बजट साबित होगा। बजट में रोजगार देने के लिए एक शब्द तक नहीं होना भाजपा सरकार की विफलता को दर्शाता है।

इग्नू, केवीएस-एसपीए की धनराशि में इजाफा

शिक्षा

नई दिल्ली, प्र.सं.। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) और केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) का बजट बढ़ा दिया गया है।

इग्नू का बजट जो सत्र 2023-24 में 130.80 करोड़ था, वह अब 2024-25 में 140 करोड़ हो गया है। एसपीए का बजट 2023-24 में 178 था, जो 2024-25 में 185.85 करोड़ दिया गया है। केवीएस की राशि में 802 करोड़ का इजाफा किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में केवीएस को 8500 करोड़ रुपये मिले थे, जिसे बढ़ाकर 9307.67 करोड़ किया गया है।

- डीयू के कुलपति बोले, उत्साह बढ़ाने वाला बजट

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इग्नू के कुलपति प्रो. नागेश्वर राव का कहना है कि उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात बढ़ा है। इग्नू सस्ती शिक्षा, उपयोगी पाठ्यक्रम और छात्रों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कोर्स संचालित करता है। नए पाठ्यक्रम खोल भी रहे हैं। सरकार ने कार्यों की समीक्षा करने के बाद ही यह निर्णय लिया है। डीयू के कुलपति और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के निदेशक प्रो. योगेश सिंह का कहना है कि अभी यह अंतरिम बजट है, जो उत्साह बढ़ाने वाला है।

बजट देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है, जिससे भविष्य में रोजगार के अवसर भी तेजी से पैदा होंगे।

डॉ. अनीश शाह, अध्यक्ष, फिक्की

व्यापारी, गृहिणी और मध्य वर्ग के लिए कुछ खास नहीं है, लेकिन सरकार ने अर्थ व्यवस्था को गति देने के लिहाज से कई ऐलान किए हैं।

ईशा त्रिपाठी सुरी, निदेशक, ऑल इंडिया चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री

दिल्ली पुलिस का किराए के भवनों से पीछा छूटेगा

सुरक्षा

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। केंद्रीय बजट 2024-25 में दिल्ली पुलिस को 11,397.98 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 534.34 करोड़ रुपये कम है।

हालांकि, वर्तमान बजट में दिल्ली पुलिस को इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए पिछले संशोधित बजट से ज्यादा धनराशि मिली है। इससे पुलिस को अपने भवन मिलेंगे और किराए के भवनों से उसका कहीं हद तक पीछा छूट जाएगा। बजट 23-24 में दिल्ली पुलिस को इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 270 करोड़ रुपये मिले थे, लेकिन इसे संशोधित कर 188.50 कर दिया गया था। नए वित्तीय वर्ष के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर बजट को बढ़ाकर 220.48 करोड़ रुपये कर दिया गया है। दिल्ली के कई थाने अभी भी या तो किराए के भवनों में चल रहे हैं या सरकारी भूमि पर टीन शेड में चल रहे हैं। सभी पुलिसकर्मियों के लिए आवास की सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पाई है।

पिछले साल इतना मिला

दिल्ली पुलिस के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 11932.03 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। वित्त वर्ष 2024-25 में इसे कम कर 11397.98 कर दिया गया है। ऐसे में इस वित्त वर्ष में 534.34 करोड़ रुपए कम दिए गए हैं।

दावा | वित्त मंत्री आतिशी ने कहा- स्थानीय निकायों के लिए एक भी रुपया आवंटित नहीं हुआ, केंद्र पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप

राजधानी का बजट जस का तस, आम आदमी पार्टी भड़की

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय बजट में दिल्ली सरकार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अलग-अलग मद में कुल 1168 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पिछले बजट की तुलना में इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और वह जस का तस है। सिर्फ प्वॉइंट में बढ़ोतरी की गई है।

दिल्ली सरकार की मांग के बाद भी केंद्रीय करों में भागीदारी फिर नहीं बढ़ाई गई है। एमसीडी के लिए अलग से कोई बजट आवंटित नहीं किया गया है। दिल्ली सरकार की वित्त मंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर दिल्ली के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

दिल्ली सरकार को सबसे अधिक फंड 951 करोड़ रुपये का आवंटन अलग-अलग योजनाओं में केंद्रीय सहायता के रूप में आवंटित किया गया है। इसके अलावा आपदा बचाव फंड के रूप में बीते साल की तरह 15 करोड़ रुपये दिए गए हैं। सिख दंगा पीड़ितों के लिए दो करोड़ रुपये और अतिरिक्त केंद्रीय सहायता योजना के लिए 200 करोड़ रुपये मिले हैं। दिल्ली सरकार को केंद्रीय बजट में कोई आवंटन नहीं किया गया है।

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने फिर दिल्ली के साथ सौतेले व्यवहार की परंपरा जारी रखी है। अगर दिल्ली को उसके अधिकार के तहत केंद्रीय करों में भागीदारी मिले तो दिल्ली को कम से कम 15 हजार करोड़ मिलने चाहिए। केंद्र सरकार दिल्लीवालों के इस अधिकार के तहत पैसा नहीं देती है, इसलिए इस बार दिल्ली को महज एक हजार करोड़ रुपये मिले हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में देशभर की स्थानीय निकायों के लिए अलग से प्रावधान किया है, लेकिन दिल्ली की एमसीडी के लिए एक रुपये का प्रावधान नहीं किया है। यह दिल्ली के प्रति सौतेला व्यवहार है। उन्होंने कहा कि फिर भी हम दिल्लीवालों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पहले और अब किस मद में कितनी धनराशि मिली

मद	2023-24	2024-25
सिख दंगा पीड़ितों	2	2
केंद्रीय करों में हिस्सा	--	--
आपदा बचाव फंड	15	15
केंद्रीय सहायता	951	951
अतिरिक्त सहायता	200	200.01
कुल	1168	1168.01

नोट : धनराशि करोड़ रुपये में है।

रोजगार को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार के केंद्रीय बजट ने साफ कर दिया है कि यह सिर्फ घोषणाओं की सरकार है। वर्ष 2014 में भाजपा ने कहा था कि बहुत हुई बेरोजगारी की मार, अबकी बार मोदी सरकार। तब हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, आज दस साल हो गए कहां हैं वो नौकरियां। क्या दस साल में 20 करोड़ लोगों को नौकरियां मिली हैं। बहुत बड़ी बात हो होगी, अगर एक करोड़ नौकरियां भी दे पाएं। निजी क्षेत्र में नौकरियों को छोड़िये, केंद्र सरकार में दस लाख पद खाली हैं, लेकिन भर्तियां नहीं हो रही हैं। आज फिर केंद्रीय बजट में 55 लाख नौकरी देने की घोषणा की गई है। आतिशी ने कहा कि बजट में महंगाई से लड़ने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

2.55 लाख करोड़ रुपये रेल मंत्रालय को दिए गए

2.13 लाख करोड़ उपभोक्ता मामले खाद्य व वितरण मंत्रालय को

1.77 लाख करोड़ ग्रामीण विकास मंत्रालय को मिले

केंद्रीय बजट एक बार फिर सिर्फ घोषणाओं का बजट जैसा दिखाई देता है। इसमें महंगाई को कम करने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।
–आतिशी, वित्तमंत्री दिल्ली सरकार

नौकरीपेशा बोले, आय पर छूट मिलती तो अच्छा होता

लाइव

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश किया। नौकरीपेशा ने कहा कि आयकर में छूट मिलती तो अच्छा होता। उन्होंने उम्मीद जताई कि जुलाई में नई सरकार के पूर्ण बजट से राहत मिलेगी। बाजारों, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो, शिक्षण संस्थानों समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर लोग टीवी चैनल और मोबाइल फोन के जरिए हर पल का अपडेट लेते रहे। हिन्दुस्तान टीम ने अलग-अलग स्थानों पर लोगों से बजट पर चर्चा की ...

आयकर स्लैब की मौजूदा दरें इस प्रकार

पुरानी व्यवस्था

2,50,000 तक कोई कर नहीं

आय (रुपये)	कर (%)
2,50,001 से 5,00,000	05
5,00,001 से 10,00,000	20
10,00,001 से अधिक	30

फिलहाल दोनों कर व्यवस्था में रहता है। नई व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख तक की आय पर कर छूट के पात्र हैं। वहीं, पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख है।

नई कर प्रणाली

3,00,000 तक कोई कर नहीं

आय (रुपये)	कर (%)
3,00,001 से 6,00,000	05
6,00,001 से 9,00,000	10
9,00,001 से 12,00,000	15
12,00,001 से 15,00,000	20
15,00,001 से अधिक	30

नोट : आंकड़े प्रतिशत में हैं

रसोई के बजट पर महिलाओं ने राहत मांगी

मौजपुर गांव
11:30 बजे, सुबह

मौजपुर गांव में रहने वाले चौधरी अजीत सिंह के परिवार की महिला सदस्यों ने बजट की घोषणा को टीवी पर देखा। बजट देखने के लिए घर में चाय-पकौड़ी भी तैयार की गई थी। बजट में महंगाई रोकने संबंधित कोई खास घोषणा नहीं होने को लेकर महिलाओं के बीच चिंता भी देखी।

इस दौरान बीच-बीच में दूध के दाम बढ़ने, दाल, आटा, तेल महंगा होने को लेकर भी चर्चा होती रही। पिंकी चौधरी ने बताया कि हम महिलाओं को बजट में रसोई से जुड़ी चीजों को लेकर ज्यादा चिंता रहती है कि कहीं किसी खान-पान की वस्तु के दाम सरकार तो नहीं बढ़ा रही है। ऐसा तो बजट में कुछ खास नहीं दिखा। मगर, सरकार से बढ़ती महंगाई रोकने को लेकर घोषणा की उम्मीद जरूर थी।

मौजपुर गांव में गुरुवार को टीवी पर बजट का प्रसारण देखतीं महिलाएं। ● हिन्दुस्तान

सुबह से टीवी पर चिपके रहे व्यापारी

खारी बावली
11:00 बजे, सुबह

अंतिम बजट के बीच व्यापारियों को जीएसटी सरलीकरण से लेकर आयकर सीमा में छूट बढ़ने की उम्मीद थी, जिसको लेकर सुबह से ही व्यापारी बजट पेश होने का इंतजार कर रहे थे। वित्त मंत्री का भाषण खत्म होने पर व्यापारी आपस में चर्चा करने लगे कि बजट में कुछ खास नहीं है।

दिल्ली हिंदुस्तानी मर्केंटाइल एसोसिएशन के महामंत्री श्रीभगवान बंसल ने बताया कि बजट में कुछ खास नहीं है।

स्टार्टअप के लिए आर्थिक मदद का प्रावधान सराहनीय

पेरियार हॉस्टल
11:40 बजे, सुबह

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों ने हॉस्टलों में बजट भाषण सुना। पेरियार हॉस्टल में रह रहे सेंटर फॉर जैपनीज स्टडीज के छात्र प्रारब्ध ने बताया कि यह समावेशी बजट है।

खासकर युवाओं के स्टार्टअप के लिए आर्थिक मदद का विशेष प्रावधान सराहनीय है। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। सेंटर फॉर हिस्टोरिकल स्टडीज के छात्र राकेश मिश्रा ने बताया कि सरकार ने एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का जो प्रावधान किया है उससे निम्न और मध्यम वर्ग आय के लोगों को काफी फायदा होगा।

सेंटर फॉर फ्रेंच स्टडीज के छात्र आदित्य का कहना है कि रेलवे में हाई ट्रैफिक कॉरिडोर बनाए जाने और उसकी सुरक्षा के अलावा 40 हजार रेलवे की बोगियों को वंदे भारत श्रेणी में बनाने और एयरपोर्ट की संख्या में विस्तार हमारे यहां यातायात की दिशा में एक बड़ा बदलाव लाएगा।

सीमित आय में घर चलाना पड़ रहा

रोहिणी सेक्टर-24

रोहिणी निवासी सोनिया गोयल बजट घोषणा में आयकर में कोई बढ़ोतरी न होने को लेकर खुश हैं। उनका कहना है कि परिवार भले ही उच्च आय वर्ग में आता है, लेकिन नौकरीपेशा वाले परिवार में सीमित आय में घर चलाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि आय में तो हर साल कोई खास बढ़ोतरी होती नहीं है, लेकिन बजट की घोषणाओं से आपकी आय जरूर प्रभावित होती है। खैर, अच्छी बात यह है कि सरकार ने कोई ऐसी घोषणा नहीं की है, जिससे आय का हिस्सा टैक्स के तौर पर प्रभावित हो।

स्थाई रोजगार नहीं, खर्च ज्यादा

बेला स्टेट

बेला स्टेट स्थित मूलचंद बस्ती में रहने वाले हीरालाल निम्न आय वर्ग में आते हैं। वह गुरुवार को बजट घोषणाओं से नाखुश दिखे। उन्होंने कहा कि सरकार को मजदूरी करने वाले लोगों के लिए स्थाई रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में घोषणा करनी चाहिए थी।

उन्होंने बताया कि परिवार में छह लोग हैं। देहाड़ी मजदूरी करके परिवार का गुजारा होता है। कभी रोजगार मिलता है तो किसी दिन खाली बैठकर गुजारा करना पड़ता है। हीरालाल ने कहा कि हमारे जैसे लोगों के लिए इस बजट में कुछ नहीं है।

ट्रेन का कंफर्म टिकट नहीं मिलता

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
12:00 बजे, दोपहर

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह सामान्य दिनों के मुकाबले कम भीड़ देखने को मिली। बारिश के चलते स्टेशन के बाहर अजमेरी गेट की तरफ यात्रियों की संख्या बेहद कम दिखाई दी।

बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दरभंगा जा रहे महानंद सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार ने इस बार भी रेलवे को भले ही बंपर बजट दिया है, लेकिन यात्रियों को आज कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल होता है।

बिहार जाने वाली अधिकांश गाड़ियों में चार माह पहले ही टिकट बुक हो जाता है। ऐसे में अगर एक या दो माह पहले कोई ट्रेन का टिकट लेना चाहे तो कंफर्म सीट मिलना बेहद मुश्किल होता है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के फैसले पर वकीलों में खुशी

रोहिणी जिला कोर्ट परिसर
11:45 बजे, सुबह

दिल्ली में विभिन्न जिला कोर्ट परिसरों में वकीलों ने भी गुरुवार को केंद्र सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट की घोषणाओं को लाइव देखा। इसमें कई वकीलों ने ढांचागत विकास (इंफ्रास्ट्रक्चर) के लिए लिए गए कई फैसलों पर खुशी जताई।

'करदाताओं को इस वर्ष भी छूट देनी चाहिए थी'

प्रशांत सिहाग ने बताया कि सड़क, हाईवे निर्माण के लिए बजट में कई फैसले लिए गए हैं। मुझे लगता है कि इस तरह के ढांचागत विकास कार्यों से देश के लोगों को ही लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि करदाताओं को इस वर्ष भी छूट देनी चाहिए थी।

रोहिणी जिला कोर्ट परिसर के कक्ष में वकीलों ने गुरुवार को टीवी पर बजट का सीधा प्रसारण देखा। पीतमपुरा के एडी ब्लॉक के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नवीन त्रेहान ने कहा कि विभिन्न व्यापार संघों और सोसायटियों के प्रतिनिधियों से बजट को तैयार करने से पहले एक पोर्टल के जरिए सुझाव मांगे जाने चाहिए।

नए सेक्टर बढ़ाने से रोजगार बढ़ेंगे

आनंद विहार बस अड्डा
12:00 बजे, दोपहर

विनोद नगर के रहने वाले जितेंद्र ने बताया कि नए सेक्टर को बढ़ावा मिलने से युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। बैटरी चार्जिंग से लेकर अलग-अलग उपकरणों के निर्माण में रोजगार की संभावनाएं बनेंगी।

उत्तर रेलवे

आजादी का अमृत महोत्सव

TENDER NOTICE

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

	एन आई टी	31-A, B, C & D-2023-24-डब्ल्यू-5
1	कार्य का नाम (स्थान के साथ)	A) सहायक मंडल अभियंता हजरत निजामुद्दीन के अधीन एस.एस.ई./पी.वे./हजरत निजामुद्दीन के अनुभाग में रोड कम रेल मोबाइल, फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके विभिन्न स्थानों पर फ्लैश बट रेल जोड़ों की वेल्डिंग का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ रेल की वेल्डिंग का कार्य। B) सहायक अभियंता/दिल्ली सराई रोहिल्ला के तहत डीएलआई–आरई अनुभाग के बीच स्वचालित सिग्नलिंग का प्रावधान कार्य के लिए ऑटो रिले हट्स के सेवा भवन का निर्माण का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : भवन/क्वार्टर का निर्माण का कार्य। C) अपशिष्ट जल उपचार एवं पुनर्चक्रण संयंत्र/प्रवाह उपचार संयंत्र 2 एन ओएस की स्थापना। पीडब्ल्यूएल स्टेशन पर (प्रत्येक 50 केएलडी) और एडीईएन/टीकेडी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एफडीबी के तहत एफडीएन स्टेशन (50 केएलडी) पर नंबर 1 का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और/या एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण और कमीशनिंग का कार्य। D) टीएफआर (60 किग्रा) – एडीईएन/टीकेडी के तहत एसएसई/पी.वे./एफडीबी के अनुभाग में 23.9 किमी का कार्य।
2	काम की अनुमानित लागत (रुपये)	A) Rs. 7172632.85 B) Rs. 25377589.54 C) 23010000.00 D) Rs. 4999374.40
3	अग्रिम राशि (रुपये)	(यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट : रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई –आई/ सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) A) रु.143500.00 B) रु.276900.00 C) रु.265100.00 D) रु.100000.00
4	काम की समाप्ति अवधि	A) 06 महीने B) 06 महीने C) 06 महीने D) 04 महीने
5	निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय	23.02.2024 को 15:00 बजे तक तथा 23.02.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है
6	वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा	यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

No. 128-W/280/OET/2023-24/W-V/31-A, B, C & D Dated : 01.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 350/24

प्रेममयी स्मृति सहित

स्व. श्री महेश्वरनाथ रहेजा

(11.01.1918- 02.02.1976)

श्रद्धावनत्

रहेजा परिवार
कृष्णा–महेश गायत्री संस्थान(रजि.)
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के उत्थान में समर्पित रहेजा डवलपर्स के सहयोग द्वारा बनाई गई संस्थान।
सम्पर्क: 99710 91999

RAHEJA®
www.raheja.com
www.gayatrisansthan.in
www.swamideekshanandji.in

आश्रम में प्रतिदिन प्रातः 8:30 होने वाले हवन में सम्मिलित होने के लिए लिंक bit.ly/3jp0535 पर जाएं।

लंबित कर मामले वाले एक करोड़ करदाताओं को फायदा

राहत

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में टैक्स छूट का दायरा नहीं बढ़ाया और टैक्स स्लेब में भी बदलाव नहीं किया। फिर भी ये नहीं कहा जा सकता कि सरकार न टैक्सपेयर्स को राहत नहीं दी है, क्योंकि वित्तमंत्री ने लंबित प्रत्यक्ष कर मांग में छूट देने का वादा किया है। इससे करीब एक करोड़ लोगों को राहत मिलेगी।

वित्तमंत्री ने कहा, बड़ी संख्या में कई छोटी-छोटी, गैर-सत्यापित, गैर-समायोजित या विवादित प्रत्यक्ष कर मांग बही खातों में लंबित हैं। इनमें से कई मांग तो वर्ष 1962 तक के भी पुराने समय से मौजूद हैं। इनके कारण ईमानदार करदाताओं को परेशानी होती है तथा बाद के वर्षों में रिफंड जारी करने की प्रक्रिया में भी बाधा आती है। मैं वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि से संबंधित 25,000 तक तथा वित्तीय वर्ष 2010-11 से वर्ष 2014-15 से संबंधित दस 10,000 तक की ऐसी बकाया प्रत्यक्ष कर मांगो को वापस लेने का प्रस्ताव करती हूं। वित्तमंत्री के अनुसार, सरकार की ओर से लंबित टैक्स के मामले सुलझाने से कम से कम एक करोड़ करदाताओं को फायदा होगा।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उज्जवल, पुत्र धनी राम निवासी गली नंबर 3, रामधारी कॉलोनी, निहाल विहार, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 817/2021, दिनांक 26.11.2021 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **उज्जवल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **उज्जवल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 817/2021, दिनांक 26.11.2021 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **उज्जवल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.05.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
शुभम देवदिया
महानगर दण्डाधिकारी-05, (पश्चिम) कमरा नं.336ए
तीसरी मंजिल, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./1285/बाहरी जिला/2024

विशेषज्ञ की राय

प्रो.भरत सिंह, अर्थशास्त्र विभाग, सत्यवती कॉलेज

घोषणाएं मध्यम वर्ग के लिए विशेष लाभकारी

अंतरिम बजट में सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है। महिलाएं, युवा, उद्योग व स्टार्टअप पर जोर दिया गया है। पहली बार सौर प्रणाली वाले एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त की घोषणा विकास की नई इबारत लिखेंगी और ऊर्जा पर निर्भरता भी कम करेगी।

सबसे महत्वपूर्ण मध्यम वर्ग को ध्यान में रहकर निर्णय लिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा है कि सरकार ऐसी योजना लाएगी, जिससे मध्यम आय वर्ग के लोग अपना घर खरीद सकेंगे और बना सकेंगे। यह घोषणा मध्यम वर्ग के लिए विशेष लाभकारी है। इससे न केवल दिल्ली बल्कि देश में रहने वाले तमाम मध्यम वर्ग के लोग लाभांवित होंगे।

सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 साल की बच्चियों का टीकाकरण भी स्वस्थ भारत की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिलने से महिलाओं का एक वर्ग लाभांवित होगा।

रेलवे में हाई ट्रैफिक कॉरिडोर बनाए जाएंगे, जिससे स्पीड और सुरक्षा बढ़ाने की घोषणा देश में उद्योग, यातायात और परिवहन के क्षेत्र में उठाया जाने वाला बड़ा कदम है। 40 हजार रेलवे की बोगियों को वंदे भारत की श्रेणी में बनाए जाने से सबको लाभ होगा, लेकिन इसके किराए को लेकर सरकार को विचार करना चाहिए। यदि किराया कम होगा तो मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के लोग भी इसका लाभ ले सकेंगे। कुल मिलाकर यह बजट समावेशी है। इसमें करदाताओं को कोई नई छूट नहीं दी गई है। यानी इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। किसी तरह का कर बढ़ाया भी नहीं गया है। स्टार्टअप के लिए टैक्स छूट एक साल के लिए बढ़ाई गई है। यह भी एक सराहनीय कदम है।

TENUGHAT VIDYUT NIGAM LIMITED
तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड
(A GOVT. OF JHARKHAND UNDERTAKING)
HINOO, DORANDA, RANCHI-834002, JHARKHAND (TEL : 0651- 2252160 , 2252161, 2252164)
CIN U40101JH1987SGC013153

Letter No: A/c-298/23-24 Dated : 31.01.2024

EOI EXTENSION NOTICE

Due date for submission of EoI documents against following Expression of Interest is hereby extended till 15th February 2024upto 17:00 hours.

Sl. No.	Previous PR No.	Description	Previous due date and time of EoI	Revised due date of EoI
01.	315295	Tenughat Vidyut Nigam Limited (TVNL) invites Expression of Interest for borrowing term loan from Nationalized/Scheduled Commercial Banks amounting to Rs. 192.50 crore (Rupees One Hundred Ninety Two Crore Fifty Lakhs) only for the work of ground mounted grid connected solar photo voltaic power plant of 50 MW at TTPS Lalpania.	31.01.2024 upto 16:00 hours	15.02.2024 upto 17:00 hours

All other terms and conditions of EoI shall remain unchanged

PR.NO.317546 Tenughat Vidyut Nigam Ltd.(23-24):D

Sd/- (Krishna Kr. Singh) Dy. Director of Accounts

ICAR-CENTRAL AVIAN RESEARCH INSTITUTE
Izatnagar Bareilly-243 122 (U.P.)
(AN ISO 9001:2008 CERTIFIED INSTITUTE)

फा.सं.1–37/ एस.टी./ए.एल. 1–1/2023–2024 दिनांक 01.02.2024

अभिरूचि की अभिव्यक्ति / Expression of Interest

भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर बरेली में CIF LABORATORY WORKING TABLE हेतु 'अभिरूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। इस क्रम में स्थलीय निरीक्षण और पारस्परिक चर्चा के लिए दिनांक 12–02–2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे सी.ए. आर.आई के नए परिसर के समिति कक्ष में एक बैठक का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त कार्य को निष्पादित करने के इच्छुक कम्पनियों / प्रतिनिधियों / पार्टियों से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित समय व स्थान पर पधारने का कष्ट करें। किन्हीं अपरिहार्य स्थिति में दिनांक, समय व स्थान परिवर्तन की सूचना केवल संस्थान की वेबसाइट https://cari.icar.gov.in पर ही उपलब्ध करायी जाएगी।

A Expression of Interest is invited for CIF Laboratory Working Table at ICAR- Central Avian Research Institute, Izatnagar Bareilly. In this regard, a meeting is proposed to be orgainzed on 12.02.2024 at 11.00 am in the Committee room of the new campus of CARI for inspection and mutual discussion. Companies/representatives/ parties desirous of executing the above work are requested to visit the above mentioned time and place. In case of any unavaiodable circumstances, information regarding change of date, time and venue will be made available only on the Institute's website https://cari.icar.gov.in.

Incharge Store

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री अंकुश धवन, पुत्रः शीश कुमार धवन, पताः सी–1/160–161, प्रथम तल, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली** ने **Case Reg. No. 11524/18, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री अंकुश धवन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **श्री अंकुश धवन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 11524/18, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **श्री अंकुश धवन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.03.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाली श्रीवास्तव
महानगर दंडाधिकारी (उ/प)
कमरा नं. 107, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1260/RD/2024

पहचान की अपील

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात जिसकी **उम्रः** करीब 30 साल, **कदः** 5'6", **रंगः** गेहुंआ, जिसने धारीदार कमीज और नीले रंग का पजामा पहने हुए था, दिनांक 23.01.2024 को अपना घर आश्रम में बेहोशी की हालत में पाया गया। उसे एमएलसी नं. 291/24 के तहत एम.वी. अस्पताल, पूठ खुर्द, दिल्ली में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। इस संदर्भ में डीडी सं. 40–ए दिनांक 23.01.2024 थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित पते व टेलीफोन नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें:–

थानाध्यक्ष : थाना बवाना, दिल्ली
दूरभाष सं. 09643695472

DP/1306/ON/24

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला - सारण), बिहार - 841221



ई–निविदा सूचना सं०:– एस/आर डब्ल्यू पी/ई/42/2023–24 दिनांकः 29.01.2024, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई.प्रोक्यूरमेंट बेवसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन (ई खुली निविदा) आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। **क्र.सं.:1, निविदा सं. :** 01231056D, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** Silica Sand 45 AFS, **मात्रा :** 2000MT, **निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि :** 26.02.2024 at 14:00 Hrs. 1. बेवसाइट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, **www.ireps.gov.in** है। 2. बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों/बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त बेवसाइट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगीं।

कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, रेपका/बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी बी टी/2023–24/103

पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र

स्वीकृत पत्र सं. ई-टेन्डरिंग खुली निविदा सूचना सं० 05/2024 दिनांक 29.01.2024 के अंतर्गत 01 निविदा जो दिनांक 21.02.2024 को खोली जानी है के क्रमांक 1 को निम्न प्रकार पढ़ा जाये। **क्र.सं. 1. मूल निविदा के अनुसार :** मौजूदा स्टेबिल लाइन और वाशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान और शंटिंग कार्य के लिए इन सभी लाइनों को एक छोर पर जोड़ना और ट्रेन सेट डिपो सी.बी.जे. में वाशिंग पिट की नाली को लोहे के मेश से ढकने के साथ-साथ लोको मूवमेन्ट के लिए वाशिंग लाइन को उपयुक्त बनाना। स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह। **अब पढ़ा जाये :** सी.बी. गंज ट्रेन सेट डिपो के मौजूदा स्टेबिल लाइन और वाशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग और वाशिंग एवं पिट की नाली पर कवर लगाने का कार्य। स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह। अन्य विवरण एवं शर्त मूल निविदा के अनुसार ही रहेगी। ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),
मुजाधि/डब्लू - 526 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

बारहवीं पुण्य तिथि-आज
श्रीमती लज्जा गुप्ता
(21.09.1945-02.02.2012)

आपको सादर श्रद्धान्जली: स्मृति में: राधेश्याम गुप्ता (पति), राजीव, अन्जुला, रूपाली, मोनिका, वरूण सृष्टि, मृत्युंजय, मान्या, प्रमोद कुमार, चिन्तल, शिवांगी, माधव (परिवार)।
मो. 9818114879 / 9891050404 / 9818324066
मै. गुप्ता आयरन कम्पनी - 4962, हौजकाजी, दिल्ली-110006

17वीं पुण्य तिथि
स्वर्गीय माता चन्नी बाई अरोड़ा
(02/02/2007)

स्वर्गीय माता चन्नी बाई अरोड़ा जी की 17वीं पुण्य तिथि (02/02/2007) के अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों और परिजनों की ओर से सादर नमन एंव भावभीनी श्रद्धांजलि।
विनीतः कृष्ण लाल अरोड़ा (पुत्र) एंव सम्पूर्ण परिवार।

ई-वाहन
1300
करोड़ रुपये आवंटित हुए
ई-बसों की खरीद के लिए

नई दिल्ली, शुक्रवार
2 फरवरी 2024
05
हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

छह वर्षों में पेश बजट के दौरान सेंसेक्स में पहली बार गिरावट

बाजार में तेज हलचल के बीच निवेशक सतर्क रहे

उठा-पटक

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पहले पेश हुए अंतरिम बजट को लेकर घरेलू शेयर बाजार दम साधे रहे। लोकलुभावन वादों की बजाय विकास के लिए उठाए गए ठोस कदमों से शेयर बाजार में गुरुवार को पूरे दिन काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सेंसेक्स और निफ्टी में सुबह के कारोबार में तेज शुरुआत हुई लेकिन दोपहर बाद इनमें गिरावट आई और अंत में गिरकर बंद हुए।

सेंसेक्स पिछले छह वर्षों में बजट पेश किए जाने के दिन चार बार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ लेकिन इस बार इसमें गिरावट दर्ज की गई। बजट भाषण से पहले सेंसेक्स के शुरुआती कारोबार में 248.4 अंकों की बढ़त रही। इसी तरह निफ्टी भी 62.65 अंक की बढ़त के साथ खुला।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसे ही बजट भाषण शुरू किया तो बाजार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और सेंसेक्स 72,151.02 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, जैसे ही उनका भाषण समाप्ति की ओर बढ़ा बाजार में गिरावट आने लगी। अंत में सेंसेक्स 106.81 अंक गिरकर 71,645.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 28.25 अंक गिरकर 21,697.45 अंक पर आ गया।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरिम बजट में उम्मीद से कम ढांचागत व्यय से घरेलू बाजार थोड़ा निराश हुआ। बजट पेश किए जाने के दौरान सूचकांकों ने अपनी सारी बढ़त गंवा दी और अंत में गिरावट के साथ बंद हुए। अमूमन अंतरिम बजट को लेकर बाजार ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं देते हैं और इस बार भी यह सिलसिला कायम रहा।

2019 में रही थी तेजी

इससे पहले वर्ष 2019 में भी सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। उसमें कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं, जिससे शेयर बाजार में तेजी का रुख बना था। सेंसेक्स में कारोबार के दौरान 500 अंकों तक का उछाल आया। बाद में यह 213 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ था।

इनमें उतार-चढ़ाव

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, बजाज फाइनेंस, विप्रो, टेक महिंद्रा और नेस्ले में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ में रहे।

प्रतिक्रियाएं

अंतरिम बजट 2047 तक देश के विकसित भारत बनने के विश्वास को बढ़ाता है। देश सात प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है, जो कि बहुत अच्छे संकेत हैं।

-एन. के सिंह, पूर्व अध्यक्ष, वित्त आयोग

अंतरिम बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई, जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। यह आत्मविश्वास को दर्शाता है। इसका स्वागत है।

-आनंद महिंद्रा, चेयरमैन, महिंद्रा समूह

निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है, जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनाएगा। - किरण मजूमदार शॉ, चेयरपर्सन, बायोकॉन लिमिटेड

बजट में मध्यम वर्ग के लिए हाउसिंग स्कीम और ग्रामीण गरीबों के लिए दो करोड़ और मकान बनाने की घोषणा हुई है। इन दोनों ऐलानों से रियल एस्टेट सेक्टर को फायदा मिलेगा।

-राकेश यादव, सीएमडी, अंतरिक्ष इंडिया

विनिवेश से 50 हजार करोड़ जुटाए जाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में विनिवेश के माध्यम से 50,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। पिछले साल का बजट पेश करते के समय वित्त वर्ष 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।

चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार को मार्च 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

देशभर में नए ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट में ईवी क्षेत्र (इलेक्ट्रिक वाहन) के लिए भी कई प्रस्ताव पेश किए। उन्होंने कहा देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार चार्जिंग स्टेशन के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए नए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी।

इस चार्जिंग निर्माण के लिए युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए उन्हें तकनीकी ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे युवाओं को ईवी चार्जिंग सेक्टर में रोजगार देने के लिए पर्याप्त मौके दिए जाएंगे। वहीं, सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 1,300 करोड़ रुपये और देश में विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं के लिए 24,931 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

फेम योजना के आवंटन में कटौती : सरकार ने हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम) की योजना के मद में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,671 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव किया है। यह राशि संशोधित अनुमान से करीब 44% कम है।

नि:संतानता
एवं टेस्ट ट्यूब बेबी ईलाज
INDIRA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE

मातृत्व एक सुखद अहसास
IVF से जगी नयी आस
अधिक उम्र में माँ बनना हो रहा है संभव

आधुनिक तकनीकों जैसे आईवीएफ द्वारा अब 40 या उससे अधिक उम्र एवं मासिक धर्म बंद होने पर भी डोनर सर्विसेज़ के माध्यम से माँ बनना संभव हो पा रहा है।

नि:शुल्क परामर्श
8867731100

परामर्श हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?
• कम शुक्राणु • निल शुक्राणु
• धीमी गतिशीलता • खराब गुणवत्ता
• बंद फेलोपियन ट्यूब • अण्डों में खराबी
• गर्भाशय में रसोली /PCOS • अनियमित पिरियड
• एडिनोमायोसिस • एन्डोमेट्रियोसिस

उपलब्ध सेवा - फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेज़र हैचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज़

इन्दिरा आई.वी.एफ. हॉस्पीटल प्रा. लि.
दिल्ली (पटेल नगर) : 1/14, मेट्रो पिलर नंबर 199 के सामने, पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के पास, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली | दिल्ली (लाजपत नगर) : ब्लॉक बी/24, मेट्रो पिलर नं. -9 के सामने, बंधन बैंक के पास, लाजपत नगर, नई दिल्ली | दिल्ली (रोहिणी)- D-11/145, , रोहिणी ईस्ट मेट्रो स्टेशन, पिलर नं. 391 के सामने, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली | दिल्ली (द्वारका) : बिबा शोरूम के ऊपर, पालम एक्सटेंशन, रामपाल चौक, ब्रह्मा अपार्टमेन्ट्स के पास, सेक्टर-7, द्वारका | दिल्ली (तिलक नगर) : मेट्रो पिलर नं. 502 के सामने, तिलक नगर मेट्रो स्टेशन के पास, Axis बैंक के पीछे, तिलकनगर, नई दिल्ली | दिल्ली (शाहदरा) : विशाल मेगा मार्ट के सामने छज्जूपुर, दुर्गापुरी चौक के पास, शाहदरा, दिल्ली | दिल्ली (वसंतकुंज) : एलआईसी आफिस के ऊपर, सेक्टर-बी 1, दिल्ली जल बोर्ड के पास, वसंतकुंज, नई दिल्ली | कौशाम्बी (गाजियाबाद) : विश्वकर्मा कॉम्पलेक्स, मेट्रो पिलर नं. 191 के पास, यूनियन बैंक के ऊपर, सेक्टर-14, कौशाम्बी, गाजियाबाद | राजनगर (गाजियाबाद) : C-29, RDC, ICICI बैंक के सामने, राजनगर, गाजियाबाद | गुरुग्राम : पिज्जा हट के पास, सेक्टर-14 कॉमर्शियल मार्केट, पुरानी दिल्ली रोड, गुरुग्राम | नोएडा (सेक्टर-18): बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर, गरम-धरम ढाबा के आगे, नोएडा कॉम्पलेक्स नं. 17, सेक्टर-18, नोएडा | नोएडा (सेक्टर-34) : इंदिरा आईवीएफ रवि वुमन्स हॉस्पीटल, गोल्फ कोर्स रोड, मेट्रो पिलर 200 के सामने, मोरना बस स्टैंड के पास, नोएडा (निकटतम मेट्रो स्टेशन सेक्टर-34) अपोइन्टमेन्ट हेतु कॉल करें-8585808073
अब नोएडा (सेक्टर-34) में भी

• 120+ Fertility Centres PAN India • Treatment protocol as per patients need • Experienced team of 250+ Fertility Doctors

'बेटी बचाओ-बेटी पढाओ' अभियान में सहयोग करें। भ्रूण लिंग परीक्षण करवाना जघन्य अपराध है यह कार्य हमारे यहां नहीं किया जाता है।
Disclaimer : The models used in the creative is just for illustration purpose only.
*National Guidelines for Accreditation, Supervision & Regulation of ART Clinics in India compliant Clinic"

TECNO

SPARK 20 Series
THE UNCOMPROMISED

सेगमेंट फर्स्ट*
16GB** RAM | 256GB ROM
32MP सेल्फी कैमरा

₹9499.00# से शुरू | Net Quantity - 1 N
#Inclusive of All Taxes

नज़दीकी मोबाइल विक्रेता एवं amazon पर उपलब्ध

OTTplay PREMIUM | ₹5604 मूल्य के 23 OTTs पाएं, वो भी फ्री

*₹10,499 मूल्य के नीचे | **8GB + 8GB

अधिक जानकारी के लिए QR कोड को स्कैन करें | #₹1000 के कैशबैक के साथ pine labs PAY LATER और paytm पर उपलब्ध | सभी प्रमुख बैंकों के क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर लागू।

38,183 करोड़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को आवंटित किए

37,500 करोड़ रुपये समग्र शिक्षा योजना के लिए दिए गए

13,208 करोड़ अनुसंधान और विकास पर खर्च होंगे

एक लाख करोड़ का कोष बनाना बाजी पलटने वाली नीति साबित होगी। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। -धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

पहलः सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देगी, एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनेगा, लंबी अवधि के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा

तकनीक के क्षेत्र में अनुसंधान से बदलेगी तस्वीर

युवा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में तकनीक के क्षेत्र का स्वर्णिम युग शुरू होगा। सरकार तकनीक से जुड़े स्टार्टअप को अनुसंधान और नवाचार के लिए एक लाख करोड़ रुपये मुहैया कराएगी। ब्याज मुक्त या कम ब्याज दर पर कोष वितरित किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को बजट भाषण में यह घोषणा की।

निर्मला सीतारमण ने कहा, उभरते हुए क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के अनुसंधान प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एक लाख करोड़ का कोष बनेगा। इसमें 50 वर्ष का ब्याज रहित ऋण दिया जाएगा। इससे निजी क्षेत्र को रिसर्च और इनोवेशन पहल करने को प्रोत्साहन मिलेगा। ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं जो हमारे युवाओं की शक्ति को प्रौद्योगिकी से मिला सकें। भारत के प्रौद्योगिकी पसंद करने वाले युवाओं के लिए यह एक स्वर्णिम युग है।

'जय अनुसंधान' : निर्मला सीतारमण ने लालबहादुर शास्त्री के दिए गए नारे जय जवान, जय किसान को दोहराया। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे और विस्तार देते हुए 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' का नारा दिया है।

डीप टेक से 'आत्मनिर्भरता' : वित्त मंत्री ने डीप टेक तकनीकों पर भी चर्चा की। इसके तहत रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के लिए डिप टेक तकनीकों पर काम किया जाएगा। बता दें कि डीप टेक को एडवांस तकनीक भी कहा जाता है। डीप टेक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स और जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

50 वर्ष का ब्याज रहित ऋण दिया जाएगा योजना के तहत

1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण दिया कौशल भारत मिशन के तहत

20 केंद्रीय मंत्रालयों-विभागों के माध्यम से लागू हो रहीं कौशल विकास योजनाएं



स्टार्टअप को ये राहत भी...

स्टार्टअप द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है। कराधान में निरंतरता प्रदान करने के लिए तारीख को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव कर रहे हैं। स्टार्टअप इकाइयां स्टार्टअप इंडिया के लिए एक कार्ययोजना के तहत आयकर लाभ जैसे कर प्रोत्साहन का लाभ उठा सकती हैं।

1.17 लाख स्टार्टअप को मान्यता दी जा चुकी अब तक

केंद्र की प्रमुख योजनाओं का आवंटन बढ़ा

वित्त मंत्री की ओर से गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा, आयुष्मान भारत, सौर ऊर्जा सहित कई प्रमुख योजनाओं का आवंटन बढ़ा दिया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पहले 60000 करोड़ रुपये आवंटित थे, अब इसे बढ़ाकर 86000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में प्रमुख योजनाओं पर बजट आवंटन का ब्योरा...

बड़े अस्पतालों में मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी

स्वास्थ्य

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। अंतरिम बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैसे तो कई नए कदमों का ऐलान किया गया है लेकिन इसमें मौजूदा बड़े अस्पतालों में नए मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव बेहद महत्वपूर्ण है। इससे भविष्य में ज्यादा नौजवानों को डॉक्टर बनने का मौका मिलेगा बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का भी विस्तार होगा।

नए मेडिकल कॉलेज : अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा अस्पतालों के संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए उनमें मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए एक समिति गठित होगी जो इन संभावनाओं का पता लगाएगी। दरअसल, मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए तीन सौ बिस्तरों के एक अस्पताल की जरूरत होती है। आज देश में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कई ऐसे अस्पताल हैं लेकिन उनमें मेडिकल कॉलेज नहीं चल रहे हैं। समिति ऐसे अस्पतालों की पहचान कर उनमें मेडिकल कॉलेज खोलने की संभावनाओं का पता लगाएगी। बता दें कि देश में सात सौ मेडिकल कॉलेज पहले से हैं जिनमें एक लाख पांच हजार सीटें हैं। लेकिन देश की बड़ी आबादी के कारण अभी भी मेडिकल कॉलेजों की कमी महसूस की जा रही है।

सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण : स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर जो नए ऐलान किए गए हैं उनमें 9-14 साल की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण, बच्चों के टीकाकरण के लिए यू-विन पोर्टल का इस्तेमाल है। यह पोर्टल कोरोना के टीकाकरण के कोविन पोर्टल की तर्ज पर बनाया गया है। कोशिश यह है कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छूटे और उसका डिजिटल रिकॉर्ड भी बने।

अनुसंधान को बढ़ावा

आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत के दायरे में लाना और किशोरियों के लिए टीकाकरण की पहल महत्वपूर्ण है। - भावना मुखोपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया

आंगनबाड़ी वर्कर्स को आयुष्मान भारत योजना का लाभ : देश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा उनकी सहायकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का फैसला किया गया है।

वहीं, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के लिए अंतरिम बजट में आवंटन 6,800 करोड़ से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये किया गया है।

लक्षद्वीप में पोत संपर्क बढ़ाकर पर्यटन को रफ्तार दी जाएगी

पर्यटन

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार लक्षद्वीप को बड़े पैमाने पर पर्यटन के लिए विकसित करने की तैयारी में है। इसके लिए लक्षद्वीप से पोत संपर्क, पर्यटन के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए वित्त उपलब्ध कराया जाएगा।

वित्त मंत्री ने द्वीप समूह क्षेत्रों के लिए कई घोषणा कीं। इस दौरान वित्त वर्ष 2024-25 में पर्यटन क्षेत्र के लिए आवंटन बढ़ाकर 2,449.62 करोड़ रुपये कर दिया, जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित आंकड़े से लगभग 44.7 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023 में पर्यटन मंत्रालय को 2,400 करोड़ आवंटित हुए थे, जिसे संशोधित कर 1,692.10 करोड़ कर दिया गया था।

मालदीव की सहायता राशि में 22% की कटौती

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विदेश मंत्रालय (एमईए) को कुल 22,154 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसमें भारत के पड़ोसी देश मालदीव की सहायता राशि में सरकार ने 22 फीसदी की कटौती की है। बजट के अनुसार, मालदीव को विकासात्मक सहायता के लिए 600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार पर विशेष ध्यान

शिक्षा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। शिक्षा क्षेत्र पर अंतरिम बजट में भी केंद्र सरकार ने अपना फोकस बरकरार रखा है। एक तरफ बुनियादी शिक्षा पर जोर है, वहीं उच्च शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार पर सरकार का ध्यान है।

स्कूल शिक्षा के बजट में केंद्रीय योजनाओं के लिए करीब 19 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। जबकि स्कूली शिक्षा का कुल बजट भी पिछली साल की तुलना में बढ़ा है। उच्च शिक्षा का बजट आवंटन भी बढ़ाया गया है।

केंद्रीय योजनाओं में ज्यादा खर्च : संशोधित अनुमान वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2024-25 में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत केंद्रीय योजनाओं के लिए बजट आवंटन में 12,024 करोड़ रुपये यानी 19.56% की कुल वृद्धि हुई है।

केवीएस और एनवीएस पर भी फोकस : केवीएस और एनवीएस के स्वायत्त निकायों में अब तक का सबसे अधिक बजट आवंटन देखा जा सकता है। केवीएस के लिये 9,302 करोड़ रुपए और नवोदय विद्यालय के लिये 5,800 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

डिजिटल शिक्षा को ज्यादा पैसा : डिजिटल इंडिया लर्निंग के तहत आवंटन में करीब 80 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। गत वर्ष 420 करोड़ रुपये की तुलना में इस बार 505 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

अध्ययन को ज्यादा राशि : उच्च शिक्षा विभाग के तहत अध्ययन और नवाचार के लिए 355 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जबकि गत वर्ष यह आवंटन करीब 210 करोड़ रुपये था। सरकार ने इस वर्ष यूजीसी के बजट में 60 प्रतिशत की कटौती की है।

73,498 करोड़ स्कूली शिक्षा के लिए सबसे ज्यादा बजट, 47,619 करोड़ रुपये उच्च शिक्षा पर खर्च होंगे

- पिछले साल की तुलना में तीन हजार करोड़ रुपये ज्यादा
- पीएम श्री योजना के तहत नए स्कूल खुलेंगे

कब कितना आवंटन



पीएम श्री योजना का आवंटन बढ़ाया गया : पीएम श्री स्कूल योजना के तहत आवंटन 4000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6000 करोड़ रुपये तक कर दिया गया है। इस योजना के तहत नए स्कूल खोले जाएंगे।

विशेषज्ञ की राय

ए के रथ, पूर्व शिक्षा सचिव

नई शिक्षा नीति के तहत सुधारों के लिए ज्यादा धन की दरकार

शिक्षा के क्षेत्र में आवंटन जीडीपी के छह फीसदी तक पहुंचना चाहिए। आवंटन बढ़ा है पर वह महंगाई के मुताबिक बहुत ज्यादा नहीं है। नई शिक्षा नीति के तहत सुधारों के लिये ज्यादा धन की दरकार होगी। यह बजट में दिखाई नहीं दे रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत प्री स्कूलिंग को लेकर जो लक्ष्य तय किया गया उस पर स्पष्टता होनी चाहिए। इसके अलावा, नवी से बारहवीं तक की पढ़ाई को लेकर भी कुछ घोषणा होनी चाहिए थी। शिक्षा के अधिकार के दायरे में लाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की दरकार है। एआईसीटीई, यूजीसी सहित अन्य नियामक संस्थाओं के स्थान पर आयोग बनाने जैसे सुधार भी अधर में हैं। नई शिक्षा नीति के तहत इन सभी सुधारों पर समयबद्ध तरीके से काम होना था। लेकिन बजट से इन पर कोई स्पष्टता नहीं नजर आती।

मनरेगा योजना को और मजबूती मिली

जनकल्याण

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री की ओर से गुरुवार को पेश अंतरिम बंजट में मनरेगा योजना के लिए 86 हजार करोड़ का आवंटन किया गया। यह पिछले बजट में किये गए 60 हजार करोड़ रुपये के आवंटन से करीब 43 प्रतिशत अधिक है। अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए आवंटन घट गया है। 2024-25 के अंतरिम बजट में इस योजना के लिए आवंटन 12 हजार करोड़ रुपये है जबकि पिछली बार यह 19 हजार करोड़ रुपये था।

25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए : वित्त मंत्री ने संसद में पेश अंतरिम बजट के दौरान कहा कि हमारी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। सीतारमण ने कहा कि इस समय सरकार की योजनाएं सीधे आम लोगों तक पहुंच रही हैं। 80 करोड़ लोगों के लिए निःशुल्क राशन के माध्यम से भोजन से जुड़ी चिंताओं को समाप्त कर दिया गया है। इसे पांच साल के लिए और बढ़ाया गया है और बजट में 2,05,250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है, इनमें से 23 लाख लोगों को पहली बार कर्ज मिला है। उन्होंने बताया कि जनधन खातों का भी लोगों को लाभ मिला है। 34 लाख करोड़ रुपये जनधन के जरिये सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब या कम आय वाले लोगों के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से 2.7 लाख करोड़ की बचत हुई है।

23 लाख लोगों को पहली बार कर्ज मिला पीएम स्वनिधि योजना से

2.7 लाख करोड़ की बचत हुई गरीबों के लिए शुरू डीबीटी योजना से

हैदराबाद में एक थोक बाजार में मौजूद मजदूर। वित्त मंत्री ने गुरुवार को पेश बजट में वंचित वर्ग के कल्याण को लेकर उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी।

34 लाख करोड़ रुपये गरीबों के खातों में भेजे

वित्त मंत्री ने कहा सरकार का उद्देश्य सामाजिक न्याय कायम करना है। हमारी सरकार सर्वांगीण और सर्वसमावेशी विकास के लिए काम कर रही है। गरीब कल्याण योजना के तहत सरकार ने 34 लाख करोड़ रुपये गरीबों के खातों में भेजे हैं।

पीएम स्वनिधि योजना

पीएम स्वनिधि योजना के जरिये सरकार बिना गारंटी के 50 हजार रुपये तक का लोन देती है। पहली बार 10,000 रुपये तक का लोन बिना किसी गारंटी के ले सकते हैं। 12 महीने में राशि वापस करने पर दूसरी बार 20 और तीसरी बार 50 हजार तक की राशि मिल सकती है।

पीएम जनधन योजना

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) का मकसद कमजोर वर्ग और कम आय वाले लोगों को वित्तीय सेवाएं मुहैया कराना है। इन सेवाओं में बचत बैंक खाता, लोन, बीमा और पेंशन शामिल हैं। इस योजना के तहत खाताधारकों को ओवरड्राफ्ट सुविधा भी मिलती है। इस खाते में मिनिमम बैलेंस मेंटेन करने की जरूरत नहीं होती।

- 80 करोड़ लोगों के लिए निःशुल्क राशन योजना संचालित की जा रही
- 78 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना से मदद मिली

गरीबों के अनुपात में गिरावट आई

22.5 लाख करोड़ मूल्य के 43 करोड़ लोन मुद्रा योजना के तहत मंजूर किए गए इस वित्त वर्ष में

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) कोविड-19 महामारी के दौरान मार्च 2020 में शुरू की गई थी। इसका मकसद, गरीबों और जरूरतमंदों को होने वाली दिक्कतों को दूर करना था। इस योजना के तहत नियमित तौर पर मासिक अनाज वितरित किया जाता है। हर व्यक्ति को हर महीने पांच किलोग्राम का अनाज मिलता है। बता दें कि इस योजना को नवंबर 2021 में चार महीने (दिसंबर 2021-मार्च 2022) के लिए बढ़ा दिया गया था। उसके बाद दोबारा से कैबिनेट ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी, 2024 से पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया था।

सुविधाजनक और सुरक्षित रेल सफर

रेल यात्रा

■ अरविंद सिंह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में रेलवे के लिए कई घोषणाएं की। सरकार आम ट्रेनों की बोगियों को अपग्रेड कर वंदे भारत के स्तर की बनाने की तैयारी कर रही है। इस कदमों से आम लोगों को सुविधाजनक और सुरक्षित रेल सफर मुहैया कराने की योजना है।

रेल के इतिहास में पहली बार 40,900 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाने की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश अंतरिम बजट में देश में तीन नए समर्पित रेल कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया है। अमृत चतुर्भुज नामक कॉरिडोर देशवासियों को सेमी हाई स्पीड (160-240 किलोमीटर प्रतिघंटा) पर तेज-सुरक्षित रेल सफर मुहैया कराएगा। वहीं एनर्जी इकानोमिक कॉरिडोर व रेल सागर कॉरिडोर टाइम टेबल से मालढुलाई की सुविधा प्रदान करेगा।

अमृत चतुर्भुज : रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि अमृत चतुर्भुज में 16,900 किलोमीटर समर्पित सेमी हाई स्पीड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसमें दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, जम्मू कश्मीर, बेंगलुरु आदि शहरों के बीच सेमी हाई स्पीड कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। सवा चार लाख करोड़ की लागत से 200 प्रोजेक्ट के तहत समूचा कॉरिडोर बनकर तैयार होगा।

अमृत चतुर्भुज पर वंदे भारत, अमृत भारत, स्लीपर वंदे भारत जैसी सेमी हाई स्पीड ट्रेनों को चलाया जाएगा।

40 हजार 900 किलोमीटर के नए ट्रैक बनाए जाएंगे

12 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे तीनों नए रेल कॉरिडोर पर

मुंबई में गुरुवार को एक स्टेशन पर रेल यात्री। केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में रेलवे को लेकर कई घोषणाएं की हैं। • प्रेट्र

रेल बजट में किस राज्य को कितना मिला

स्रोत: रेल मंत्रालय (आंकड़े करोड़ रुपये में)

यात्रियों की संख्या

623 करोड़ 2022-23

344 करोड़ 2021-22

लगातार सुधार

- 1309 स्टेशनों की पहचान अमृत भारत स्टेशन के रूप में हुई।
- 508 अमृत भारत स्टेशनों की नींव 06 अगस्त 2023 को पीएम ने रखी।
- 12 हजार ट्रेन के डिब्बे डिजिटल डिस्प्ले से लैस होंगे

बढ़ रहा पटरी का दायरा

- 2004 से 2014 के बीच 14,985 किलोमीटर पटरी बिछाई गई थी।
- 2014 से 2023 के बीच 25, 871 किलोमीटर पटरी का काम पूरा।
- 14 किलोमीटर पटरी देश में रोज बिछाई गई वर्ष 2022-23 में ।
- 16 किलोमीटर की पटरी रोज बिछाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है।
- 2023 तक 60,814 किलोमीटर रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हुआ।

40,000 डिब्बों को अपग्रेड किया जाएगा

अंतरिम बजट में 40,000 डिब्बों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदलने का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुविधा, आराम और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सामान्य रेल डिब्बों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा। इसके अलावा मेट्रो और नमो रेल का भी अन्य शहरों तक विस्तार किया जाएगा।

शहरी रूपांतरण के लिए उत्प्रेरक मेट्रो रेल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश करने के दौरान कहा कि देश में तीव्र शहरीकरण हो रहा है और नमो भारत ट्रेन एवं मेट्रो रेल आवश्यक शहरी रूपांतरण के लिए उत्प्रेरक बन सकती हैं। देश में रोज करीब एक करोड़ यात्री मेट्रो की सवारी कर रहे हैं।

हवाई अड्डों के विस्तार और विकास पर जोर

वित्त मंत्री ने विमानन क्षेत्र के पिछले 10 वर्षों में तेजी से आगे बढ़ने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और नए हवाई अड्डों का निर्माण तेजी से जारी रहेगा। पिछले 10 वर्षों में देश के भीतर हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है।

70,163 करोड़ जल जीवन मिशन और पेयजल के लिए आवंटित

14,600 करोड़ रुपये फसल बीमा योजना के लिए दिए गए

6.21 लाख करोड़ रुपये रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित किए

"मोदी सरकार द्वारा किए गए अनेक उपाय निश्चित ही हमारे अन्नदाताओं का जीवन स्तर और ऊंचा उठाएंगे। अंतरिम बजट प्रगति का प्रतिबिंब है।
–अर्जुन मुंडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

मजबूती : विकसित भारत के लिए तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, सुरक्षा पर भी ध्यान

महिलाओं को सशक्त, समृद्ध बनाने पर जोर

आधी आबादी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव से पहले जारी अंतरिम बजट में सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। बजट में आधी आबादी को आर्थिक रूप से ताकतवर बनाने और सुरक्षित माहौल देने की कोशिश हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में बताया कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है।

वित्त मंत्री ने बताया कि लखपति दीदी योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं। वित्तमंत्री ने कहा, लखपति दीदीयों को सम्मानित करके उनकी उपलब्धियों को मान्यता दी जाएगी। इसी तरह महिलाओं को अपना काम शुरू करने के लिए सरकार मुद्रा योजना के तहत कर्ज दे रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत कुल 22.5 लाख करोड़ रुपये के 43 करोड़ ऋण दिए हैं।

09 करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख समूह से बदलाव

30 करोड़ कर्ज मुद्रा योजना के तहत दिए गए

- लखपति दीदीयों को सम्मानित कर उपलब्धियों को मान्यता मिलेगी
- उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी दस वर्षों में 28% तक बढ़ी
- मिशन वात्सल्य के लिए सरकार ने 1,472 करोड़ रुपये दिए

मुद्रा योजना के तहत कर्ज वितरण

स्रोत: वित्त मंत्रालय

मुद्रा योजना श्रेणी	कर्ज संख्या	राशि आवंटित	कर्ज राशि
शिशु	83	40	50 हजार रुपये तक
किशोर	15	36	50 हजार से 5 लाख
तरूण	02	24	05 लाख से 10 लाख

स्रोत: वित्त मंत्रालय- (आंकड़े फीसदी में)

दिल्ली-चंडीगढ़ छोड़ सभी जगह चल रही योजना

लखपति दीदी योजना दिल्ली और चंडीगढ़ को छोड़कर देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 742 जिलों के 7091 ब्लॉक में चल रही है। 9.54 करोड़ महिलाओं को 87.39 लाख स्वयं सहायता समूहों में शामिल किया गया है। चार लाख महिलाओं को अलग- अलग क्षेत्रों के अनुसार प्रशिक्षित किया गया। 33,497.62 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी गई है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट पेश करने के दौरान कोलकाता में गुरुवार को एक एसी आउटलेट में महिला कर्मचारी। • प्रेट्र

43% स्टेम कोर्स में लड़कियों- महिलाओं की भागीदारी, विश्व में सबसे ज्यादा

30 करोड़ कर्ज मुद्रा योजना के तहत महिला एंटरप्रेन्योर को दिया गया

कामगार महिलाओं की भागीदारी बढ़ी



बच्चों का भी ख्याल

बजट में महिलाओं के साथ बच्चों का भी ख्याल रखा गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 2024-25 के लिए 26,000 करोड़ रुपये मिले हैं। यह पिछले बजट की तुलना में 2.52 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 25,448.68 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 में 21,200 करोड़ रुपये का सर्वाधिक आवंटन हुआ है।

40.82 करोड़ कर्ज वितरण के तहत मार्च 2023 तक 23.2 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए

68% कर्ज खाते योजना के तहत महिला एंटरप्रेन्योर से जुड़े हुए

महिला सशक्तीकरण ने दस वर्ष में रफ्तार पकड़ी

निर्मला सीतारमण ने कहा कि उद्यमिता और जीवनयापन की सुगमता के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण में पिछले 10 वर्षों में तेजी आई है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। महिलाओं के उत्थान के लिए हो रहे काम कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को बयां कर रहे हैं।

मिशन शक्ति बजट में इजाफा

बजट में मिशन शक्ति (महिला संरक्षण और सशक्तीकरण मिशन) को 3146 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। वर्ष 2023-24 में कुल बजट करीब 2326 करोड़ रुपये का था। महिला सुरक्षा से जुड़ी योजना में 955 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

मालकिन बन रहीं महिलाएं

वित्तमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 70 फीसदी घरों की चाबी महिलाओं को मिली है। योजना के तहत तीन करोड़ मकान बनाने के लक्ष्य के करीब हैं। अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त आवास बनाए जाएंगे।

देशभर में दो करोड़ लोगों को अपना आवास मिलेगा

मध्यम वर्ग

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में अपने भावी बजट की रूपरेखा के साथ विभिन्न क्षेत्रों की प्राथमिकताएं भी तय की हैं। पीएम आवास योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में तीन करोड़ घर बनाए गए हैं और अगले 5 साल में दो करोड़ घर और बनाए जाएंगे।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के लिए अंतरिम बजट में 1091.98 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि मध्यम वर्ग का दायरा तेजी से बढ़ रहा है और तीव्र शहरीकरण हो रहा है। मेट्रो रेल और नमो भारत आवश्यक शहरी रूपांतरण के लिए उत्प्रेरक बन सकते हैं। अंतरिम बजट में एमआरटीएस और मेट्रो परियोजनाओं के लिए पिछले बजट के 23175.01 करोड़ की तुलना में इस बार 24931.98 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

पीएम आवास योजना शहरी का बजट बढ़ा : वित्त मंत्री ने अपने भाषण में पीएम स्वनिधि का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि इस योजना से 78 लाख स्ट्रीट वेंडरों को ऋण सहायता प्रदान की गई है। इसमें 2.3 लाख स्ट्रीट वेंडरों ने तीसरी बार ऋण प्राप्त किया है। हालांकि, अंतरिम बजट में इस मद में आवंटन कम किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष बजट आवंटन 468 करोड़ रुपये की तुलना में इस बार 326.32 करोड़ रुपये ही आवंटित किए गए हैं।

आदिवासी न्याय महाभियान : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीएम मोदी ने इस महीने की शुरुआत में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत ग्रामीण आवास योजना के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की थी।

प्रधानमंत्री आवास योजना पर खर्च

2023-24	79,590
2024-25	80,671

स्रोत: बजट (आंकड़े करोड़ रुपये में)

1,091 करोड़ अधिक बजट आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को

26,170.61 करोड़ का प्रावधान प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लिए

स्मार्ट सिटी मिशन का बजट घटा

स्मार्ट सिटी मिशन के लिए आवंटन घटाया गया है। पिछली बार के 8000 करोड़ की तुलना में इस बार 2400 करोड़ का ही आवंटन किया गया है। अमृत मिशन के लिए इस बार भी पिछली बार की तरह 8000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सरकार ने दो नई योजनाओं राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के लिए पहली बार 1450 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसी तरह से नव प्रवर्तन, एकीकरण और स्थायित्व के लिए शहरी निवेश 2.0 के लिए पहली बार 225 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

बुनियादी ढांचे पर 11 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे

इंफ्रास्ट्रक्चर

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार 2024-25 में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का आवंटन चालू वित्त वर्ष के पूंजीगत व्यय से 11.1 फीसदी अधिक है। यह जीडीपी का 3.4% हो गया है।

तीन आर्थिक गलियारे

प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत पहचान किए गए तीन प्रमुख आर्थिक गलियारों का शुभारंभ किया जाएगा।

1. ऊर्जा, खनिज-सीमेंट गलियारा
2. पत्तन संपर्कता गलियारा
3. भारी यातायात गलियारा

शून्य उत्सर्जन के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा

हरित ऊर्जा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत सोलर पैनल (सौर इकाई) के जरिये एक करोड़ परिवारों को हर माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। योजना से सालभर में 18 हजार रुपये की बचत होगी। सौर ऊर्जा उत्पादन से से शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले छतों पर सौर ऊर्जा इकाई लगाने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' शुरू किए जाने की घोषणा की थी। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लौटने के बाद एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाने की बात कही थी।

यह योजना अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पर लिए गए प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करती है। मुफ्त सौर बिजली के इस्तेमाल और बची हुई बिजली वितरण कंपनियों को बेचने से सालाना 15 से 18 हजार रुपये तक की बचत होगी। योजना इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग में भी सहायता करेगी। इससे बड़ी संख्या में विक्रेताओं के लिए उद्यमशीलता के अवसर और तकनीकी कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

300 यूनिट तक हर माह मुफ्त बिजली एक करोड़ परिवारों को

- प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का पिछले दिनों किया गया था ऐलान

"एक करोड़ घरों में सोलर पैनल की घोषणा से सौर निर्माताओं को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा। इससे भारत के हर कोने में सोलर पैनल पहुंचेगा। –अश्वनी सहगल, एमडी और अध्यक्ष, अल्पेक्स सोलर

"सोलर पैनल योजना ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ अक्षय ऊर्जा में उद्यमिता और रोजगार को भी प्रोत्साहित करेगी।
– कुश सिंह, सीईओ, एस्सार पावर

केंद्र सरकार ने बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाई

विशेषज्ञ की राय

अनुज पुरी, चेयरमैन एनराक ग्रुप

अंतरिम बजट में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के बजट आवंटन को लेकर एनराक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी का कहना है कि इसमें कोई खास घोषणा नहीं है, लेकिन सरकार ने बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाई है।

अनुज पुरी ने कहा कि पहले ही अंदाजा था कि अंतरिम बजट में रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी, लेकिन सरकार ने आवास क्षेत्र के विकास और आधारभूत ढांचा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखी है। इससे न केवल बड़े शहरों बल्कि टू और थ्री टीयर शहरों को भी लाभ होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में दो करोड़ और नए आवास बनाए जाने और शहरी क्षेत्र में किराए के मकान, चाल, झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले मध्यम वर्ग के लिए अपने आवास की योजना काफी महत्वपूर्ण होगी। इसके लिए आने वाले पूर्ण बजट का इंतजार करना होगा।

अन्नदाता की आय बढ़ाने की कवायद

किसान

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सरकार तिलहनों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर खाद्य तेलों के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति बनाएगी। डेयरी किसानों को समर्थन देने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम भी शुरू होगा। गुरुवार को पेश अंतरिम बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कवायद की गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि पीएम-किसान सम्मान योजना के तहत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जाती है। चार करोड़ किसानों को फसल बीमा मुहैया कराई जा रही है।

खाद्य तेलों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत बड़ी मात्रा में खाद्य तेलों का आयात करता है। विपणन वर्ष 2022-23 (नवंबर-अक्तूबर) के दौरान, देश ने लगभग 165 लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया, जिसका मूल्य 1.38 लाख करोड़ रुपये था। अंतरिम बजट में घोषणा की गई कि वर्ष 2022 में घोषित पहल पर आगे बढ़ते हुए तिलहनों के मामले में आत्मनिर्भरता के लिए एक रणनीति तैयार होगी।

डेयरी उद्योग पर जोर: बजट भाषण में वित्त मंत्री ने डेयरी किसानों के समर्थन के लिए एक व्यापक कार्यक्रम तैयार किये जाने की बात कही। खुरपका और मुंहपका जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने के प्रयास पहले से जारी हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, लेकिन दुधारू पशुओं की उत्पादकता कम है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन और डेयरी प्रसंस्करण एवं पशुपालन के लिए बुनियादी ढांचा विकास निधि जैसी मौजूदा योजनाओं की सफल करते हुए परिणामदायी बनाया जाएगा।

12 करोड़ के करीब किसानों को आर्थिक मदद दी गई

04 करोड़ किसानों को फसल बीमा मुहैया करा रही केंद्र सरकार

38 लाख किसान संपदा योजना से लाभान्वित नौकरियां भी पैदा हुईं

अहमदाबाद में गुरुवार को धान रोपते किसान। • रॉयटर्स

कृषि मंत्रालय का बजट



विशेषज्ञ की राय

देवेंद्र शर्मा, कृषि विशेषज्ञ

किसान सम्मान निधि 8-10 हजार रुपये हो

कृषि विशेषज्ञ देवेंद्र शर्मा ने कहा, वित्त मंत्री ने सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश किया है। किसानों को हर साल मिलने वाली पीएम-किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर आठ से 10 हजार रुपये सालाना करना चाहिए था। वर्तमान में किसानों को हर तीन माह में सालाना तीन समान किस्तों में कुल 6,000 रुपये मिलते हैं। यह महंगाई को देखते हुए नाकाफी हैं।

भारत की कृषि विकास दर 1.8 फीसदी है जो देश की संभावित जीडीपी सात फीसदी से काफी कम है। देश का कृषि क्षेत्र पिछले कई महीनों से संकट के दौर से गुजर रहा है। हालांकि, बजट में स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का उपाय किया गया।

तिलहन में आत्मनिर्भरता के लिए रणनीति बनेगी

सीतारमण ने कहा कि सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए एक रणनीति बनाई जाएगी। इसमें अधिक उपज देने वाली किस्मों पर काम होगा।

नैनो डीएपी का उल्लेख

वित्त मंत्री ने कहा कि नैनो यूरिया को सफलतापूर्वक अपनाने के बाद सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों में नैनो डीएपी (एक तरह का उर्वरक) के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।

55 लाख नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य

निर्मला सीतारमण ने अलग मत्स्य पालन विभाग की स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मत्स्य संपदा योजना ने 2013-14 से समुद्री खाद्य निर्यात को दोगुना करने में मदद की। 55 लाख नौकरियां पैदा करने को बढ़ावा दिया जाएगा।

आधुनिक तकनीक से लैस होगी सेना

रक्षा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सरकार ने गुरुवार को घोषित अंतरिम बजट 2024-25 में रक्षा क्षेत्र के लिए 6.21 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। पिछले साल यह आवंटन 5.94 लाख करोड़ रुपये था। यानी इस साल 27 हजार करोड़ का इजाफा किया गया है। साथ ही सैन्य क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा भी की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश अंतरिम बजट में, पूंजीगत व्यय के लिए सेना को कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जिसमें बड़े पैमाने पर नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य साजोसामान खरीदना शामिल है। पिछले साल यानी 2023-24 में पूंजी परिव्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.62 लाख करोड़ रुपये था।

वित्त मंत्री ने कहा कि रक्षा प्रयोजनों के लिए गहन प्रौद्योगिकियों को मजबूत बनाने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए नई योजना शुरू की जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में, भारतीय वायु सेना के लिए पूंजी परिव्यय सबसे अधिक 57,137.09 करोड़ रुपये था, जिसमें विमान और एयरो इंजन की खरीद के लिए 15,721 करोड़ रुपये और अन्य साजोसामान के लिए 36,223.13 करोड़ रुपये शामिल थे। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें आधुनिक प्रौद्यौगिकी डीप टैक से रक्षा क्षेत्र को मजबूत बाने की बात कही गई है।

सेना को कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये आवंटित : पूंजीगत व्यय के लिए सेना को कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जिसमें बड़े पैमाने पर नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य साजोसामान खरीदना शामिल है। पिछले साल बजटीय आवंटन 1.62 लाख करोड़ रुपये था।

1.7 लाख करोड़ रुपये सेना के पूंजीगत व्यय के लिए दिया गया

5.9 लाख करोड़ रुपये पिछले साल रक्षा के लिए दिए गए थे

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में गुरुवार को बर्फबारी के बीच तैनात सुरक्षाकर्मी। • प्रेट्र

राजस्व व्यय में मंत्रालय के लिए 15,322 करोड़

कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ आंका गया जिनमें पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़, सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ और मंत्रालय के 15,322 करोड़ शामिल हैं।

"रक्षा बजट के तहत समग्र आवंटन से सेना के लिए सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट होती हैं।
-डॉ. लक्ष्मण कुमार बेहरा, एसोसिएट प्रोफेसर, जेएनयू

सेनाओं के लिए कितना

थल सेना के लिए राजस्व व्यय 1,92,680 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि नौसेना और वायु सेना को क्रमशः 32,778 करोड़ रुपये और 46,223 करोड़ आवंटित किए हैं।

नौसेना बेड़े के लिए 23,800 करोड़

नौसेना बेड़े के लिए 23,800 करोड़ रुपये और नौसेना डॉकयार्ड परियोजनाओं के लिए 6,830 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

एयरो इंजन के लिए 40,777 करोड़

रक्षा सेवाओं के लिए पूंजीगत परिव्यय में, विमान और एयरो इंजन के लिए 40,777 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि अन्य साजोसामान के लिए 62,343 करोड़ आवंटित किए।

सीबीआई को पिछले साल से कम मिला

सीबीआई को 928.46 करोड़ रुपये आवंटित किए। यह वित्त वर्ष 2023-24 की अपेक्षा 40.4 करोड़ रुपये कम है। तब बजट अनुमान में 946.51 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। बाद में संशोधित बजट अनुमान में बढ़ाकर 968.86 करोड़ कर दिया गया था।

विशेषज्ञ की राय

संजय कुलकर्णी, लेफ्टिनेंट जनरल

चुनौतियों पर ध्यान देना होगा

यह अंतरिम बजट है। पांच फीसदी बढ़ोत्तरी का मतलब है कि यह सिर्फ महंगाई की भरपाई की गई है। लेकिन हमें यह मानना चाहिए कि देश की रक्षा के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है।

प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव तुस्याना प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के मैनेजर मनोज कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार सुबह अवैध निर्माण को ढहा दिया। वर्मा ने कहा कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

ग्रीन एरिया में बने अवैध क्योस्कों को तोड़ा: वहीं, प्राधिकरण ने ग्रेनो वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-1 सोसाइटी के मार्केट परिसर में अवैध रूप से बने 15 क्योस्क पर भी बुलडोजर चलाया। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग के मुताबिक मार्केट के ग्रीन एरिया में अवैध रूप से क्योस्क बनाए गए थे।

राष्ट्रपति सूरजकुंड मेले का आज शुभारंभ करेंगी

Surajkund International Crafts Mela
अंतरराष्ट्रीय 37वां सूरजकुंड मेला
02 से 18 फरवरी तक

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले का शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुभारंभ करेंगी। मेला परिसर भारतीय लोककला की छटा बिखेरने को तैयार हो चुका है।

मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एमडी सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस मेले में इस बार थीम स्टेट गुजरात और भागीदार देश तंजानिया है। सांस्कृतिक भागीदारी पूर्वोत्तर राज्यों की रहेगी। गुजरात की लोककलाओं के साथ मेले में विदेशी कॉर्नर पर पर्यटक तंजानिया की हस्तशिल्प से रूबरू होंगे। मेले में 46 देश भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, पर्यटन मंत्री कंवरपाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा समेत स्थानीय विधायक और आमंत्रित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

DiGiSPICE

DiGiSPICE Technologies Limited

Regd. Office: 622, JA-122, 1st Floor, DLF Tower A, Jasola, New Delhi -110025
CIN No.: L72900DL1986PLC330369
Tel.: +91 11 41251965; **Email:** complianceofficer@digispice.com **Website:** www.digispice.com

Extract of Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter and Nine Months period ended December 31, 2023

(Rs. in Lakhs)

Particulars	For the Quarter ended 31.12.2023 (Unaudited)	For the Nine Months ended 31.12.2023 (Unaudited)	For the Quarter ended 31.12.2022 (Unaudited) Restated
Continued Operations			
Total Income from operations	11,017.51	33,333.71	10,647.35
Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	681.58	2,345.69	(141.63)
Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	681.58	1,449.94	(141.63)
Discontinued Operations			
Net Profit /(Loss) before tax for the period	(511.87)	(1,961.75)	(612.95)
Net Profit /(Loss) after tax for the period	(525.83)	(3,375.80)	(649.12)
Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items and/or Non controlling Interest) (for continuing and discontinued operations)	(113.51)	(2,560.31)	(668.10)
Total Comprehensive Income/(Loss) for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income/(Loss) (after tax) (for continuing and discontinued operations)	34.55	(2,679.77)	(745.02)
Equity Share Capital (Face value Rs 3/- per share)	6,182.02	6,182.02	6,164.20
Reserves (Excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of Previous year)	-	-	-
Earnings per share (for continuing and discontinued operations) (of Rs 3/- each)			
Basic:	(0.07)	(1.11)	(0.29)
Diluted:	(0.07)	(1.11)	(0.29)

Notes:

1. Key Standalone Financial Information (including discontinued operations) is given below: (Rs. in Lakhs)

Particulars	For the Quarter ended 31.12.2023	For the Nine Months ended 31.12.2023	For the Quarter ended 31.12.2022
Net Sales / Income from Operation	970.38	2,833.81	1,103.23
Profit/(Loss) before tax	(374.69)	(969.90)	(428.65)
Net Profit/(Loss) after tax	(393.44)	(2,350.86)	(528.65)

2. The above is an extract of the detailed format of quarterly and nine months period unaudited financial results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as reviewed by the Audit Committee in its meeting held on January 30, 2024 and approved by the Board of Directors in its meeting held on January 31, 2024. The full quarterly and nine months period unaudited Financial Results are available on the Stock Exchange website(s) www.bseindia.com, www.nseindia.com and on the Company's website www.digispice.com.

For and on behalf of DiGiSPICE Technologies Limited
Rohit Ahuja
Whole-time Director

Dated: January 31, 2024
Place: Noida

HSIIDC
Government of Haryana
Announces e-Auction of
COMMERCIAL SITES
(Booth/SCO/Shop)
Registration Start Date: 25.01.2024
Closing of Registration/Deposit of EMD Date: 15.02.2024 (upto 23:59 hrs)
e-Auction Date (Tentative): 23.02.2024 (07.00 hrs. to 11:00 hrs.)
Registration and e-Auction Portal: https://hsiidc.bidx.in

Sr. No.	Estate/ Sector/Phase	Category of Site	Size (in Sq. Mtrs)	Reserve price per sq. mtrs. (in Rs.)	EMD (in Rs.)	Bid Increment (in Rs.)
1	Manesar, Sector-4, Phase-I	Booth (DS)	75.625	130800	494587	1500
2	Manesar, Sector-6, Phase-I	Booth (DS)	75.625	130800	494587	1500
3	Bahadurgarh, Sector-16	SCO (TS)	144	92100	663120	1500
4	Karnal, Sector-3A	Booth (DS)	75.625	74400	281325	1500
5	Informal Sector Narnaul	Conv. Shop (SS)	40.5	58300	118058	1500
6	Informal Sector Narnaul	Shops (TS)	144	55650	400680	1500
7	Bawal, Sector-9, Phase-III	Booth (DS)	75.625	72100	272628	1500
8		Booth (SS)	48	18250	43800	1500
9	Bawal, Sector-2, Ph-I	Booth (DS)	75.625	72100	272628	1500
10	Bawal, Sector-13, Ph-III	Booth (DS)	75.625	72100	272628	1500
11	Rohtak (Old IDC)	SCO (TS)	144	46550	335160	1500
12	Kundli, Sec-53, Phase-I	Booth (DS)	75.625	66400	251075	1500
13	Barwala, Phase-I	Commercial Plot (TS)	450	70950	1596375	1000
14	Rai, Ph-I, (Pocket-A)	Booth (SS)	48	46550	111720	1500
15	Rai, Phase-II	Booth (DS)	75.625	53200	201162	1500
16	Kharkhoda (Pocket-1 and 2)	Booth (SS)	48	47850	114840	1500
17	Barhi, Phase-I	Commercial Plot (TS)	450	55200	1242000	1000
18	IGC Saha, Sector-2, Phase-I PKT-F	SCO (TS)	144	24100	173520	1000
19	IGC Saha, Sector-2A, Phase-II PKT-A	SCO (TS)	108	24100	130140	1000

For more details please refer the brochure available on website: www.hsiidc.org.in & auction portal www.hsiidc.bidx.in
Note: (1) All details including extension in schedule of e-auction, clarification, amendments, addenda, corrigenda etc. will be uploaded on the website of the HSIIDC and will not be published in newspapers. Hence, applicants to regularly visit website of HSIIDC to keep themselves updated about such developments. Please visit www.hsiidc.org.in (2) The Corporation may without assigning any reason withdraw any or all the sites from e-auction process at any stage and is not bound to accept even the highest bid or any or all bids even if they are above the reserve price. HSIIDC reserves the right to accept or reject any or all the bids or cancel/postpone the bidding process without assigning any reasons thereof.
Scan to Download Brochure
Haryana State Industrial & Infrastructure Development Corporation
Regd. Office: C-13 & 14, Sector-6, Panchkula, Ph. 0172-2590481-83, E-mail: contactus@hsiidc.org.in, Website: hsiidc.org.in

विश्वास का प्रदर्शन

नरेंद्र मोदी सरकार के दसवें वर्ष का अंतिम व अंतरिम बजट पूरी तरह से आश्वस्त और भविष्योन्मुखी बजट है। यह कदापि चुनावी बजट नहीं है, क्योंकि दो महीने में देश में चुनाव होने जा रहे हैं, पर सरकार में किसी भी तरह की बेचैनी नहीं है। साफ लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार अपनी वापसी के लिए आश्वस्त है। चूंकि यह अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती पर फोकस करता हुआ बजट है, इसलिए किसी भी प्रकार की नई तात्कालिक लोकलुभावन घोषणा से इसे बचाया गया है। लोकलुभावन घोषणा के रूप में केवल सूर्योदय योजना है, जिसकी घोषणा पहले ही हो चुकी है, जिसके तहत देश के एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना है। ये ऐसे घर होंगे, जिनकी छतों पर सौर ऊर्जा के लिए संयंत्र स्थापित होंगे। न कॉरपोरेट कर में कोई परिवर्तन हुआ है और न आयकर में किसी तरह की राहत दी गई है। अब वेतनभोगियों को चुनाव बाद आम बजट से ही उम्मीद रखनी चाहिए। बजट में नारी, युवा, किसान और गरीब पर विशेष नजर है और इसके सियासी मूल्य को सहज ही समझा जा सकता है। बहरहाल, संसद में अच्छे माहौल में बजट का पेश होना भी स्वागतयोग्य है।

इस अंतरिम बजट 2023-24 को हम 'गुड रिपोर्ट कार्ड बजट' भी कह सकते हैं, क्योंकि एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण का अधिकतर हिस्सा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नरेंद्र मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियों की व्यवस्थित प्रस्तुति पर खर्च किया। चूंकि विकास दर संतोषजनक है, लगभग 7 प्रतिशत की विकास दर देश हासिल कर सकता है। सरकार का वित्तीय घाटा 5.9 के अनुमान से कम 5.8 रहा है और सरकार वित्त वर्ष 2025 में इसे 5.1 प्रतिशत करने के प्रति आश्वस्त है। कोई संदेह नहीं है कि यह सरकार के आत्मविश्वास से सराबोर बजट है। वित्तीय घाटे को एकदम से कम किया भी नहीं जा सकता, क्योंकि सरकार को विकास की रफ्तार बनाए रखने के साथ जनकल्याण के कार्यों-योजनाओं को भी चलाए रखना है। वाकई, देश का तेज विकास और जरूरतमंदों की मदद करना ज्यादा जरूरी है और वित्तीय घाटे की ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार के समय में उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रवेश बढ़ा है और 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकल आए हैं। लोगों की आय में 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। साफ तौर पर केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक न्याय पर है, अगर इसे सुनिश्चित किया जाए, तो सामाजिक न्याय में भी सहूलियत होगी।

केंद्र सरकार का बजटीय फोकस आर्थिक न्याय पर है, अगर इसे ठीक से सुनिश्चित कर दिया जाए, तो सामाजिक न्याय में भी सहूलियत होगी।

नरेंद्र मोदी सरकार के समय में विदेशी पूंजी निवेश भी खूब आया है। करीब 596 अरब डॉलर का विदेशी पूंजी निवेश 2014 से 2023 के बीच आया है। हालांकि, यह अच्छी बात है कि सरकार को एहसास है, विदेशी पूंजी निवेश का पूरा लाभ देश को नहीं हुआ है, इसलिए सरकार एफडीआई की नई परिभाषा गढ़ रही है। 'फॉरेन डायरेक्ट इंवेस्टमेंट' को अगर 'फर्स्ट डेवलप इंडिया' की ओर मोड़ दिया जाए, तो कमाल हो सकता है। सरकार ने युवाओं के कौशल विकास की दिशा में काफी काम किए हैं और अब लघु व मध्यम कंपनियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि उत्पादन के साथ ही निर्यात में भी वृद्धि हो। कहने की बात नहीं कि बुनियादी ढांचे में सरकार का निवेश सराहनीय है और सरकार इसे जीडीपी का 3.4 प्रतिशत रखे हुए है। आगामी पूर्ण बजट में भी बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य में भी सरकार से ज्यादा बजट की उम्मीद रहेगी।

भविष्य को मजबूती से निहारता बजट

यहां स्कैन करें

एन के सिंह | वरिष्ठ अर्थशास्त्री व पूर्व केंद्रीय सचिव

यह बजट नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रति उनके आत्मविश्वास से उपजा है। केवल असुरक्षित सरकारें चुनावी नतीजों को बेहतर बनाने के लिए लुभावने कदम उठाती हैं।

अंतरिम बजट का मतलब है जिम्मेदार होना, नए उपायों को लेकर शानदार होना नहीं। इस अर्थ में यह बजट जिम्मेदार, भरोसेमंद है और भारतीय विकास प्रक्रिया में विश्व समुदाय के विश्वास को मजबूत करता है। अंतरिम बजट 2024-25 के बारे में मेरे पास बताने के लिए करीब सात बिंदु हैं।

सबसे पहले और सबसे अहम बात यह है कि बजट का मूल्यांकन न सिर्फ इस आधार पर किया जाना चाहिए कि आप क्या करते हैं, बल्कि इस आधार पर भी कि आप क्या नहीं करना चाहते हैं। यह देखते हुए कि यह एक चुनावी साल है, यह उम्मीद की गई होगी कि सार्वजनिक व्यय, प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण और सार्वजनिक सब्सिडी के माध्यम से लोकलुभावन उपायों की घोषणा की जाएगी। ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। इसके बजाय, सरकार ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का मार्ग अपनाया। यह नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रति उनके आत्मविश्वास से उपजा है। केवल असुरक्षित सरकारें ही चुनावी नतीजों को बेहतर बनाने के लिए लोकलुभावन कदम उठाती हैं। अल्पकालिक लाभ की तुलना में व्यापक आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दी गई है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने और अतिरिक्त निजी पूंजी व्यय को गति देने के लिए राजकोषीय संतुलन बनाने की जो कोशिश हुई है, उसकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जाएगी।

दूसरा, व्यय का ढर्रा देखें, तो पूंजीगत व्यय को 11 प्रतिशत का एक और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। हम लगातार उच्च पूंजीगत व्यय की राह पर हैं। राजस्व व्यय पर पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता पिछले कई बजटों की विशेषता रही है। इससे विकास को बढ़ावा मिलेगा।

तीसरा, यह चौथा वर्ष है, जब भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक भारत की विकास दर 7 प्रतिशत रहने की संभावना है। आगामी वर्षों में 7 प्रतिशत से भी ज्यादा की विकास गाथा को आगे बढ़ाया जाएगा, जो विकसित भारत बनाने के लिए खास प्रेरणा होगी। भारत बेशक 7 ट्रिलियन की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और निकट भविष्य में 10 ट्रिलियन तक भी पहुंचेगा। ऐसे लक्ष्य सामने हों, तो विकास की गति को कई प्रकार से बल मिलता है।

चौथा, विकास गाथा में पहले के वर्षों की तुलना में ज्यादा राजस्व उछाल दिख रही है। इस वर्ष जीडीपी में कर हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा होने की संभावना है। यह केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष व परोक्ष करों में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ बेहतर राज्य जीएसटी का भी परिणाम है। राज्यों को अपने कर प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

तथ्य यह है कि राज्यों के लिए आवंटित अतिरिक्त 1 लाख करोड़ रुपये में से 90 प्रतिशत से अधिक का उपयोग हुआ है, जो विकास को बढ़ाने वाली व्यय प्राथमिकताओं में राज्यों के जिम्मेदारी भरे व्यवहार को भी दर्शाता है। इससे राज्यों के राजकोषीय और ऋण प्रदर्शन में भी सुधार होगा।

पांचवां, यह बजट साल 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता को 35 प्रतिशत तक कम करके जलवायु परिवर्तन के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर तय योगदान को पूरा करने पर नए सिरे से जोर देता है। छत पर सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा के लिए प्रोत्साहन जैसे कई उपायों की घोषणा की गई है, जो प्रशंसनीय है। इससे न केवल अक्षय ऊर्जा पर निर्भरता की आदत पड़ेगी, बल्कि कुप्रबंधन की शिकार राज्य विद्युत वितरण कंपनियों को भी अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सुधार और प्रतिस्पर्द्धा करने की प्रेरणा मिलेगी। विकास की गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य के साथ लोगों की साझेदारी भारतीय विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नारी शक्ति, महिलाओं, युवा सशक्तिकरण और पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ फसलों के लिए किसानों को बढ़ावा देने के उपायों पर नए सिरे से जोर दिया जाना भी विकसित भारत बनाने की रणनीति में एक महत्वपूर्ण कारक होगा। प्रौद्योगिकी के उपयोग की शक्ति में प्रधानमंत्री का विश्वास फिर झलका है। अनुसंधान एवं विकास में एक लाख करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण कोष का सृजन, निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी और अनुसंधान-विकास में नवाचार न केवल युवा शक्ति का उपयोग करने में रचनात्मकता को सक्षम बनाएगा, बल्कि कई भावी चुनौतियों के लिए स्थानीय समाधान भी प्रदान करेगा। इससे भारत अपनी उत्पादकता में सुधार करते हुए प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर भी अग्रणी भूमिका निभाएगा।

आज विकास और व्यापक स्थिरता के बीच विषमता को संतुलित करना आसान नहीं है, पर यह अंतरिम बजट निर्णायक रूप से ऐसा करने की कोशिश करता है। इसी तरह, ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और ऊर्जा बदलाव के बीच समझौता आसान नहीं है। विकास तेज करने और उत्सर्जन घटाने के बीच सही संतुलन बनाने के लिए कठिन विकल्पों की जरूरत पड़ती है। बजट में इन विकल्पों को बड़ी जिम्मेदारी से पेश किया किया गया है। प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, शिक्षा में बदलाव और मानव संसाधन क्षमता में वृद्धि रोजगार सृजन के नजरिये से एक अहम पहलू है। उद्योग के लिए प्रतिभावान और कुशल कार्यबल की उपलब्धता, सभी स्तरों पर स्कूलों में उम्र के अनुरूप सीखने के परिणाम और एक सेहतमंद व चुस्त आबादी अहम नीतिगत प्राथमिकताएं हैं, आने वाले वर्षों में भी ये चुनौतियां कायम रहेंगी।

अंतरिम बजट प्रतिबद्ध है कि 2047 तक विकसित भारत बनाने की रणनीति का पूरा खाका जुलाई में मुख्य बजट में शामिल किया जाएगा। निस्संदेह, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का काम चल रहा है, पर चुनौतियों से निपटने के लिए उच्च निवेश, बचत अनुपात, बढ़ी हुई उत्पादकता और क्रियान्वयन के साथ ही 7 प्रतिशत से ज्यादा की विकास दर की जरूरत है। इसमें राज्य सरकारों की भागीदारी की जरूरत है। राज्य सरकारों को हमारी विकास रणनीतियों में सक्रिय भागीदार बनाना विकसित भारत को साकार करने में एक अहम उत्प्रेरक होगा।

कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व सभी हितधारकों के भारी समर्थन के साथ संघीय साझेदारी को गहरा बनाने में सक्षम होगा, जो समावेशी है, न्यायसंगत है, गरीबों की जरूरतों को पूरा करता है, जो लाभकारी रोजगार प्रदान करता है। हमें उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाते हुए अवसरों और युवाओं की जन्मजात नवाचार क्षमताओं को विकसित करना होगा। यह भारत के लिए वह क्षण है, जब पीछे मुड़कर नहीं देखा जा सकता।

(लेखक 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं)

ग्रामीण भारत

हमारी कृषि अर्थव्यवस्था को रहेगा पूर्ण बजट का इंतजार

यहां स्कैन करें

देविंदर शर्मा | कृषि व खाद्य विशेषज्ञ

गुरुवार को वित्त मंत्री जब संसद में खड़ी हुईं, तो उम्मीद थी कि अंतरिम बजट होने के बावजूद सरकार खेती-किसानी पर विशेष ध्यान देगी। साल 2019 का उदाहरण हमारे सामने था और भरोसा था कि आम चुनाव से पहले किसानों को राहत दी जाएगी। इसकी वजह यह भी थी कि दुनिया के अमीर देशों के संगठन 'ओईसीडी' ने अक्तूबर, 2023 के अपने अध्ययन में बताया था कि 54 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां के किसान साल 2000 से खेती में घाटा उठा रहे हैं। इस अध्ययन में किसानों के प्रति नीतियों के कारण भारत को वियतनाम और अर्जेंटीना के समकक्ष रखा गया था। अभी अपने यहां कृषि विकास दर 1.8 फीसदी है।

क्या बजट से किसानों की उम्मीदें पूरी हुईं? सरकार ने इस दिशा में कुछ कोशिशें तो कीं, पर उनमें कई किंतु-परंतु भी हैं। खेती-किसानी के लिए इस बजट में दो चीजें काफी अहम हैं। एक, तिलहन में आत्मनिर्भरता। यह अच्छी पहल है, पर हमें 1993-94 की 'पीली क्रांति' के सबक भी याद रखने चाहिए। जब यह क्रांति हुई, तब 97 फीसदी तिलहन पैदावार देश में ही होती थी और सिर्फ तीन फीसदी आयात। चूंकि इसके बाद हमने आयात शुल्क कम करने शुरू किए, जो घटकर शून्य के करीब आ गया, इसलिए खाद्य तेल का आयात बढ़ने लगा और आज हम इस मामले में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आयातक देश बन गए हैं। यह याद रखना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पिछले साल सरसों की पैदावार अच्छी हुई है, फिर भी खाद्य तेलों पर आयात शुल्क घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया।

अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और अब इनकी संख्या बढ़ाकर तीन करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है।

दूसरी अच्छी चीज है, मछली पालन और दुग्ध-उत्पादन पर जोर। मछली पालन से लाभ मिलेगा, लेकिन दुग्ध-उत्पादन बढ़ाना कोई विशेष फायदेमंद नहीं है। हम अभी दुग्ध उत्पादन में सिरमौर हैं, यदि इसको बढ़ा भी दिया, तो किसानों को लाभ नहीं मिलेगा, इसलिए किसानों के फायदे के बारे में हमें सोचना चाहिए।

बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास-निर्माण दूरदर्शी सोच है। अभी तक इस योजना के तहत तीन करोड़ मकान बन चुके हैं और दो करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि, इससे भी अहम है लखपति दीदी योजना। यह ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल सकती है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और अब इनकी संख्या बढ़ाकर तीन करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। यह सराहनीय है, क्योंकि बहुत कम लोग जानते हैं कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, जहां स्वयं सहायता समूह की खास शुरुआत हुई है, महिलाएं मूक क्रांति कर रही हैं। वहां महिलाओं ने इतना बड़ा आर्थिक आधार तैयार कर दिया है कि आंध्र प्रदेश प्राकृतिक खेती की ओर मुड़ने के साथ-साथ पूरी दुनिया में 'एग्रो एग्रीकल्चर' का बड़ा मॉडल खड़ा कर चुका है। इससे आठ लाख किसान प्राकृतिक खेती में आए हैं। दक्षिण भारत की यह संकल्पना उत्तर भारत में साकार होना सुखद होगा।

सरकार चाहती, तो अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि की राशि भी बढ़ा सकती थी। अभी 11.8 करोड़ किसानों को छह हजार रुपये सालाना के हिसाब से करीब 60 हजार करोड़ रुपये की राशि दी जा रही है। मगर पिछले दिनों ही कृषि मंत्रालय ने पिछले पांच साल में एक लाख करोड़ रुपये न खर्च करने के कारण यह रकम वित्त मंत्रालय को वापस लौटाई है। यह देखते हुए कि तेलंगाना और महाराष्ट्र में राज्य सरकार अपने तईं 6,000 रुपये सालाना का अतिरिक्त प्रोत्साहन किसानों को देती है, यह माना जा रहा था कि संसाधन की कमी न होने के कारण केंद्र सरकार भी बजट में इसे लेकर प्रावधान करेगी, मगर ऐसा नहीं हो सका। कुल मिलाकर, अंतरिम बजट में एक दिशा तो दिखाई देती है, पर कृषि क्षेत्र अभी जिस संकट से गुजर रहा है, उससे पार पाने के कुछ उपायों का इसमें अभाव दिखता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

रेल परिवहन

स्वच्छ यात्रा और विकास का इंजन बनेगी भारतीय रेल

यहां स्कैन करें

विजय दत्त | सेवानिवृत्त अतिरिक्त सदस्य, रेलवे बोर्ड

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहीं प्रत्यक्ष, तो कहीं परोक्ष रूप से रेलवे के कायांतरण की रूपरेखा पेश की। कुछ घोषणाएं तो बिल्कुल साफ हैं। मसलन, 40,000 बोगियों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप अपग्रेड करने की बात कही गई है। इससे निस्संदेह यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा, ट्रेनों की गति बढ़ेगी और सुरक्षा मानक कहीं बेहतर होंगे। इन सबसे ढुलाई व परिवहन खर्च में भी कमी आएगी, जिसके लिए अंतरिम बजट में पीएम गतिशक्ति योजना के तहत तीन नए रेलवे कॉरिडोर बनाने का एलान भी किया गया है। ये कॉरिडोर होंगे- ऊर्जा, सीमेंट व खनिज कॉरिडोर, पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर।

अभी हमारे यहां ढुलाई और परिवहन पर 14 फीसदी का खर्च आता है, जबकि अमेरिका में सात फीसदी। रेलवे जितना अधिक माल ढोएगा, यह लागत उतनी कम हो जाएगी, इसलिए बजट में ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिससे सुगम रेल यात्रा के साथ-साथ अधिकाधिक माल परिवहन भी संभव हो सकेगा।

इस बजट में दिसंबर, 2022 की राष्ट्रीय रेल योजना की झलक भी मिलती है। उस योजना में देश के कुल परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी 45 फीसदी तक करने की रूपरेखा भी बनाई गई थी। अभी जहां 27 फीसदी माल की ढुलाई रेलवे करता है, वहीं सिर्फ 10 फीसदी यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाता है। इसे बढ़ाने के लिए रेलवे को पूर्णतः विद्युतिकृत करने, उच्च घनत्व वाले मार्गों को चार या छह लेन बनाने, वंदे भारत जैसी पुश पुल ट्रेन लाने आदि प्रयासों की जरूरत बताई गई थी। इसके लिए व्यापक निवेश की दरकार थी। सुखद है कि बजट में इस पर जोर दिया ही गया है, दो दिन पहले वित्त मंत्रालय से आई रिपोर्ट में भी साल 2030 तक भारतीय रेलवे में 11 लाख करोड़ रुपये निवेश की बात कही गई है।

वित्त मंत्री ने मेट्रो और उप-नगरीय रेल सेवा के विकास की भी बात कही। अभी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में उप-नगरीय रेल सेवा चल रही है। बेंगलुरु में भी दो-तीन साल पहले इसका निर्माण शुरू किया गया था। अंतरिम बजट में इसके लिए भी प्रावधान हैं। उप-नगरीय रेल सेवाओं पर ध्यान देना काफी जरूरी भी है, क्योंकि आंकड़ों के मुताबिक, मुंबई में हर दिन 60 लाख यात्री इसका इस्तेमाल करते हैं, जबकि दिल्ली मेट्रो में यह आंकड़ा रोजाना 35-40 लाख यात्रियों का है। इन रेल सेवाओं के विस्तार के लिए नई लाइनें बिछाने, दोहरीकरण जैसे प्रावधान अंतरिम बजट में किए गए हैं। रेपिड रेल के विस्तार की भी बात की गई है।

ट्रेनों की गति व सुविधाएं बढ़ेंगी। भारतीय रेल विश्व की एकमात्र ऐसी रेल सेवा बन जाएगी, जो पूरी तरह से विद्युतिकृत होगी।

अच्छी बात है कि भारतीय रेल पर्यावरण-सुधार में भी अपना योगदान दे रही है। कॉप-26 की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को साल 2070 तक और रेलवे को 2030 तक 'नेट जीरो' उत्सर्जक बनाने की बात कही थी। नेट जीरो का अर्थ है कि कार्बन उत्सर्जन का पूरी तरह से अंत। इसके लिए जरूरी था कि भारतीय रेलवे को पूरी तरह से विद्युतिकृत करना। हम इस साल ऐसा करने जा रहे हैं, और इस तरह भारतीय रेल विश्व की एकमात्र ऐसी रेल सेवा बन जाएगी, जो पूरी तरह से विद्युतिकृत होगी।

जाहिर है, इसमें जितना हिस्सा अक्षय ऊर्जा का होगा, हम उतनी तेजी से नेट जीरो की तरफ बढ़ेंगे। अभी रेल में 13-14 फीसदी अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल होता है। अंतरिम बजट में इसे बढ़ाने का एलान वित्त मंत्री ने किया है। इसमें ऑफशोर विंड, यानी तटीय इलाकों में पवन ऊर्जा बनाने की योजना में सरकार द्वारा वित्तीय मदद की घोषणा फायदेमंद साबित हो सकेगी।

साफ है, सरकार एक तरफ रेल सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास, नई ट्रेनों की शुरुआत, रेलवे स्टेशनों के पुनरोद्धार जैसे कामों पर ध्यान दे रही है, तो दूसरी तरफ इसे विकास का इंजन भी बना रही है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे से भी इसके संकेत मिलते हैं, क्योंकि इसे हरित बनाने में रेलवे की बड़ी भूमिका होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले | 31 जनवरी, 1949

अनाज के भावों में निरन्तर तेजी

हापुड़, (डाक से)। इस सप्ताह प्रायः सब जिन्सों के भाव बढ़े हैं- क्या अनाज, क्या दाल, क्या गुड़ और क्या तिलहन। अनाजों में गेहूं के भाव निरन्तर बढ़ते जा रहे हैं। हापुड़ में अच्छे गेहूं का भाव २९) हो गया है और प्रांत के कुछ नगरों में तो ३२) प्रति मन तक है। चने के भाव निसबतन कम हैं क्योंकि पंजाब तथा राजपूताने से कुछ अधिकृत रूप से और कुछ अनधिकृत रूप से चना आता रहता है। जौ, मक्का और बाजरे के भाव ऊंचे बने हुए हैं।

अनाज के भावों के बढ़ने के तीन प्रमुख कारण हैं, स्टाक की कमी, वर्षा न होने के कारण आने वाली फसल के बारे में चिन्ता और विशेषज्ञों के ऐलान हैं जो अनाज की कमी के अनुमान प्रति दिन बढ़ाते जा रहे हैं। अभी गत सप्ताह सरकारी हलकों का अनुमान था कि १९४९ में भारत को लगभग ४६ लाख टन अनाज की आवश्यकता पड़ेगी। अब अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सम्मेलन में हिन्दी प्रतिनिधि मंडल के नेता श्री दिनकर राव देसाई ने बतलाया है कि देश में लगभग ६० लाख टन अनाज की कमी है। आपने यह भी बताया है कि देश के पास इतना अनाज मंगाने के लिये विदेशी मुद्रा के साधन नहीं हैं। इस स्थिति में क्या आश्चर्य है कि अनाज के दाम बढ़ने लगें और गेहूं और चावल का तो बाजार में मिलना ही कठिन हो जाये। गेहूं के वर्तमान भाव सरकार द्वारा नियत अपनी खरीद के भाव से दुगने से भी ऊंचे हैं और चावल के भाव उन जिलों में जहां चावल और धान बहुतायत से पैदा नहीं होता कंट्रोल के भाव से करीब करीब दुगने हैं। अन्य अनाज के भाव भी सरकारी भावों से बहुत ऊंचे हैं। यह है संयुक्त प्रांत की बात। पूर्वी पंजाब में सरकारी हलकों के दावे के अनुसार जब से राशनिंग प्रारम्भ हुआ है खाद्य स्थिति बहुत कुछ सुधर गई है। बताया गया है कि फिरोजपुर और लुधियाने जिले में गेहूं का भाव गिरकर १८) प्रति मन हो गया है और मक्का और बाजरा अब प्रायः सब जगह कंट्रोल रेट पर मिल जाते हैं।

खड़ी फसल की हालत अब तक संतोषजनक थी; लेकिन आगे सूखे से भारी नुकसान हो जाने का डर है; यदि बहुत शीघ्र वर्षा नहीं हो जाती है तो चाही इलाकों में फसल निश्चय रूप से हल्की रह जायेगी।

अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार नहीं होगी

भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से 'भागना' पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा।

पड़ोसी राज्य बिहार का हाल भी इससे अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार खबरों में रहा है। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। वह तो भ्रष्टाचार के मामलों में जेल की हवा तक खा चुके हैं, इसलिए यह कयास गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं।

इन सब घटनाओं का स्पष्ट मतलब है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं।

कांतिलाल मांडोत, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

हेमंत सोरेन गिरफ्तार

विपक्ष को कमजोर करने की बड़ी साजिश

राजनीति का मतलब है, नीति-विशेष द्वारा शासन करना या विशेष उद्देश्य की प्राप्ति करना। इसमें जिसकी लाठी, उसकी भैंस वाली कहावत ही चरितार्थ होती है, जिसकी पुष्टि हालिया घटनाक्रम भी करते हैं। इसने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की खाई को काफी गहरा बना दिया है। गौर कीजिए, जहां-जहां विपक्षी पार्टियों की सरकार है, वहां-वहां ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाएं अपना जाल बिछा रही हैं। कुछ विश्लेषक तो यह भी कहते हैं कि जो नेता सत्तारूढ़ दल से समझौता कर लेता है, वह पाक साफ बन जाता है, यानी उस पर जांच एजेंसियां कोई कार्रवाई नहीं करतीं। इसका अर्थ है कि विपक्ष को कमजोर करने की एक बड़ी साजिश रची गई है। चुनावी समीकरण को देखते हुए यह संदेह गलत भी नहीं लगता।

वैसे, झारखंड में जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी, तभी से षड्यंत्र के तहत उनको फंसाने की कोशिश शुरू हो गई थी। षड्यंत्रकारी यह भी नहीं चाहते हैं कि आदिवासी समुदाय से कोई मुख्यमंत्री बने और लोगों के हक-अधिकारों को धरातल तक पहुंचाए। यही वजह है कि यहां की पिछली सरकार के समय कई घोटाले हुए और आदिवासियों को सरकारी नीतियों से बाहर रखने का प्रयास किया गया। स्थानीय नीति, नियोजन नीति नहीं बनाई गई और न ही इस बात को लेकर कोई ठोस प्रयास किया गया। वोट की राजनीति करते हुए पिछली सरकार ने इस राज्य में बाहरी लोगों की आमद बढ़ा दी, जिससे जनसांख्यिकीय बदलाव की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

हालांकि, स्थानीय लोगों के हक में सेंधमारी की एक बड़ी वजह यह है कि मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से बहुत वाकिफ नहीं हैं। दक्षिण भारत में स्थानीयता को खत्म करने का कोई प्रयास इसलिए सफल नहीं होता, क्योंकि वहां जनता जागरूक है और वे खुलकर इसका विरोध करते हैं। उत्तर भारत में ऐसा नहीं है। यहां वोटों का समीकरण देखकर ही राजनीतिक षड्यंत्र रचा जाता है। अगर यहां के लोग अपनी लोकतांत्रिक चेतना जागृत कर लें और धर्म व जाति के आधार पर अपने विकास की सोचें, तो यहां भी राज्य सरकारों के खिलाफ कोई षड्यंत्र सफल नहीं हो सकता। इस बार जब फिर से पैर पर कुल्हाड़ी पड़ी है, तो क्या उम्मीद की जाए कि लोगों को होश आएगा? अगर ऐसा होता है और वे समझ जाते हैं कि झारखंड व यहां के लोगों को कौन कमजोर करके सत्ता पाने की लालसा संजो रहा है, तो यकीनन यहां भी किसी तरह का राजनीतिक षड्यंत्र सफल नहीं हो सकेगा।

ओमप्रकाश, टिप्पणीकार

खराब मौसम के कारण सभी विधायकों को सर्किट हाउस लौटना पड़ा

विधायकों को लेकर हैदराबाद के लिए नहीं उड़ सका विमान

झारखंड

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच महागठबंधन के 38 विधायक तेलंगाना के हैदराबाद जाने के लिए विमान में बैठे, लेकिन खराब मौसम की वजह से विमान उड़ान नहीं भर सका। सभी विधायकों को चार्टर प्लेन में एक घंटा बैठने के बाद उतरकर फिर से सर्किट हाउस लौटना पड़ा। अब शुक्रवार को हैदराबाद जाने की फिर से तैयारी की जा सकती है।

महागठबंधन विधायकों को गुरुवार की देर शाम दो चार्टर विमान से रांची हवाई अड्डे से हैदराबाद के लिए उड़ान भरने के लिए लेकर आया गया था। उन्हें रात में बेगमपेट हवाई अड्डे पर उतरकर सीधे उन्हें बंजारा हिल्स स्थित होटल ताज कृष्णा ले जाया जाना था।

तेलंगाना में ए. रेवंत रेड्डी की नवनियुक्त कांग्रेस सरकार ने विधायकों के लिए व्यवस्था की है। महागठबंधन के विधायकों को एकजुट रखने और किसी प्रकार की खरीद-फरोख्त नहीं हो इसको देखते हुए विधायकों को हैदराबाद ले जाया जा रहा था।

इन विधायकों को झारखंड में नई सरकार गठन के बाद विधानसभा में बहुमत साबित करने के दिन रांची लौटना था। राज्यपाल अगर शुक्रवार को चंपई सोरेन को सरकार बनाने का न्योता देते हैं तो चंपई सोरेन मुख्यमंत्री की और आलमगीर आलम व सत्यानंद भोक्ता मंत्री की शपथ ले सकते हैं। इसके बाद कैबिनेट की बैठक कर बहुमत साबित करने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें सरकार फ्लोर टेस्ट दे सकेगी।

पांच विधायकों को रांची में ही रहना था: झामुमो से चंपई सोरेन, कांग्रेस के आलमगीर आलम, राजद से सत्यानंद भोक्ता, झाविमो से प्रदीप यादव और माले से विनोद सिंह हैदराबाद नहीं जा रहे थे। वे राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के अलगे कदम का इंतजार कर रहे हैं।

रांची में गुरुवार की देर शाम विमान से हैदराबाद जाने को निकले झामुमो नेता हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन व अन्य विधायक।

राज्य में स्थिर सरकार देने में सक्षम: चंपई

दावा

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राज्यपाल को पत्र लिख कर चंपई सोरेन ने कहा कि महागठबंधन की ओर से 47 विधायकों के समर्थन के दावे और 43 विधायकों के हस्ताक्षरयुक्त समर्थन पत्र समर्पित किया गया था। यह बहुमत के आंकड़े से अधिक है।वह राज्य में स्थिर सरकार देने में सक्षम हैं।

विधायक और राज्य की जनता राज्यपाल से उम्मीद करती है कि जल्द ही एक लोकप्रिय सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करेंगे और राज्य को भ्रम की स्थिति से बाहर निकालेंगे।

बसंत साथ गए, सीता का भी समर्थन : महागठबंधन में शामिल झामुमो के जिन चार विधायकों को लेकर संशय की स्थिति बताई जा रही थी उनमें से बसंत सोरेन महागठबंधन के अन्य विधायकों के साथ समर्थन में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने कहा कि वह महागठबंधन सरकार को ही समर्थन देंगी। वह दिल्ली से लौट कर रांची आ गई हैं। उन्होंने कहा कि वह दुर्गा सोरेन के खून पसीने से खड़ी पार्टी को छोड़ने का सोच भी नहीं सकती।

> गठबंधन मजबूत है। कोई कुछ नहीं कर सकता। राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। राज्यपाल ने सकारात्मक बात की है। **-चंपई सोरेन,** नेता महाठबंधन विधायक दल

> बिहार में चार घंटे में इस्तीफा और शपथ हो गया। झारखंड में भी जो हो रहा है वह देश और दुनिया देख रही है। **-आलमगीर आलम,** कांग्रेस विधायक दल के नेता

> महागठबंधन के पास बहुमत है। गवर्नर को जल्द सरकार गठन की प्रकिया शुरू करानी चाहिए। **-सत्यानंद भोक्ता,** राजद

साजिश के तहत फंसाया, लड़ूंगा और जीतूंगा : हेमंत

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी से पहले झारखंड की जनता के नाम अपना संदेश रिकॉर्ड किया। यह वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया में चलता रहा है। हेमंत के अनुसार जिस जमीन को लेकर उन पर आरोप लगाए गए हैं, उससे उनका कोई ताल्लुक नहीं है।

हेमंत ने कहा कि जाली कागज बनाकर, फर्जी शिकायत के आधार पर उन्हें गिरफ्तार करने का षड्यंत्र रचने वाले कामयाब हो रहे हैं। लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि आज नहीं तो कल सत्य की विजय होगी। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी की खबरें आएंगी।

विरोधियों के नापाक इरादे फिलहाल कामयाब हो रहे हैं। वह अपनी पीठ थपथपाएंगे। झारखंड की जनता काफी संवेदनशील और कर्मठ है। ईमानदारी के साथ वह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्हें उम्मीद है कि इस लड़ाई में सभी का सहयोग मिलेगा।

कोर्ट की शरण में जा रहा हूं : सोरेन ने कहा कोर्ट के निर्णय का सर्वमान्य तौर सम्मान करते हैं। वह कोर्ट की शरण में जा रहे हैं। लेकिन उन्हें नहीं लगता कि इतना वक्त मिलेगा। सभी को पता है कि देश के अंदर व्यवस्थाएं किस तरीके से काम कर रही हैं। आज एक लोकप्रिय सरकार, एक आदिवासी नेता अपने बल पर सरकार बनाकर जनता की सेवा कर रहा था। आज लगता है कि यह वक्त उनके लिए खत्म हो रहा है। अब एक नई लड़ाई हमें लड़नी पड़ेगी।

शिबू सोरेन का पुत्र हूं, संघर्ष मेरे खून में

हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी की चिंता नहीं है। वह शिबू सोरेन के पुत्र हैं। संघर्ष उनके खून में है। वह संघर्ष करेंगे। लड़ेंगे और जीतेंगे भी। किसी खास मंसूबे की वजह से ईडी ने उन्हें गिरफ्तार करने का निर्णय लिया है। उनके पास समय बहुत कम है। हाल में ही राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बिहार हुआ है। अब यह झारखंड को भी षड्यंत्र का शिकार बना रहे हैं।

सोरेन की याचिका पर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई आज होगी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को धन शोधन के मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने को चुनौती देने वाली झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस याचिका पर शुक्रवार को विस्तार से सुनवाई की जाएगी। ईडी ने सोरेन को बुधवार की रात को गिरफ्तार किया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता हेमंत सोरेन ने ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ पहले उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका पर शुक्रवार को सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई करने का फैसला किया था। हालांकि इस बीच सोरेने ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका का उल्लेख करते हुए सुनवाई का आग्रह किया।

विशेष पीठ का गठन: उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को तीन जज की एक विशेष पीठ का गठन किया।

देश 30

'आप' ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली। चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम पर रोक लगाने से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी के पार्षद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। पार्षद ने शीर्ष न्यायालय से महापौर के चुनाव परिणाम को रद्द करने की मांग की है। उच्च न्यायालय ने चुनाव परिणाम पर रोक लगाने से इनकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दिया था।

राज्यसभा के लिए उपसभापति पैनल का पुनर्गठन

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को उच्च सदन के लिए उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया। पैनल में आठ सदस्य हैं, जिनमें चार महिलाएं हैं। पैनल में रमिलाबेन बेचारभाई बारा, सीमा द्विवेदी, अमी याज्ञिक, मौसम नूर, कनकमेदला रवींद्र कुमार, प्रभाकर रेड्डी वेमीरेड्डी, मनोज कुमार झा और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डी पी वत्स को शामिल किया गया है।

पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी सदस्य बने

नई दिल्ली। पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, 1990 बैच के आईएफएस के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यूपीएससी सदस्य की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। वर्मा स्पेन और अंडोरा, इथियोपिया, जिबूती और अफ्रीकी संघ में भारत के राजदूत रह चुके हैं।

'समाचार चैनल को संचालन की अनुमति दे केंद्र'

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मराठी समाचार चैनल को अपना संचालन शुरू करने की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल-न्यायाधीश पीठ ने 25 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने शिकायतों के लिए कदम उठाए हैं और वह चैनल चलाने के हकदार हैं।

भारत-यूएई निवेश संधि पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी

नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी। इस समझौते से दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को भारत और यूएई के बीच बीआईटी पर हस्ताक्षर और अनुमोदन को मंजूरी दी है।

भाजपा के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव : देवेगौड़ा

बेंगलुरु। जनता दल के सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा ने कहा कि लोकसभा का चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, आप चुनाव के बाद परिणाम देखेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी की नई दिल्ली में गृहमंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ हुई बैठक के बाद जनता दल (सेक्युलर) पिछले साल सितंबर में एनडीए में शामिल हो गई थी।

ईडी को विपक्ष के पीछे लगाना गलत: रघुराम राजन

जयपुर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय को विपक्षी नेताओं के पीछे लगाना गलत और अलोकतांत्रिक है। इससे न सिर्फ नेताओं, बल्कि हर किसी को परेशान होना चाहिए। ईडी ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद धनशोधन मामले में सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शरद पवार के पोते से पूछताछ

मुंबई। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शरद पवार के पोते रोहित पवार से गुरुवार को आठ घंटे पूछताछ की गई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) विधायक महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले से जुड़े मामले की जांच में ईडी के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।

नीतीश सरकार 12 को विश्वास मत प्राप्त करेगी

बिहार

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार अब 12 फरवरी को विश्वास मत प्राप्त करेगी। 13 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। दरअसल, विधानमंडल का बजट सत्र अब पूर्व निर्धारित 10 फरवरी की जगह 12 फरवरी से होगा। इसलिए विश्वासमत के लिए पहले से तय तिथि में बदलाव किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर 9 की शाम से 11 फरवरी तक बिहार में नहीं हैं। राज्यपाल ने सत्र के कार्यक्रम में बदलाव करने का निर्देश सरकार को दिया है। इसके मद्देनजर अब सत्र की नई तिथि तय की गई है।

राजभवन से पत्र आने के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने एक अणे मार्ग पहुंचे। वहां इसको लेकर बैठक हुई। इस बातचीत में विजय कुमार चौधरी भी शामिल थे।

1 मार्च तक सत्र, कुल 11 बैठकें होंगी

विधानमंडल का बजट सत्र 1 मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल 11 बैठकें होंगी। पहले दिन सोमवार को ही राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। संयुक्त सत्र के बाद नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठित एनडीए सरकार विश्वास-मत हासिल करेगी। साथ ही सदन में बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश किया जाएगा। इसी दिन नए विधानसभा अध्यक्ष का भी पदभार ग्रहण होगा। दूसरे दिन 13 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा।

सजा सुनाने वाले जज को धमकी के मामले में चार पकड़े

अलप्पुझा (केरल)। भाजपा नेता की हत्या मामले में फैसला सुनाने के बाद अतिरिक्त जिला न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पुलिस ने गुरुवार को जानकारी दी। आरोपियों की पहचान मन्नाचेरी निवासी नसीरमोन, मंगलापुरम निवासी रफी, अलाप्पुझा निवासी नवास नैना और अंबालाप्पुझा निवासी शाजहां के रूप में हुई है। कुल पांच मामले दर्ज किए गए हैं और चार मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम नियुक्त की गई है। केरल पुलिस ने मावेलिक्कारा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-प्रथम वीजी श्रीदेवी को ऑनलाइन दी जा रही धमकियों को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी।

कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि 1993 मानी

उत्तर प्रदेश

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। छजलैट बवाल केस में सजा पाए आजम खां के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को बड़ा झटका लगा है। जिला जज अदालत ने गुरुवार को अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि 1993 मानी है। इससे बचाव पक्ष का अब्दुल्ला की जन्मतिथि 1990 का दावा भी खारिज हो गया है।

अब्दुल्ला आजम की उम्र निर्धारण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सुनवाई कर रहे जिला जज ने सुनवाई कर 37 पेजों का आदेश जारी किया। कोर्ट में लखनऊ नगर निगम और क्वीन मैरी अस्पताल के जन्मतिथि के साक्ष्य दाखिल किए गए थे। अब्दुल्ला की जन्मतिथि की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट भेजी जाएगी। अब्दुल्ला की उम्र निर्धारण के मामले की जिला जज डा. अजय कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। अब्दुल्ला की उम्र 1990 होने का दावा जताते हुए जन्म के प्रमाणपत्र दाखिल किए गए।

यह था मामला

मुरादाबाद में छजलैट में बवाल की घटना 2 जनवरी, 2008 की है। लाल बत्ती लगी काले रंग की पजेरो गाड़ी को छजलैट पुलिस के रोकने पर बवाल हुआ। इस पर पुलिस ने सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला आजम समेत कई सपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा कायम कराया गया। नेता की गाड़ी रोकने से नाराज उनके साथ चल रहे सपाइयों ने जाम लगाया और नारेबाजी की। पुलिस ने कई धाराओं में मुकदमा कायम किया। केस में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट एसीजेएम-4 स्मिता गोस्वामी ने 13 फरवरी, 2023 को सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को दो-दो साल की सजा सुनाई।

दुष्कर्म मामले में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री चिन्मयानंद दोषमुक्त

शाहजहांपुर। पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद शिष्या से दुराचार और धमकी देने के 12 साल पुराने मामले में दोषमुक्त हो गए हैं।

शाहजहांपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर तीन ने गुरुवार को मुकदमे से चिन्मयानंद को बरी कर दिया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने वाली शिष्या अपने बयान से मुकर गई थी। उसने कोर्ट में कहा था कि चिन्मयानंद ने उसके साथ कभी कोई अपराध नहीं किया। इसी बयान के आधार पर चिन्मयानंद बरी किए गए।

30 नवंबर 2011 को स्वामी चिन्मयानंद की शिष्या ने शाहजहांपुर के थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। शिष्या ने चिन्मयानन्द पर आरोप लगाया था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम में उसे बंधक बनाकर दुराचार किया था।

अंत्योदय के तहत चीनी पर सब्सिडी दो वर्ष के लिए बढ़ी

कैबिनेट फैसले

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) में शामिल 1.89 करोड़ परिवारों को राशन दुकानों के जरिये बांटी जाने वाली चीनी पर सब्सिडी को दो साल के लिए बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित की जाने वाली चीनी पर सब्सिडी की योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सब्सिडी योजना के तहत केंद्र राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी देती है। इसकी खरीद एवं वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की होती है। इस मंजूरी से 15वें वित्त आयोग (2020-21 से 2025-26) की अवधि में 1,850 करोड़ से अधिक का लाभ दिए जाने की उम्मीद है। योजना से 1.89 करोड़ एएवाई परिवारों को फायदा होने की उम्मीद है।

ई-कोर्ट के लिए 825 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली। निचली अदालतों के डिजिटल बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने से संबंधित ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए इस वित्त वर्ष में संशोधित अनुमान के बाद 825 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अगले वित्त वर्ष के लिए 1,500 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई राशि आवंटित की गई है। तीसरे चरण के लिए 7,210 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय को पिछले साल सितंबर में कैबिनेट की मंजूरी मिली थी।

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। किसी दूसरे स्थान पर जाने का योग है।

वृष : मन प्रसन्न तो रहेगा। परंतु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। शैक्षिक कार्यों में कुछ सुधार होगा। कारोबार पर ध्यान दें। लाभ के अवसर मिलेंगे, पर मेहनत ज्यादा होगी।

मिथुन : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के अवसर मिल सकते हैं।

कर्क : मन अशांत हो सकता है। भावनाओं को वश में रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। आय वृद्धि होगी।

सिंह : कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग हैं।

कन्या : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा, पर धैर्यशीलता बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला : कारोबार में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। लाभ में वृद्धि होगी। धार्मिक स्थान पर जाने का योग है।

वृश्चिक : मन प्रसन्न तो रहेगा, पर संयत रहें। संपत्ति में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से किसी संपत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में लाभ के योग।

धनु : किसी मित्र का आगमन हो सकता है। परिवार में सुख-शांति रहेगी। मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है।

मकर : संयत रहें। कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ : कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। माता-पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। लेखन कार्यों से व्यस्तता बढ़ेगी। आय के साधन भी बनेंगे।

मीन : नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। विदेश जाने के अवसर भी मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, पर खर्च भी बढ़ेंगे।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषिकांत गोस्वामी

02 फरवरी, शुक्रवार, 13, माघ (सौर) शक संवत् 1945, 20 माघ मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 21 रज्जब सन् 1445, माघ कृष्ण सप्तमी (विक्रमी संवत्) सायं 04.03 बजे तक पश्चात अष्टमी, स्वाति नक्षत्र सूर्योदय पूर्व 05.57 बजे तक। शूल योग दोपहर 12.54 मिनट तक तदनंतर गण्ड योग, बव करण, चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। शरद् ऋतु। प्रातः 10.30 से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। स्वामी विवेकानंद जयंती। सर्ववाप्त सप्तमी।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

क्या उत्तर-पूर्व दिशा में शयन कक्ष होना ही नहीं चाहिए। और यदि हो सकता है तो फिर किसका होना चाहिए? अपराजिता, आगरा

पूर्व परमेश्वर की दिशा मानी जाती है, जिस पर बृहस्पति का आधिपत्य होता है। अतः इस दिशा में शयन कक्ष नहीं बनाना चाहिए, क्योंकि शयन सुख व भोग-विलास पर शुक्र का आधिपत्य होता है। गुरु के प्रभाव में होने के कारण उचित शयन सुख नहीं मिल पाएगा। आपसी प्रेम की कमी रहेगी। परंतु 17-18 वर्ष के बच्चों का शयन कक्ष यहां बनाया जा सकता है। यहां बच्चे अनुशासित और मर्यादित बनेंगे। सांसारिक कार्यों से विरक्त वृद्धजनों का कक्ष भी यहां बना सकते हैं।

वर्ग पहेली : 7501



बाएं से दाएं
3. बनाने वाली हंसी; निंदासूचक हास; दिल्लगी; हंसी-ठट्ठा (4)
6. कड़ापन; कठोरता; कुरकुरापन (5)
8. चटक-मटक; आभा; कांति; दीप्ति; शान (3,3)
9. तारा; नक्षत्र; आंख की पुतली; कर्णधार; तारने वाला; पार उतारने वाला (3)
11. अप्रसन्न; रुष्ट (3)
12. पूरा करने वाला; पूर्तिकर्ता (3)
16. एक देवर्षि; विश्वामित्र के पुत्र का नाम (3)
17. चमक-दमक; ठाट-बाट; शान; सजधज; चकाचौंध (3,3)
19. विरोध में जोर-जोर से बोलना; आंदोलन करना; उद्घोष करना; प्रदर्शन करना (2,3)
20. आदमी-औरत; नर-नारी; महिला-पुरुष (2,2)

ऊपर से नीचे
1. निपटाना; संपन्न करना (2,3)
2. अजीर्ण; बदहजमी (3)
4. चाहना; तरजीह देना; वरीयता देना (3,3)
5. खिसकना; दूर होना; स्थगित होना (4)
7. औषर; खारी; द्रोणी; लवण (3)
10. समझौता करना; वायदा करना (3,3)
13. कर की दर तय करना; राजस्व प्राप्ति हेतु आदेश देना (2,3)
14. निर्वाचन के लिए मत देने की क्रिया (4)
15. गड्ढे में रख कर मिट्टी से ढकना; छिपा कर रखना; दबाना; दफनाना; धंसाना (3)
18. नदी का ऊंचा तट; सहमति; वायदा; चैन (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 7500

सुडोकू : 7485 *कठिन

		7	4		9	1		
4								3
	1			8			6	
6								7
			7	5	2			
2								1
	8			9			3	
1								4
		5	2		6	8		

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 7484

1	6	9	2	8	3	7	4	5
3	5	2	1	7	4	9	6	8
8	7	4	6	9	5	2	3	1
5	9	3	4	6	1	8	7	2
2	1	7	5	3	8	4	9	6
4	8	6	9	2	7	1	5	3
दिग्गज ऑफ स्पिनर अश्विन 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बनने से सिर्फ चार विकेट दूर हैं। वह 96 मैच में 2.77 की औसत से 496 विकेट ले चुके हैं। चार और विकेट लेते ही वह अनिल कुंबले (619 विकेट, 132 मैच) के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

चंद्रशेखर को पछाड़ेंगे : अश्विन दो और विकेट लेते ही इंग्लैंड के खिलाफ सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय बन जाएंगे। 20 मैच में 94 विकेट ले चुके अश्विन बीएस चंद्रशेखर (95 विकेट, 23 मैच) का 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे। दोनों टीमों की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड एंडरसन (139 विकेट, 35 मैच) के नाम है।

एंडरसन को 700 के लिए चाहिए 10 विकेट

जेम्स एंडरसन 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे खिलाड़ी बनने से दस विकेट दूर हैं। 41 वर्षीय इस पेसर के नाम 183 मैच में 2.78 की इकोनॉमी से 690 विकेट हैं। अभी तक श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800 विकेट, 133 मैच) और ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न (708 विकेट, 145 मैच) ही सात सौ या उससे अधिक विकेट ले पाए हैं।

अकेले रूट के टीम इंडिया से 447 ज्यादा रन

दूसरे टेस्ट में भारत की जो 17 सदस्यीय टीम है उसने मिलकर कुल 10,702 बनाए हैं। जबकि इंग्लैंड के जो रूट ने ही इन सभी से 447 ज्यादा रन बनाए हैं। रूट ने 136 टेस्ट में और 30 शतकों से 11, 447 रन बनाए हैं।

खेल 30S

पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं जडेजा

विशाखापत्तनम। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को पैर की मांसपेशियों की चोट से उबरने में अधिक समय लगेगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज के बाकी मुकाबलों से भी बाहर हो सकते हैं। हैदराबाद में पहले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में रन आउट होने के दौरान जडेजा की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। शुरुआत में वह शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हुए थे। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबरने में कम से कम चार हफ्ते लगते हैं। अब उनके पूरी सीरीज से बाहर होने की संभावना है। अंतिम टेस्ट 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में खेला जाएगा।

रणजी : बड़ौदा के खिलाफ प्रिंस की जगह इशांत

नई दिल्ली। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा शुक्रवार से यहां पालम मैदान पर शुरू होने वाले पांचवें रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में बड़ौदा के खिलाफ दिल्ली की अंतिम एकादश में खेलने उतरेंगे। 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके इशांत दिल्ली के घरेलू मैच में खेलने को तैयार हैं और वह प्रिंस यादव की जगह उतरेंगे। पालम के एयर फोर्स मैदान की पिच सपाट है लेकिन दिल्ली की सर्दी और बारिश से हुई नमी से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। धूप नहीं निकली तो पिच की नमी से इशांत के साथ नवदीप सैनी और हिमांशु चौहान को मदद मिलेगी। मोहाली में उत्तराखंड के खिलाफ पिछड़ने के बाद जीत से दिल्ली का मनोबल बढ़ा होगा।

मैथ्यू-कार्स ने भारत-ए को 192 पर समेटा

अहमदाबाद। भारतीय युवा ब्रिगेड मैथ्यू पोट्स (57/6) और ब्राइडन कार्स (52/4) की स्विंग नहीं झेल पाई। इनकी कहर बरपाती गेंदों के सामने भारत-ए की टीम तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को 192 रन पर ढेर हो गई। जवाब में इंग्लैंड लायंस ने खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 98 रन बना लिए थे। एलेक्स लीस (48) और ओलिवर प्राइस (20) स्टंप के समय क्रीज पर थे। अभिमन्यु ईश्वरन की टीम ने मैच की पहली ही गेंद पर कप्तान का विकेट गंवा दिया जो पोट्स की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। देवदत्त पडिक्कल (65) और सरांश जैन (64) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए।

कोलंबो में एकमात्र टेस्ट की पूर्वसंध्या पर गुरुवार को श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (बाएं) और अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहीदी। ● एजेंसी

चेन्नई ओपन : नागल पुरुष एकल में चुनौती देंगे

चेन्नई। हाल में ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में वरीय खिलाड़ी को पराजित करने वाले पहले भारतीय बने सुमित नागल चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य भारतीय खिलाड़ी होंगे जिन्हें मुख्य ड्रॉ में वाइल्डकार्ड दिया गया है। नागल (26 वर्ष) ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन में 31वें वरीय और विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। रविवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे।

थाईलैंड मास्टर्स : मंजूनाथ से फिर हारे श्रीकांत

बैंकॉक। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत फिर हमवतन मिथुन मंजूनाथ से पार नहीं पा सके। दुनिया के 24वें नंबर के श्रीकांत को गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन में 63वें नंबर के मंजूनाथ ने 21-9, 13-21, 21-17 से मात दी। यह मंजूनाथ की श्रीकांत पर दो मुकाबलों में लगातार दूसरी जीत है। क्वार्टर फाइनल में मंजूनाथ नीदरलैंड्स के मार्क कालजोव से भिड़ेंगे। महिला एकल में अस्मिता चालिहा ने चीनी ताइपे की यू पो पाइ को 21-12, 15-21, 21-17 से मा दी। मालविका बंसोड़ को स्थानीय खिलाड़ी बुसानन ओंगबैमरुंगफान के हाथों 22-24, 7-21 से हार मिली।

मुंबई ओपन के लिए चार भारतीयों को वाइल्ड कार्ड

मुंबई। भारत की अंकिता रैना, सहजा यमलापल्ली और रूतुजा भोंसले की महिला तिकड़ी के अलावा महाराष्ट्र की युवा वैष्णवी अदकर को 5 से 11 फरवरी तक होने वाले डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन टेनिस के एकल मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। डब्ल्यूटीए 125 के सीरीज टूर्नामेंट में 18 वर्षीय आर्यना सबालेंका ने 2017 में खिताब जीता था। थाईलैंड की लुकसिका कुमखुम ने 2018 के अंतिम चरण में यह खिताब जीता था। क्वालीफाइंग दौर 3 और 4 फरवरी को खेले जाएंगे। मुख्य दौर के मुकाबले 5 फरवरी से शुरू होंगे।

सोशल मीडिया से

इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी टीम में शामिल किया है। इस पर इंग्लैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया एक्स पर उनकी तस्वीर के साथ संदेश दिया है। इसमें लिखा है कि अपना 184वां टेस्ट खेलने वाले 41 साल के एंडरसन लगातार 22वें साल टेस्ट खेल रहे हैं। वह दो ऐसे खिलाड़ियों के साथ मैदान पर नजर आएंगे जो उनके टेस्ट पदार्पण के समय पैदा भी नहीं हुए थे।

'सुपर सिक्स' में जीत का 'पंच' जड़ने उतरेंगे युवा

अंडर-19 क्रिकेट

ब्लूमफोंटेन। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल से भिड़ेगी। इसमें भारत का लक्ष्य जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का होगा।

भारत शीर्ष पर : सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1.06) और भारत (प्लस 3.32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक चार में से कोई मैच हारी नहीं है जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता।

कई खिलाड़ी चमके : मुशीर खान ने दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य कुमार पांडे ने 12 विकेट ले लिए हैं। इनके अलावा सहारन, विकेटकीपर अरावल्ली अवनीश, हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी उम्दा प्रदर्शन किया है।

प्रो लीग हॉकी : भारत की पहली भिड़ंत स्पेन से

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। दक्षिण अफ्रीका में चार देशों के टूर्नामेंट के साथ सत्र की शुरुआत करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की अब घर में एफआईएच प्रो लीग में परीक्षा होगी। हरमनप्रीत सिंह की टीम भुवनेश्वर और राउरकेला में चार टीमों के साथ दो-दो बार टकराएगी। मेजबान का पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा।

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को लीग के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित की। मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे।

दस से होगी शुरुआत : भुवनेश्वर चरण 10 से 16 फरवरी तक जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक चलेगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड्स, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी।

24 सदस्यीय टीम की कमान हरमन के पास ही रहेगी

2-2 बार सभी टीमों को दो चरण के मैच में खेलने है

> हमने सोच समझकर काफी संतुलित टीम चुनी है। इसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। हमारा लक्ष्य एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना है। शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को आंकने का अच्छा मौका है। -क्रेग फुल्टन, भारतीय कोच

भारतीय टीम का कार्यक्रम

10 फरवरी बनाम स्पेन	19 फरवरी बनाम स्पेन
11 फरवरी बनाम नीदरलैंड्स	21 फरवरी बनाम नीदरलैंड्स
15 फरवरी बनाम ऑस्ट्रेलिया	24 फरवरी बनाम ऑस्ट्रेलिया
16 फरवरी बनाम आयरलैंड	25 फरवरी बनाम आयरलैंड

श्रीजेश बनेंगे दीवार : भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं। यह दोनों दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपिंग का जिम्मा दीवार कहे जाने वाले दिग्गज पी आर श्रीजेश के कंधों पर रहेगा।

जरा हटकर

मेसी-रोनाल्डो की टक्कर नहीं देख सके प्रशंसक

फुटबॉल के प्रशंसकों के लिए इससे ज्यादा मायूसी और क्या हो सकती है। जिस दिन का वे बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, उस दिन उनकी मुराद पूरी नहीं हो सकी। दिग्गज फुटबॉलर पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी एक मैत्री मुकाबले में गुरुवार को मैदान पर एक-दूसरे से भिड़ने वाले थे। लेकिन चोट के कारण रोनाल्डो लियोनेल मेसी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के सऊदी अरब के क्लब अल नस्र और मेसी के अमेरिकी क्लब इंटर मियामी के बीच गुरुवार देर रात यहां मुकाबला होना था। अल नस्र के कोच लुइस कास्ट्रो ने कहा, क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएंगे। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे। मेसी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बैलन डि ऑर पुरस्कार जीत चुके हैं।

दिल की बात | भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने 13 महीने पहले हुई खौफनाक हादसे के बारे में खुलकर बात की, रजत कुमार और निशु कुमार का आभार जताया

ऋषभ पंत बोले, कार दुर्घटना के बाद मुझे पैर गंवाने का डर था

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ करीब 13 महीने पहले हुई खौफनाक दुर्घटना सबको याद होगी। वह अब उस हादसे से शारीरिक रूप से बेशक उबर चुके हैं, लेकिन मानसिक रूप से उसका खौफ अब भी उनकी बातों में नजर आता है।

रुड़की जा रहे थे : उन्होंने उस दुर्घटना के बारे में कहा है कि उस हादसे के बाद उन्हें दायां पैर गंवाने का डर था। पंत दिसंबर 2022 में दिल्ली से अपने परिवार के पास अपने शहर रुड़की जा रहे थे जब उनकी कार सड़क के बीच डिवाइडर से टकरा गई। वह उस समय मीरपुर टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाकर बांग्लादेश से लौटे ही थे।

> डॉक्टरों ने कहा कि दुर्घटना के बाद कोई फ्रेक्चर नहीं था। यह भयानक हादसा था और लोगों को बुरा लगता है कि यह मेरे साथ हुआ। मैं भाग्यशाली कैसे हो सकता हूं? लेकिन इसका दूसरा पक्ष है कि हादसे के बाद भी मैं जीवित था। -ऋषभ पंत, भारतीय बल्लेबाज

एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत। ● फाइल फोटो

स्टार स्पोर्ट्स की सीरीज 'बिलीव : टू डैथ एंड बैक' में खास बातचीत में भारतीय विकेटकीपर ने उस भयानक एक्सीडेंट को याद करते हुए कहा, उस दिन मुझे लगा कि दुनिया में मेरा टाइम पूरा हो गया है।

खुलकर बात की : 26 साल के पंत ने पहली बार उस घटना पर खुलकर बात की है। हादसे को याद करते हुए उन्होंने कहा, अगर कोई नस क्षतिग्रस्त होती तो पैर गंवाने का डर था। मैं उस समय डर गया था। मैंने एसयूवी ली थी लेकिन वह बाद में सेडान लग रही थी।

रजत-निशु की वजह से जिंदा हूं : दो व्यक्तियों रजत कुमार और निशु कुमार ने पंत को उनकी एसयूवी से निकाला जो बाद में आग की लपटों में घिर गई थी। पंत ने कहा, मैं आज रजत और निशु की वजह से जिंदा हूं। मैं आजीवन इन दोनों का आभारी रहूंगा। पंत ने कहा, जीवन में पहली बार ऐसा महसूस हुआ। हादसे के समय चोट के बारे में तो पता था लेकिन मैं खुशकिस्मत था क्योंकि यह और गंभीर हो सकती थी।

भविष्य के बारे में सोचने लगा : पंत बोले, जब से मैंने खेलना शुरू किया था, कभी भविष्य के बारे में नहीं सोचता था, लेकिन इस चोट के बाद भविष्य के बारे में सोचना शुरू किया। मैंने डॉक्टर से पूछा कि चोट से उबरने में कितना समय लगेगा। इस पर उन्होंने बताया कि इसमें 16 से 18 महीने लग सकते हैं। तब मैंने कहा कि मैं उसमें से छह महीने घटा लूंगा।

पंत का शुरुआती इलाज देहरादून में हुआ जिसके बाद उन्हें मुंबई ले जाया गया जहां बीसीसीआई ने उनका इलाज कराया। ऑपरेशन के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, घाटी में हिमस्खलन की चेतावनी जारी

कश्मीर और शिमला में लंबे इंतजार के बाद मौसम की पहली बर्फबारी

मौसम का मिजाज

जम्मू-कश्मीर के बारामुला में गुरुवार को भीषण बर्फबारी के बीच से गुजरती ट्रेन। • सोशल मीडिया

जम्मू, एजेंसी। देश के पहाड़ी इलाकों कश्मीर और शिमला में गुरुवार को लंबे इंतजार के बाद मौसम की पहली बर्फबारी हुई। वहीं, मैदानी इलाकों में बारिश हुई।

रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर सहित जम्मू क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में गुरुवार सुबह बर्फबारी हुई। इसके कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया, जिससे 200 से अधिक वाहन फंसे हुए हैं।

मौसम अधिकारी ने कहा, कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, गांदरबल और कुपवाड़ा, जम्मू के डोडा, कश्तिवाड़, पुंछ और रामबन जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। श्रीनगर में लगभग दो इंच बर्फबारी हुई है।

शिमला में हिमपात

हिमाचल प्रदेश की ऊंची पहाड़ियों और जनजातीय इलाकों में गुरुवार को मध्यम से भारी बर्फबारी जारी रही। जबकि राज्य की राजधानी शिमला में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई।

तापमान सामान्य से ऊपर

पंजाब और हरियाणा में गुरुवार को बारिश हुई। इसके बावजूद न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर बना रहा। चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर, पटियाला, फरीदकोट में बारिश हुई।

राजस्थान में बारिश

राजस्थान के अनेक इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। गुरुवार सुबह तक सबसे अधिक 10 मिमी बारिश राजगढ़ में दर्ज की गई। सरदारशहर, फतेहपुर में छह मिमी बारिश हुई।

भारत को ड्रोन बिक्री कांग्रेस से परामर्श के बाद: अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी। भारत से होने वाले तीन अरब अमेरिकी डॉलर के 31 युद्धक ड्रोन बिक्री मामले को लेकर अमेरिका ने कहा कि कांग्रेस से नियमित परामर्श के बाद ही सौदे को मंजूरी दी जाएगी।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह भी कहा कि पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित ड्रोन सौदे की घोषणा की गई थी। सौदे के तहत, भारत को 31 अत्याधुनिक ड्रोन (यूएवी) मिलेंगे। उनमें से 15 सी-गार्जियन ड्रोन नौसेना को मिलेंगे, जबकि थल सेना और वायु सेना को आठ-आठ स्काई-गार्डियन ड्रोन मिलेंगे। मिलर मीडिया में आयी इस खबर को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे कि बाइडन प्रशासन ने एक खालिस्तान समर्थक की हत्या की कथित साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की जांच होने तक भारत को सशस्त्र ड्रोन की बिक्री पर रोक लगा दी है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में 14 देश आपूर्ति पर सहयोग बढ़ाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका ने गुरुवार को घोषणा की कि हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा के तहत लचीली आपूर्ति श्रृंखला पर एक महत्वपूर्ण समझौता 24 फरवरी से प्रभाव में आएगा। इसमें भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया समेत 14 साझेदार देश शामिल हैं।

अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रैमंडो ने कहा कि यह समझौता आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और अवरोधों को समाप्त करने में सहयोगात्मक रुख वाला होगा। अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन से संबंधित 'समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा' (आईपीईएफ) समझौता 24 फरवरी से प्रभाव में आएगा। उसने कहा, यह अपनी तरह के पहला समझौता है।

लाइव हिन्दुस्तान 30s

मणिपुर में लापता युवक का शव बरामद

इंफाल। मणिपुर के चंदेल जिले के सोकोम गांव में एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। आशंका है कि शव पिछले साल मई में लापता हुए 19 वर्षीय युवक का है। काकचिंग जिले के सुगनू के नगनगोम नेवी पिछले साल 28 मई से लापता थे। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद बुधवार को नगनगोम की तलाश फिर से शुरू की गई।

डीआरडीओ ने ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम लॉन्च किया

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पीएसएलवी सी-58 द्वारा लॉन्च किए गए पेलोड पर कक्षा की कार्यक्षमता में डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को इसे अंतरिक्ष रक्षा तकनीकी क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

लुपेक्स से चंद्रमा पर मानव को भेजा जा सकेगा

बेंगलुरु। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के निदेशक अनिल भारद्वाज ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के संयुक्त चंद्र मिशन से 2040 तक चंद्रमा पर मानव को भेजने का मार्ग प्रशस्त होगा। दोनों अंतरिक्ष एजेंसियां चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण मिशन (लुपेक्स) पर सहयोग कर रही हैं।

ब्रिटेन की कोर्ट ने ट्रंप के मुकदमे को खारिज किया

लंदन। लंदन में एक न्यायाधीश ने गुरुवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस मुकदमे को खारिज कर दिया, जिसमें एक पूर्व ब्रिटिश जासूस पर चौंकाने वाले और निंदनीय दावे करने का आरोप लगाया गया था। न्यायाधीश केरेन स्टेन ने कहा कि ट्रंप ने ऑर्बिस बिजनेस इंटेलिजेंस के खिलाफ जो मामला दायर किया है, उस पर सुनवाई नहीं होनी चाहिए।

जर्मनी में हवाई अड्डा कर्मियों की हड़ताल

फ्रैंकफर्ट। जर्मनी में गुरुवार को विभिन्न हवाई अड्डे के सुरक्षा कर्मचारियों की हड़ताल के चलते दस हजार से ज्यादा यात्री फंस गए। प्रमुख फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे समेत 11 अन्य से 1100 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई। जर्मन हवाईअड्डों के महासंघ एडीवी ने कहा कि हड़ताल के कारण फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे से 310 उड़ानों को रद्द किया गया।

जापान में भिड़े दो यात्री विमान

टोरंटो। जापान के इटामी हवाई अड्डे पर गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) के दो यात्री विमान आपस में टकरा गए। हालांकि घटना में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ, दोनों विमान में यात्री सवार थे। हवाई अड्डा संचालक कंसाई एयरपोर्ट ने कहा कि घरेलू टर्मिनल में दो एएनए विमानों के दाहिने पंख आपस में टकराने से यह दुर्घटना हुई।

www.livehindustan.com
टॉप ट्रेंडिंग खबरें
इन खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

मालदीव के महाभियोजक पर हमले में दो गिरफ्तार

माले, एजेंसी। मालदीव के महाभियोजक पर हुए हमले के सिलसिले में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था।

पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि हमला पूर्व-नियोजित था। हमले के बाद मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है। महाभियोजक पर हमले के बाद, मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित घटना थी। इस पर गृह मंत्री अली इहुसन ने सोलिह को अपने दावे के समर्थन में जानकारी साझा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, राजनीति से प्रेरित हिंसा के कृत्यों का लोकतांत्रिक समाज में स्थान नहीं है।

जिला कृषि मौसम इकाइयां बंद होंगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ब्लॉक स्तर पर लाखों किसानों को मौसम से जुड़ी जानकारी प्रदान करने वाली सभी 199 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सेवाओं को बंद करने का निर्णय किया है। इनसे किसानों को फसलों का नुकसान कम करने तथा आय बढ़ाने में मदद मिलती थी।

आईएमडी द्वारा 17 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार, ''जिला कृषि मौसम इकाइयों (डीएएमयू) की सेवाओं को इस वित्त वर्ष (2023-2024) से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा। इसलिए अनुरोध है कि मौजूदा 199 डीएएमयू को बंद करने के लिए कार्यवाही करें''। व्यय वित्त समिति की पिछले वर्ष फरवरी में हुई बैठक में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार ने सभी डीएएमयू में कर्मी मुहैया कराने की जरूरत का पुनः मूल्यांकन करने का सुझाव दिया था।

अमेरिका ने वीजा शुल्क में किया इजाफा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने एच-1बी, एल-1 और ईबी-5 जैसे गैर-आप्रवासी वीजा के लिए शुल्क में भारी वृद्धि का ऐलान किया है। 2016 के बाद पहली बार ये इजाफा किया गया है, नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी।

एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है। अमेरिकी सरकार ने 1990 में ईबी-5 कार्यक्रम की शुरुआत की थी जो विदेशी निवेशकों को अमेरिकी व्यवसाय में न्यूनतम पांच लाख अमेरिकी डॉलर का निवेश करके अपने और परिवार के लिए अमेरिकी वीजा प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एल-1 वीजा अमेरिका में एक गैर-आप्रवासी श्रेणी का वीजा है।

इस तरह होगी शुल्क में बढ़ोतरी

एक अप्रैल से लागू होने जा रहे नए शुल्क दर के अनुसार, फॉर्म आई-129 के तहत एच-1बी आवेदन वीजा शुल्क 460 डॉलर से बढ़ाकर 780 डॉलर कर दिया गया है। एच-1बी पंजीकरण शुल्क अगले साल 215 डॉलर हो जाएगा। एल-1 वीजा का शुल्क 1,385 डॉलर कर दिया गया है और निवेशक वीजा के रूप में लोकप्रिय ईबी-5 वीजा का शुल्क 11,160 डॉलर हो गया है।

कच्छ में भूकंप से कांपी धरती

अहमदाबाद। गुजरात के कच्छ जिले में गुरुवार सुबह रिक्टर पैमाने पर चार तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उत्तर रेलवे — आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धिपत्र

संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2023–2024 दिनांक 06/12/2023
ii) निविदा संख्या 15235234 13/02/2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा विनिर्देश के संदर्भ में संशोधित किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 342/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे — आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित किया है।

कार्य का नाम तथा उसका स्थान	दिल्ली डिवीजन में प्राथमिक रखरखाव वाली शताब्दी एक्सप्रेस और 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के सभी कोचों में प्रत्येक सीट पर खाद्य ट्रे के पीछे विज्ञापन स्टिकर के प्रावधान के माध्यम से तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार हेतु।	
रेलवे ट्रेनों का विवरण	निविदा सूचना	स्टेशन
	PublicitySTBFoodTray01-24	दिल्ली डिवीजन में सभी शताब्दी और 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें
निविदा खुलने की तिथि	21.02.2024 को 15:00 बजे तक	
कार्य की अनुमानित लागत	निविदा सूचना के अनुसार	
निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित	निविदा सूचना के अनुसार	
धरोहर राशि	निविदा सूचना के अनुसार	
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	https://ireps.gov.in/	

सं.: 7PUB/NR-DLI0COMM(PUB)/42/2023 Dated: 29.01.2024 328/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग
तृतीय एवं चतुर्थ तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36, जनपथ, नई दिल्ली–110001
फोन: 011–23353503/23753918, फैक्स: 011–23753923

सार्वजनिक सूचना
(15 फरवरी 2024 को सार्वजनिक सुनवाई के लिए)

1.4.2024 से आरंभ होने वाले टैरिफ अवधि के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें) विनियम 2024 के लिए ड्राफ्ट अधिसूचना आयोग की वेबसाइट www.cercind.gov.in पर प्रकाशित की गयी थी जिसमें स्टेकहोल्डरों से टिप्पणियों/सुझावों/आपत्तियों को आमंत्रित किया गया था। उक्त ड्राफ्ट अधिसूचना पर सार्वजनिक सुनवाई, ऑडिटोरियम, स्कोप कॉम्पलेक्स, कोर 8, 7, लोधी रोड़, नई दिल्ली–110003 में 15 फरवरी 2024 को 10 बजे से (प्रातः 9 बजे से रजिस्ट्रेशन) आयोजित की जाएगी। सभी इच्छुक व्यक्ति और स्टेकहोल्डरों, जो सहभागिता के इच्छुक हैं और/या आयोग के समक्ष अपनी आपत्तियां/सुझाव/विचारों को प्रस्तुत करना चाहते हैं, उक्त तारीख और स्थान पर सुनवाई में उपस्थित रहें। सार्वजनिक सुनवाई के ब्यौरे वेबसाइट www.cercind.gov.in पर उपलब्ध हैं।

सचिव, केविविआ

उत्तर रेलवे — आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (ट्रेन सेट), उत्तर रेलवे, चारबाग वर्कशॉप, लखनऊ द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित है।

निविदा संख्या	डब्ल्यू–सीबी–19–बफरकपलर–2024		
कार्य का नाम	दो वर्षों के लिए कार्य के दायरे के अनुसार डेमू/मेमू कोचों में बफर के फिटमेंट/स्ट्रिपिंग और शाकु कपलर की स्ट्रिपिंग का प्रावधान करना।		
कार्य की अनुमानित लागत	₹30,44,400 मात्र		
अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा	₹60,900/- मात्र		
निविदा फॉर्म का मूल्य	₹0/- मात्र	कार्य पूरा होने की अवधि	24 माह
निविदा भरने करने का समय	दिनांक 09.02.2024 से 23.02.2024 समय 15:00 बजे तक		
निविदा खुलने की तिथि तथा समय	दिनांक 23.02.2024 को 15:15 बजे के बाद		

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in द्वारा दिनांक 09.02.2024 से 23.02.2024 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा के लिए भुगतान केवल ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से करने की अनुमति है या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किया गया है या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर खोला जायेगा यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जाएगा।

निविदा सूचना सं.: उ०रे०/सीबी/कार्यशाला/फरवरी/बफरकपलर/2024
दिनांक: 01.02.2024 347/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

नौएडा — **नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

क्र. सं.	जॉब संख्या/कार्य का नाम	कार्य की लागत (रु. लाख में)
1.	52/निदे. (उ.)/उ.निदे.(उ.)–III/2023–24, पार्क अनुरक्षण (सैक्टर–93 बी में स्थित पार्क की चारदीवारी और फुटपाथ की मरम्मत का कार्य) नौएडा।	रू. 42.69 लाख
2.	53/निदे. (उ.)/उ.निदे. (उ.)–II/2023–24 ग्रीन बैल्ट अनुरक्षण (सैक्टर–100 में लोटस बुलवर्ड सोसायटी के गेट संख्या 4 से 5 के पास वाली ग्रीन बैल्ट की आन्तरिक चारदीवारी पर ग्रिल लगाने का कार्य तथा बाहरी चारदीवारी पर कंटीला तार लगाने का कार्य।	रू. 53.40 लाख
3.	54/निदे. (उ.)/उ.निदे. (उ.)–III/2023–24 हरित पट्टिका का रखरखाव (सैक्टर–93 बी स्थित हरित पट्टिका की मरम्मत का कार्य) नौएडा।	रू. 38.23 लाख
4.	64/निदे. (उ.)/उ.निदे.(उ.)–I/2023–24 पार्क अनुरक्षण (सैक्टर–15 में ऋषिपाल क्रीड़ा स्थल व जेड ब्लॉक सैक्टर–12 एवं सैक्टर–14 के पार्क की चारदीवारी की मरम्मत तथा ऋषिपाल क्रीड़ा स्थल के फुटपाथ की मरम्मत एवं सैक्टर–121 में 5 प्रतिशत आबादी के पार्क में फुटपाथ के निर्माण का कार्य, नौएडा।	रू. 99.83 लाख
5.	67/निदे. (उ.)/उ.निदे.(उ.)–I/2023–24 पार्क एवं ग्रीन बैल्ट अनुरक्षण (सैक्टर–22 के विभिन्न पार्कों में चारदीवारी की मरम्मत एवं कंटीला तार लगाने का कार्य तथा अन्य सिविल अनुरक्षण कार्य।	रू. 57.79 लाख
6.	65/निदे. (उ.)/उ.निदे.(उ.)–I/2023–24 सैक्टर–115 जनता फलैट के सामने स्थित मास्टर ग्रीन बैल्ट का विकास एंव दो वर्षीय अनुरक्षण कार्य। नौएडा	रू. 86.82 लाख

जिन्हे दिनांक **15.02.2024 को सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन बिड दिनांक **16.02.2024 को** प्रातः **11.00 बजे** खोली जायेगी।

निदेशक (उद्यान)
नौएडा

सैक्टर–39, नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

HSIIDC

e-Auction Schedule for Allotment of Industrial Plots (Freehold basis) in Mega Food Park Rohtak
(under General Category)

HSIIDC had opened the registration for participation in e-Auction for allotment of industrial plots in Mega Food Park Rohtak with closing date as 18.01.2024. The schedule of e-Auction for the same is as under :

Sr. No.	Auction Name/Plot Size Category#	Auction ID	Date of e-Auction	No. of plots on offer
1	Mega Food Park, IMT Rohtak - 450 sqm*	1303	5.02.2024	1
2	Mega Food Park, IMT Rohtak - 1800 sqm*	1305	5.02.2024	1

*Mega Food Park Rohtak is being set-up/established/developed by HAFED. Marketing and allotment to be undertaken/coordinated by HSIIDC on behalf of HAFED as per HSIIDC allotment norms/policy. Plots would be allotted for setting up Food Processing units only and also governed by norms of Ministry of Food Processing Industries, Government of India (MOFPI), lending bank/institution, HAFED, as applicable from time to time

I) The Round-1 of each e-Auction shall start at 7.00 AM on the scheduled date; **ii)** The standard closing time of Round-1 of each e-Auction shall be 11.00 AM on the scheduled date. All subsequent rounds shall be of 10 minutes duration, subject to extension as below; **iii)** There will be unlimited extensions – The auction time of the round(s) will get extended by 10 minutes in case of receipt of any bid in the last 5 minutes; **iv)** In case the e-auction does not conclude till 9.00 PM, the e-auction will pause at 9.00 PM (the round in progress at 9.00 PM shall continue even after 9.00 PM till its closing) and fresh round shall re-start at 7.00 AM the next day; **v)** The minimum bid increment has been kept at Rs.200/- psm in all categories; **vi)** The H-1 payment shall be scheduled after acceptance of bids by the competent authority, payable within 7 days (168 hours) of scheduling; **vii)** The number of plots indicated above are tentative and HSIIDC shall reserve to itself the right to withdraw any site/category from auction or add any site for auction at any stage without assigning any reason; **viii)** The HSIIDC shall reserve to itself the right to accept any bid/category or reject any bid/category, even the highest bid at any stage, without assigning any reason.

Wherever the basic minimum infrastructure is yet to be developed, the allotment shall be without offer of possession.

RESERVE PRICE AND BID PRICE ON THE E-AUCTION PORTAL WOULD BE INDICATED ON PER SQUARE METER BASIS

All registered bidders may please note the above for participation in e-Auction on scheduled date and please note that no separate notice shall be sent in this regard. The details of plots on offer can be seen on the e-Auction portal **hsiidc.bidx.in and www.hsiidc.org.in**

Haryana State Industrial & Infrastructure Deve. Corp. Ltd.
Regd. Office: C-13 & 14, Sector-6, Panchkula, Ph. 0172-2590481-83,
Website: hsiidc.org.in, E-mail: contactus@hsiidc.org.in

उत्तर रेलवे — आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

उप.मु.सिग. एवं दू.सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड ई–निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे हैं।

1	**कार्य का नाम एवं स्थानः** उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन के दिल्ली शाहदरा और दिल्ली मेन्स के बीच पुराने यमुना ब्रिज नंबर 249 के स्थान पर यमुना नदी पर नए पुल के निर्माण का प्रावधान के संबंध में S&T कार्य।
2	**पूरा होने की अवधिः** 60 दिन (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथि से)
3	**कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 1.39 करोड़ लगभग
4	**धरोहर राशिः** रु. 2,19,700/- (दो लाख उन्नीस हजार सात सौ रुपये केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है)
5	**स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता हैः** उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर 05.02.2024 से 26.02.2024 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
6	**निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समयः** निविदा फार्म 12.02.2024 से 26.02.2024 को 11:30 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं।
7	**निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** ई–निविदा दिनांक 26.02.2024 को 11:30 बजे खोला जाएगा।

संख्या: 570–सिग–पी.स.–निविदा–130 दिनांक: 01.02.2024 345/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला

भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम, आरसीएफ द्वारा निम्नलिखित मदों के लिए ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:-

क्र. सं.	निविदा सं. एवं नियत तिथि	विवरण	मात्रा (नग/सेट)	धरोहर राशि (रु.)
1.	16231210 23.02.2024	एमआईजी/एमएजी एयर कूल्ड वेल्डिंग टॉर्च 350 एएमपी	333 नग	69,940/-
2.	17221168F 07.03.2024	एलएचबी एसी इकोनॉमी कोचों हेतु स्पेयर इंटीरियर फिटिंग्स का सेट	50 सेट	00
3.	17231560 19.02.2024	एलएचबी एसी हॉट बुफे कोचों हेतु एफआरपी साइड वॉल पैनलों का सेट	25 सेट	1,75,750/-
		एलएचबी एसी हॉट बुफे कोचों हेतु एफआरपी सीलिंग शीट असेम्बलीज का सेट	25 सेट	
4.	17241037 22.02.2024	एलएचबी एसी हॉट बुफे कोचों हेतु एम.एस. कॉरूगेटेड शीट सहित सीट्स एवं बर्थ्स का सेट	24 सेट	76,990/-
5.	14241014 23.02.2024	कम्प्रैग प्लाइवुड (03 टाईप्स)	1465 नग 3996 नग 2493 नग	3,95,080/-
6.	14231227A 21.02.2024	फायर रिटारडेंट रबर आधारित एडहेसिव	1275 सेट	1,15,850/-
7.	12241009A 29.02.2024	मेमू/3 पीएच हेतु एल्यूमीनियम फ्लोर स्कर्टिंग प्लेट लंबाई 3.7 मीटर	1799 नग	51,970/-
8.	01241026 29.02.2024	सेन्टरिंग डिस्क	17000 नग	2,80,840/-
9.	01241025 26.02.2024	मेमू बोगियों हेतु लीवर का सेट	227 सेट	1,57,500/-
10.	02241052 23.02.2024	केबल मार्किंग सिस्टम	781 सेट	1,41,410/-
11.	02231011A 26.02.2024	3 फेज मेमू हेतु नेटवर्किंग प्रणाली सहित सीसीटीवी सर्विलांस प्रणाली	26 सेट	2,85,890/-

1. विवरण और ऑनलाइन निविदाएँ प्रस्तुत करने के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in देखें। आरेखण/विशिष्टियाँ, जहाँ भी जरूरी होगा, आरसीएफ वेबसाइट http://www.rcf.indianrailways.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। ऑनलाइन बोली देने हेतु अपेक्षित श्रेणी IIIबी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट को http://www.cce.gov.in में सूचीबद्ध लाइसेंस प्राप्त प्रमाणित एजेंसियों से प्राप्त किया जा सकता है। **2.** निविदाएँ निर्धारित तिथि को 14.25 बजे बंद होंगी तथा 14.30 बजे खोली जाएंगी। क्र.सं. 1 से 7 तक की निविदाएँ आरसीएफ, कपूरथला में तथा क्र.सं. 8 से 11 तक की निविदाएँ तिलक ब्रिज, नई दिल्ली में खोली जायेंगी। **3.** पूछताछ के लिए संपर्क करें: आईआरईपीएस हेल्पडेस्क 011-24102855, 011-24105180 या आरसीएफ हेल्पडेस्क 011-23378658 में।

टिप्पणी : आरसीएफ का जीएसटी नम्बर 03AAAGM0289C1ZT है। सभी आपूर्तिकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि उनके द्वारा की गई आपूर्तियों हेतु प्रेषण दस्तावेजों में इसे उद्धृत करें। पीसीएमएम

शुद्धि पत्र

निविदादाता निम्नलिखित संशोधन नोट करें – 1. पीए सिस्टम हेतु निविदा सं. 02231462 के तहत नियत तिथि को 25.01.2024 के स्थान पर 08.02.2024 पढ़ें। **2.** विशिष्टि संख्या Mech/M&P/3800/03 Rev. 03 के अनुसार ईओटी क्रेन क्षमता 20 टन के प्रापण हेतु निविदा सं. 13235423 के तहत नियत तिथि को 29.01.2024 के स्थान पर 08.02.2024 पढ़ें। **3.** विशिष्टि संख्या Mech/M&P/3700/GM/07 Rev.-04 के अनुसार ईओटी क्रेन क्षमता 10 टन के प्रापण हेतु निविदा सं. 13235109A के तहत नियत तिथि को 29.01.2024 के स्थान पर 08.02.2024 पढ़ें। **4.** निविदा सं. 14231255 के तहत नियत तिथि को 31.01.2024 के स्थान पर 12.02.2024 पढ़ें। **5.** एलएचबी एसी 3 टियर कोचों हेतु नॉन एसी एरिया सीलिंग अरेंजमेंट के प्रापण हेतु निविदा सं. 12231399 के तहत नियत तिथि को 29.01.2024 के स्थान पर 08.02.2024 पढ़ें। **6.** भारतीय रेल पर मौजूदा 3 फेज ईएमयू/मेमू रेकों में रेट्रोफिटमेंट आधार पर अलार्म प्रणाली सहित स्वचालित स्मोक/फायर डिटेक्शन की आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग हेतु निविदा सं. 17231475A के तहत नियत तिथि को 31.01.2024 के स्थान पर 15.02.2024 पढ़ें। **7.** निविदा सं. 14231266 के तहत (i) नियत तिथि को 29.01.2024 के स्थान पर 08.02.2024 पढ़ें। **(ii) पात्रता मानदंड संशोधित किया गया है। 8.** डायरेक्ट पार्ट मार्किंग मशीन के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, संस्थापना, कमीशनिंग एवं प्रूव आउट हेतु निविदा सं. 13235365 के तहत (i) नियत तिथि को 05.02.2024 के स्थान पर 15.02.2024 पढ़ें। **(ii)** प्री-बिड कॉन्फ्रेंस को **'नहीं'** के स्थान पर 31.01.2024 प्रातः 11:00 बजे पढ़ें। **अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेंगी।** पीसीएमएम

आर.ओ. सं. 150-S/2023-24 दिनांक 01.02.2024

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

कठिन दिनों की तकलीफें
• कमर व उन दिनों के दर्द • खून की कमी • कमज़ोरी • चिड़चिड़ापन
• थकान • हार्मोन्स की गड़बड़ी • खून साफ़ करे • रूप निखारे आदि में सहायक
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
* Source: Brand Research Report, IBC 2018

ब्रुसेल्स में किसानों का उग्र प्रदर्शन

बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में गुरुवार को यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान किसानों ने अपना विरोध दर्ज कराया। बेल्जियम और अन्य यूरोपीय देशों के किसानों ने यूरोपीय संसद का मार्ग ट्रैक्टर लगाकर अवरुद्ध कर दिया। महंगाई, टैक्स आदि मुद्दों पर गुस्साए किसानों ने वहां आगजनी की, साथ ही पत्थर और अंडे भी फेंके। किसानों को पीछे धकेलने के लिए पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछारें कीं।

तकनीक 30s

व्हाट्सऐप पर पूरे महीने की रिपोर्ट बन जाएगी

व्हाट्सऐप एक नए ऑटोमैटिक अकाउंट रिपोर्ट फीचर पर काम कर रहा है। यह अपने आप किसी भी अकाउंट और चैनल की मंथली रिपोर्ट जेनरेट करेगा। हालांकि, इसका उपयोग करने के लिए फीचर को इनेबल करना होगा। इस फीचर को भविष्य में आने वाले अपडेट के साथ लाया जा रहा है। वेबसाइट वेबीटाइंफो ने इसके बारे में जानकारी दी है। यह फीचर अकाउंट और चैनल्स दोनों के लिए आ रहा है। सबसे पहले बीटा यूजर के लिए जारी किया जाएगा।

एप्पल ने विजनओएस 1.0.2 अपडेट जारी किया

एप्पल ने विजनओएस 1.0.2 जारी किया है। यह सॉफ्टवेयर विजन प्रो पर चलता है। इसमें सफारी और अन्य वेब एप्लिकेशन को पावर देने वाले ब्राउजर इंजन वेबकिट में भेद्यता को ठीक करना शामिल है। कंपनी के अनुसार, यदि बग का फायदा उठाया जाता है, तो यह दुर्भावनापूर्ण कोड को प्रभावित डिवाइस पर चलाने की अनुमति देता है। तकनीकी दिग्गज ने विजन प्रो हेडसेट के लिए अपना पहला सुरक्षा पैच जारी किया है, ताकि उस भेद्यता को ठीक किया जा सके।

गूगल बॉर्ड चलाने के लिए पैसे देने होंगे

अल्फाबेट ने जेमिनी अल्ट्रा आर्किटेक्चर द्वारा संचालित अपने अपकमिंग चैटबॉट, बॉर्ड एडवांस के लिए सब्सक्रिप्शन प्लान का ऐलान कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेमिनी अल्ट्रा के मूल में, हाईटेक एआई टूल टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो, वीडियो और कोड सहित विभिन्न तौर-तरीकों में जटिल कार्य करने के लिए तैयार है। सुंदर पिचाई ने कहा, यह (बार्ड) अब जेमिनी प्रो द्वारा संचालित है। उम्मीद है कि यूजर को 10 से 20 डॉलर की रकम चुकानी पड़ सकती है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई–नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर और पार्सल वान** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई–नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

क्रम संख्या	ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय	एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है
1.	02.02.2024 को 10:30 बजे	12191 (F1, F2 & R1), 12457 (F1, F2 & R1), 12572 (F1), 12918 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 15657 (F1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22482 (F1)
2.	05.02.2024 को 10:30 बजे	22168 (F1), 20473 (F1), 20409 (F1, 14731 (F1), 20473 (R1), 22950 (F1), 15060 (F1), 12066 (F1), 12428 (F1), 14731 (R1), 22168 (F2), 15060 (R1), 22986 (F1), 13430 (F2), 20488 (F1)
3.	06.02.2024 को 10:30 बजे	12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1), 22438 (F1)
4.	07.02.2024 को 10:30 बजे	01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर **प्रत्येक गाडी में** - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 **तथा** 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर **गाड़ी संख्या** : 22418/22417
5.	09.02.2024 को 10:30 बजे	12284 (F1), 14014 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 22168 (R1), 22404 (F1), 22418 (F1), 22654 (F1)
6.	12.02.2024 को 10:30 बजे	12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12432 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 15035 (F2), 22454 (F1, F2 & R1), 22461 (F1)
7.	13.02.2024 को 10:30 बजे	04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12986 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 20502 (F1), 22806 (F1)
8.	14.02.2024 को 10:30 बजे	12045 (F1), 12265 (F), 12754 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1)
9.	15.02.2024 को 10:30 बजे	12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14553 (R1)

महत्वपूर्ण सूचना: 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **338/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंताजनक : बढ़ते तापमान के बीच सांस नहीं ले पा रहे पेड़-पौधे

अवशोषित होने की जगह वायुमंडल में वापस आ रहा कार्बन डाइऑक्साइड

खतरे में धरती

- वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड का अवशोषण कम होने से पर्यावरण पर असर होगा
- वैज्ञानिकों ने इसके पीछे मुख्य कारण उच्च तापमान और पानी की सप्लाई में कमी बताया

लंदन, एजेंसी। वातावरण में मौजूद कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़ जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में मदद कर रहे थे लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। हालिया शोध में पेड़ों को लेकर डराने वाली यह बात सामने आई है। इसके अनुसार, पेड़ों में सांस लेने और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की क्षमता कम हो गई है।

गर्म और सूखे जलवायु के कारण वायुमंडल से कार्बन डाई ऑक्साइड के अवशोषण की प्रक्रिया में पेड़ पौधे असफल हो रहे है।

कार्बन को अवशोषित करने में सफल नहीं

सामान्यतया प्रकाश संश्लेषण के जरिए पेड़ हवा में मौजूद कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। यह उनकी वृद्धि में सहायक होता है। हालांकि उच्च तापमान और सीमित पानी की सप्लाई से यह प्रक्रिया विपरीत दिशा में चल रही है, जिसमें पेड़ कार्बन डाई ऑक्साइड को वापस वायुमंडल में छोड़ देते हैं, इसे 'फोटो-रेस्पिरेशन' नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार फोटो-रेस्पिरेशन की दर दोगुनी हो गई है, जिसके पीछे गर्म जलवायु और पानी की कमी मुख्य कारण है। ऐसी प्रतिक्रिया दिन के तापमान में की बढ़ोतरी होने के बाद होती है।

पुरानी लकड़ी पर शोध करेंगे वैज्ञानिक

अब वैज्ञानिक जीवाश्म का रूप ले चुके लकड़ी पर शोध करने की योजना बना रहे हैं ताकि दस हजार साल पहले फोटो-रेस्पिरेशन का दर पता लग सके। इनका कहना है कि लकड़ी में मौजूद कुछ आइसोटोप विशेषकर मेथॉक्सिल समूहों से इसका पता लगेगा। अध्ययन के मुख्य लेखक और पेन स्टेट के जियोसाइंस के रिसर्च प्रोफेसर मैक्स लॉयड ने कहा, 'वृक्ष कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से अवशोषित करने के बजाए वापस भेज रहे हैं। इस प्रक्रिया को फोटो रेस्पिरेशन कहते हैं जो सामान्य नहीं है।'

तारों के अध्ययन को बनाया कैमरा

चिली, एजेंसी। चिली में एक कैमरा बनाया गया है जो अंतरिक्ष के कोने-कोने को खंगालेगा। उत्तरी चिली में खगोलविदों ने कार के आकार का नया कैमरा तैयार किया है। यहां के पहाड़ों पर कई दूरबीन लगे हैं जिससे खगोलविद अंतरिक्ष में तारों और ग्रहों के समूहों का अध्ययन करते हैं।

सर्दियों में बढ़ जाता है बालों का झड़ना# और रूसी
असरदार उपाय के लिए चुनें केवल एक्सपर्ट

बाल झड़ना रोके#। नए बाल उगाए
सर्दियों में ठंड बालों की प्राकृतिक नमी छीन लेती है, जिससे बाल रूखे एवं कमज़ोर होकर झड़ने# लगते हैं और रूसी की समस्या भी बालों को घेर लेती है। ऐसे में आपके बालों को खास ज़रूरत है **केश किंग–भारत के नं. 1$ हेयरफॉल एक्सपर्ट** की।
क्लिनिकल टेस्ट ने प्रमाणित किया है कि **21**जड़ी–बूटियों वाला **केश किंग आयुर्वेदिक तेल** न केवल **बालों का झड़ना# रोके**, साथ ही **नए बाल उगाने में भी मदद करे**।
"तो अब सर्दियों में हेयरफॉल नहीं, पाएं सेहत से भरे सुन्दर बाल।
I trust only Kesh King Oil & Shampoo"
शिल्पा शेट्टी, सुपरस्टार

International Certificate
Very effective in decreasing hairfall and encouraging hair re-growth.
CLINICALLY PROVEN

^₹49/- (सभी कर सहित) **30ml** के लिए. *₹65/- (सभी कर सहित) **80ml** के लिए. #अगस्त 2018 में आयोजित किए क्लिनिकल अध्ययन के परिणामों के आधार पर. स्रोत: आयुर्वेदिक तेल पर कैन्टर वर्ल्ड पैनल के आंकड़े, अप्रैल 2020 से मार्च 2022.

KUTCHINA THE KITCHEN EXPERTS
Stylish Design Superior Performance
UP TO 25% OFF

MODULAR KITCHEN | KITCHEN APPLIANCES | WATER HEALTHIFIERS | MODULAR WARDROBES | SMALL APPLIANCES
Toll free: 1800 4197 333 | www.kutchina.com | follow us on @kutchinaconnectofficial
AUTHORISED DISTRIBUTOR: West Delhi - Ersheen Enterprises-9953785583 South Delhi - B.L Enterprises-9811385888 North Delhi - Shyama Trading Co.-9313317228 Noida - Gouri Trading Company-7838075706 Ghaziabad Trans Hindon - ASR Lights-9350316555 Faridabad - Super Products-9810931777 Gurgaon City - Shri Siddhivinayak Enterprises-9599333313 Gurugram Outer - Dinesh electrical-9891920053
STATE TRADE ENQUIRY CONTACT NO-7827737677
Find us at : amazon Flipkart croma Reliance digital spencer's

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : **शशि शेखर** *प्रबंध संपादक :* ***प्रताप सोमवंशी**** दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।